संसेक्स 71,645.30 ▲ -106.81
डॉलर 82.968 ▼ -0.115

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 12.0 | 15.0 |
| धनबाद | 25.0 | 12.0 | 19.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 16.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 18.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 02 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 107, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ‘अंतरिम बजट’ गरीब, युवा व नारी को समर्पित ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
मुझे आर्या का दर्द ऐसा लगता है, जैसे यह ...12 देश/विदेश




## सूचना

‘राष्ट्रीय नवीन मेल’ कम से कम कीमत में एक साफ सुथरा अखबार आपको देने की नीति पर चलता रहा है पर महंगाई और न्यूज प्रिंट के मूल्य में वृद्धि के कारण आज से इसकी कीमत में मामूली वृद्धि कर तीन रुपए कर दी गई है। आशा है आप सभी का सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,510
चांदी (किलो) 71,390

# छोटा बजट बड़ी उम्मीद

- महिलाओं-किसानों के लिए कई ऐलान
- जीएसटी संग्रह दोगुना होकर 1.66 लाख करोड़ हुआ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम केंद्रीय बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में महिलाओं और किसानों के लिए कई ऐलान किए हैं, लेकिन करदाताओं को अभी कोई राहत नहीं दी है। वित्त मंत्री ने परंपरा को निभाते हुए अंतरिम बजट में टैक्स दरों को अपरिवर्तित रखा है। तीन लाख रुपये तक की आय ही टैक्स फ्री है। सीतारमण का यह छठा और मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है। सीतारमण ने अपने 58 मिनट लंबे बजट भाषण में कहा कि राजकोषीय घाटा 5.1 फीसदी रहने का अनुमान है। बजट 44.90 लाख करोड़ रुपये का खर्च है और 30 लाख करोड़ रुपये का राजस्व आने का अनुमान है। अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2024-25 में देश के बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय को 11 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 फीसदी करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में पूंजीगत व्यय तीन गुना होने से आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन पर कई गुना प्रभाव पड़ा है। सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 साल में 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को 70 फीसदी आवास महिलाओं को मिले हैं। वित्त मंत्री ने कहा, हमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, उनकी जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

## इनकम टैक्स में राहत नहीं : 3 लाख तक रहेगी टैक्स फ्री




### 87ए के तहत 7.5 लाख रुपए तक टैक्स छूट

सरकार ने अंतरिम बजट में आम आदमी को इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी है। पुरानी टैक्स रिजीम चुनने पर अभी भी आपकी 2.5 लाख रुपए तक की इनकम ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत आप 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बचा सकते हैं। वहीं नई टैक्स रिजीम चुनने पर पहले की तरह ही 3 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स नहीं देना होगा। इसमें भी इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत सैलरीड पर्सन 7.5 लाख रुपए तक की इनकम पर और अन्य लोग 7 लाख तक की इनकम पर टैक्स छूट पा सकते हैं।


**1962 से 2015 तक के मामलों में टैक्स छूट**: इस बार टैक्स के पुराने पेंडिंग मामलों को लेकर राहत दी गई है। इसके तहत 1962 से वित्त वर्ष 2009-10 तक के पेंडिंग डायरेक्ट टैक्स के मामलों में टैक्स माफ कर दिया जाएगा। हालांकि ये तभी होगा जब आप पर 25000 रुपए तक का टैक्स बन रहा हो।

**इसे उदाहरण से समझते हैं:** मान लीजिए आप पर 2005 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को 20 हजार की देनदारी बन रही है। इस नए नियम के आने के बाद आपको अब ये पैसे डिपार्टमेंट को नहीं चुकाने होंगे। यानी आपकी ये देनदारी माफ कर दी जाएंगी। इसी तरह 2010-11 से 2014-15 के बीच पेंडिंग ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बजट की मुख्य बातें

- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ।
- 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे।
- 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल योजना का लाभ मिला है।
- इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं।
- 1 करोड़ टैक्स पेयर्स को मिलेगा फायदा।
- कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा।
- यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा।
- तीन रेल कॉरिडोर शुरू किए जाएंगे।
- महिलाओं की उद्यमशीलता 28 प्रतिशत बढ़ी।
- देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया।
- चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का फायदा मिला।
- सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9-14 साल की बच्चियों का टीकाकरण होगा।
- आयुष्मान भारत का फायदा अब सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स को मिलेगा।
- सरकार 3 करोड़ मकानों के लक्ष्य के करीब।
- 11.8 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है।
- 4 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का फायदा मिला है।
- पीएम किसान संपदा योजना से 38 लाख किसान हुए लाभान्वित।

## ‘यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है’



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए इसे केवल एक अंतरिम बजट नहीं बल्कि एक समावेशी और अभिनव बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी देता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह समावेशी और अभिनव बजट है। इसमें निरंतरता का आत्मविश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा, निर्मला सीतारमण का बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। यह बजट 2047 तक विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट युवा भारत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने बजट में लिए गए दो महत्वपूर्ण निर्णयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रिसर्च और इनोवेशन के लिए एक लाख करोड़ रुपये का फंड बनाने की घोषणा की गई है। उन्होंने बजट में स्टार्टअप्स के लिए टैक्स छूट के विस्तार पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए कैपिटल एक्सपेंडिचर को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है। अर्थशास्त्रियों की भाषा में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक प्रकार का स्वीट स्पॉट है। उन्होंने कहा कि यह भारत में 21वीं सदी के आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने वंदे भारत मानक की 40,000 आधुनिक बोगियों का निर्माण करने और उन्हें सामान्य यात्री ट्रेनों में स्थापित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### विनय चौबे ने नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव का पद छोड़ा

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद आईएएस विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव के पद का परित्याग कर दिया है। विनय चौबे 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

### जेपीएससी के लिए आज से भरा जाएगा फार्म

**रांची।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के लिए आवेदन शुक्रवार से किया जायेगा। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा-2023 के लिए अधिसूचना 27 जनवरी को जारी की थी। इस बार झारखंड पीसीएस परीक्षा 342 पदों के लिए किया जाना है। झारखंड सिविल सेवा परीक्षा-2023 के लिए उम्मीदवार जेपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन कर सकते हैं।

## राज्यपाल ने चंपई की दावेदारी पर निर्णय आज पर टाला

# झारखंड में सरकार का संकट और सस्पेंस गहराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नई सरकार का संकट और सस्पेंस गहरा गया है। झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के नए नेता चंपई सोरेन ने गुरुवार शाम राजभवन पहुंचकर सरकार के लिए एक बार फिर दावेदारी पेश की, लेकिन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वह इस बारे में अपना निर्णय अगले दिन बताएंगे। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक परामर्श मांगा है, जो अब तक नहीं मिला है। गुरुवार रात तक राज्य में यथास्थिति बनी रहेगी। दरअसल, हेमंत सोरेन ने बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे सीएम पद से इस्तीफा दिया था। इसके तुरंत बाद चंपई सोरेन ने 43 विधायकों के हस्ताक्षर वाला पत्र राज्यपाल को सौंपकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। उन्होंने कहा था कि हमें कुल 47 विधायकों का समर्थन हासिल है, लेकिन, चार विधायक अभी राज्य के बाहर हैं। सरकार बनाने के लिए विधायकों की जरूरी संख्या 43 है और राज्यपाल अगर इजाजत दें तो हम इनकी परेड कराने को तैयार हैं। लेकिन, 22 घंटे से ज्यादा वक्त गुजरने के बाद भी राज्यपाल ने उनकी दावेदारी पर निर्णय नहीं लिया। अब उन्होंने शुक्रवार सुबह तक के लिए अपना फैसला स्थगित रख लिया है। इस बीच हेमंत सोरेन गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेशी के बाद रांची के बिरसा मुंडा जेल भेजे गए हैं और अब राज्य में इस बात को लेकर संदेह और सस्पेंस बना हुआ है कि 31 जनवरी की रात 8.30 बजे के बाद से किसकी सरकार है? क्या नई सरकार बनने तक हेमंत सोरेन राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं और फिलहाल राज्य की सरकार उनके नाम पर चल रही है? गुरुवार को राजभवन गए चंपई सोरेन ने राज्यपाल को उन सभी 43 विधायकों की गिनती का वीडियो दिखाया, जिनके समर्थन के आधार पर वे सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। राज्यपाल से मुलाकात के वक्त चंपई सोरेन के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हेमंत सोरेन होटवार जेल भेजे गए, रिमांड पर फैसला शुक्रवार को



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का नया ठिकाना होटवार जेल के अपर डिवीजन सेल के ब्लॉक बी में कमरा नंबर-1 है। ईडी कोर्ट में पेशी के बाद इन्हें गुरुवार को सीधे होटवार जेल (बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार) लाया गया। इनकी गुरुवार की रात यहीं बीतेगी। जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन घोटाले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया। ईडी ने दस दिन का रिमांड मांगा। दोनों ओर से बहस होने के बाद अदालत ने हेमन्त सोरेन को एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत रिमांड पर फैसला शुक्रवार को सुनाएगा। हेमंत को बड़गाईं अंचल की 8.45 एकड़ जमीन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हाई कोर्ट में हेमंत सोरेन की दायर याचिका वापस लेने के मामले में बहस पांच फरवरी को



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से गुरुवार को दाखिल क्रिमिनल रिट को वापस लेने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आइए) दाखिल की गयी। सुनवाई के दौरान असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया (एएसजीआई) एसवी राजू ऑनलाइन रूप में दिल्ली से हाई कोर्ट से जुड़े। सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आइए) दाखिल कर कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले को लेकर एक याचिका दाखिल की गई है, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक स्पेशल बेंच बनाया है।सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को होनी है। इसे देखते हुए वह हाई कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका को वापस लेना चाहते हैं। इस पर एएसजीआई एसवी राजू ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वह हेमंत सोरेन के हाई कोर्ट से केस वापस लेने के हस्तक्षेप याचिका (आइए) पर जवाब दाखिल करना चाहते हैं। इस पर हाई कोर्ट के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# न्याय होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए



सुनील बादल

**जब** से झारखंड अलग राज्य की मांग चल रही थी तब से भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दा रहा है और आज भी जब कथित भ्रष्टाचार के आरोप में झारखंड के दूसरे मुख्यमंत्री को जेल की यात्रा करनी पड़ी। यह अलग मुद्दा है कि आरोप क्या है और सच्चाई क्या है यह अभी नहीं कहा जा सकता ? क्योंकि किसी को गिरफ्तार करना सजा दिलाना नहीं है और उन्हें निर्दोष ही माना जाना चाहिए जब तक लालू यादव की तरह सजा निर्धारित न हो जा जाए। क्रिकेट मैच की तरह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ध्वनि प्रभाव और पूरी नाटकीयता के साथ लगातार जो दिखा रही है वह पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की गिरफ्तारी के समय शुरू हुई थी। कहा जा सकता है कि यह एक प्रकार का राजनीतिक दिखावा है जो पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से किया जा रहा है। 1924 में इंग्लैंड के तत्कालीन लॉर्ड चीफ जस्टिस लॉर्ड हेवर्ट द्वारा रेक्स बनाम ससेक्स जस्टिस मामले में एक आदेश दिया गया था जिसमें लिखा था- न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। पूरी न्यायिक व्यवस्था में इसे मूल मंत्र कहा जाता है पर यहाँ मामला उल्टा कहा जा सकता है कि सजा होगी या नहीं पता नहीं पर दिख बहुत कुछ रहा है। मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों में बर्बरतापूर्वक सजा सार्वजनिक स्थानों में दी जाती है जिससे लोग अपराध करने से पहले सौ बार सोचते हैं पर भारत में न्यायिक प्रक्रिया बहुत ही धीमी है, जिसे देर से न्याय न मिलने के समान कहा जाता है।



गणतन्त्र दिवस के अपने भाषण में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कहा था - भ्रष्टाचार को सरकार की इन योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में बाधक नहीं बनने देना चाहिए। किसी भी रूप में और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने 7 अप्रैल 2022 को एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि एक लोकसेवक का भ्रष्टाचार राज्य और समाज के खिलाफ एक अपराध है। जस्टिस एसए नजीर और जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम की पीठ ने इसी आधार पर मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को रद्द कर दिया था। झारखंड के संदर्भ में अगर सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को देखें तो प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल भर के दौरान इसी सच को साबित किया है। झारखंड के दो आइएस अफसर और एक चीफ इंजीनियर की गिरफ्तारी ईडी ने की है। ईडी ने जितने मामलों में हाथ डाला, उनके नए पन्ने खुलते चले गए । जांच की आंच में आने वालों की संख्या बढ़ती गई। साल भर में झारखंड से दो आईएएस को ईडी ने गिरफ्तार किया है। इनमें पहली आईएएस और गिरफ्तारी के वक्त झारखंड की खान सचिव पूजा सिंघल थीं। आज से करीब डेढ़ साल पहले 6 मई 2022 को पूजा सिंघल पर मनरेगा घोटाले की जांच के क्रम में ईडी ने उनके और करीबियों के 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। सिंघल के सीए के घर और दफ्तर से ईडी को 19.31 करोड़ नकद मिले थे। जांच का दायरा बढ़ा तो पता चला कि राज्य में बड़े पैमाने पर खनन के खेल में पूजा सिंघल की संलिप्तता है। ईडी ने उनसे जुड़ी 82.77 करोड़ की संपत्ति फ्रीज कर दी। पूजा सिंघल से कई बार की पूछताछ के बाद आखिरकार ईडी ने 11 मई 2022 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। छापे के अगले ही दिन सिंघल के सीए सुमन कुमार को ईडी ने गिरफ्तार किया था।राजधानी की लगभग 8.5 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में पकड़े गए लोगों की निशानदेही पर ईडी ने भाप्रसे के छविरंजन को गिरफ्तार किया था । आरोप है कि सेना की जमीन बेचने में डीड में गड़बड़ी के लिए डीसी छविरंजन ने ही उन्हें उकसाया। पहली बार उनके कई ठिकानों पर छापेमारी और दूसरी बार की पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें लालघर का रास्ता दिखा दिया है। जमीन घोटाले में दलाल और अन्य समेत सात लोग पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दलालों को सामने बिठा कर ईडी अफसरों ने जब छविरंजन से पूछताछ की तो उनकी बोलती बंद हो गई। तकरीबन 10 घंटे की पूछताछ के बाद आखिरकार छविरंजन भी सलाखों के पीछे पहुंच गए।प्रवर्तन निदेशालय की टीम झारखंड की प्रभावशाली आईएएस पूजा सिंघल पर मनरेगा घोटाले की जांच के लिए पिछले साल आई थी। जांच ज्यों-ज्यों आगे बढ़ती गई, झारखंड में तरह-तरह के घोटालों की परतें उधड़ती गईं। खनन घोटाला और जमीन घोटाला उसी कड़ी का हिस्सा हैं। इसमें अफसर, दलाल और नेताओं की भूमिका ईडी के सामने आई है। ईडी करीब दर्जन भर लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी खनन घोटाले में ईडी पूछताछ कर चुका है। जमीन घोटाला झारखंड का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला माना जा रहा है। जांच की प्रक्रिया अभी जारी है।

# खनिजों के राजा झारखंड के दामन पर भ्रष्टाचार का दाग

### भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार होने वाले दूसरे सीएम बने हेमंत

### ईडी की कार्रवाई शुरू होने के बाद से ही मंडराने लगा था खतरा



**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** खनिजों के राजा कहे जाने वाले झारखंड के दामन पर लगातार लग रहे भ्रष्टाचार के दाग प्रदेशवासियों को शर्मसार कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार होने वाले हेमंत सोरेन प्रदेश के दूसरे मुख्यमंत्री हैं। वैसे राज्य के प्रथम सीएम बाबूलाल मरांडी को छोड़कर प्रदेश के सभी मुख्यमंत्रियों के दामन दागदार रहे हैं। इसके साथ ही स्थापना के बाद से ही जारी राजनीतिक अस्थिरता प्रदेश की पहचान बनती जा रही है। ईडी द्वारा गिरफ्तार होने के कारण हेमंत अपने दूसरे मुख्यमंत्रीत्व काल में भी कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। झारखंड में अभी तक सिर्फ रघुवर दास ही बतौर मुख्यमंत्री निर्धारित पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। बुधवार की रात हेमंत के इस्तीफे के बाद झारखंड एक बार फिर से राजनीतिक अस्थिरता के चक्र में फंस गया है। राजनीतिक परिपक्वता की कमी कहें या प्रदेश की नियति स्थापना के बाद से ही झारखंड, भ्रष्टाचार व राजनीतिक अस्थिरता का चोली-दामन का साथ रहा है। भ्रष्टाचार के आरोप में जहां पूर्व सीएम मधु कोड़ा जेल की हवा खा चुके हैं। वहीं स्थापना के 23 वर्षों के अंतराल में 11 मुख्यमंत्री बनना तथा तीन बार राष्ट्रपति शासन लगना प्रदेश की राजनीतिक अस्थिरता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। तभी तो झारखंड के साथ ही वर्ष 2000 में अस्तित्व में आये छत्तीसगढ़ व उत्तराखंड विकास के मामले में जहां काफी आगे निकल गये हैं। वहीं तमाम बहुमूल्य खनिज संपदाओं से परिपूर्ण होने के बाद भी झारखंड आज भी बीमारू राज्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल

**हुसैनाबाद।** जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग पर नहर मोड के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 35 वर्षीय बबन ठाकुर व 50 वर्षीय शंभू प्रसाद मेहता घायल हो गये। राहगीरों की मदद से दोनों को उपचारार्थ अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया। दोनों घायल बैरांव के निवासी बताये जा रहे हैं।

### ब्रेन हेमरेज से सेवानिवृत्त कर्मी की मौत, शोक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी सह सेवानिवृत्त विद्युत कर्मी निजामुद्दीन 80 वर्ष की बुधवार की शाम ब्रेन हेमरेज होने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में स्थानीय एक चिकित्सक ने उनके घर पहुंचकर उनकी जांच की। जांच के बाद चिकित्सक ने उनकी मौत होने की पुष्टि की। मौत की खबर सुनकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को उनके जनाजे की नमाज के बाद गांव से कुछ दूरी पर स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके निधन पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, बसपा नेत शेर अली, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, विद्युत कर्मी मो. उबैद, जितेंद्र ठाकुर, समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**पांकी।** पुलिस ने पांकी थाना कांड संख्या 72/18 के आरोपी लातेहार के कोने गांव निवासी जेजेएमपी नक्सली पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा के घर पर इश्तेहार चिपकाया। एसआई कुंदन पासवान के अनुसार पांकी थाना क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों में शामिल होकर ग्रामीणों के साथ मारपीट के मामले में वह आरोपी है।

### कार्य समिति सदस्य ने नये जिला अध्यक्ष को दी बधाई

**पाटन।** नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी को भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान ने गुलदस्ता देखकर सम्मानित किया। साथ में जिला कार्य समिति सदस्य वशिष्ठ पाण्डेय, पड़वा प्रखंड अध्यक्ष जमुना सिंह ने भी सम्मानित किया। श्री पासवान ने कहा कि श्री तिवारी विद्यार्थी परिषद एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के साथ पांकी विधानसभा के प्रत्याशी भी रह चुके हैं। युवा नेता के जिला अध्यक्ष बन जाने से अब पलामू लोकसभा सीट, तथा विधानसभा सीट पर भाजपा का डंका बजेगा।

# डरा-धमकाकर बनाया शारीरिक संबंध

### आपत्तिजनक फोटो किया वायरल, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में डरा-धमकाकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद युवती का अश्लील फोटो वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र निवासी युवती ने गांव के ही युवक के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने आरोप लगाया कि चंदन कुमार पासवान पिछले तीन वर्षों से उसे परेशान किया करता था। उसने डरा-धमकाकर जपला शहर स्थित अपने दोस्त के कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया और आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिया। उसके बाद उसके भाई की हत्या की धमकी देकर अक्सर छेड़छाड़ करने लगा। हद तो तब हो गयी जब 29 जनवरी को जपला स्थित उसके कॉलेज पहुंचकर छेड़छाड़ करने लगा। कॉलेज के प्रोफेसरों ने उसे कॉलेज से भगाकर किसी प्रकार उसे बचाया। उसके बाद उसने आपत्तिजनक फोटो और वीडियो उसकी मां के मोबाइल नंबर पर भेज दिया और धमकी देता है कि मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी समीर तिर्की ने बताया कि युवती के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें अनुपालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर हैदरनगर में प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, एसआई आजाद अंसारी व प्राचार्या गंगा अग्रवाल के नेतृत्व में स्कूली छात्राओं ने गुरुवार को हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर रैली निकाली। रैली में शामिल छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबधित विभिन्न श्लोगन लिखे तख्ती हाथ में लेकर नारा लगाते हुये क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया। इस दौरान छात्राओं ने नागरिकों को बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन कदापि न चलायें तथा वाहन चलाते समय आवश्यक कागजात साथ में लेकर ही चलें। प्राचार्या गंगा अग्रवाल ने छात्रों से कहा कि आपातकलीन स्थिति में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद करना सभी का नैतिक दायित्व है। मौके पर शिक्षक मो. रफत सिद्दीकी, आशीष मिश्रा मौजूद रहे।




### बेतला नेशनल पार्क से सॉफ्ट रिलीज सेंटर में लाये जायेंगे चीतल

# पीटीआर में पहुंचा बोमा ट्रक, चीतलों के लाने का मार्ग प्रशस्त

**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में जबलपुर मप्र से बोमा ट्रक पहुंच गया है। इससे अब पीटीआर में बेतला नेशनल पार्क से चीतलों के लाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बोमा ट्रक से लगभग 250 चीतलों को पलामू टाइगर रिजर्व के अंदर बने चार सॉफ्ट रिलीज केंद्रों में छोड़ा जायेगा। विदित हो कि बोमा ट्रक वन्य प्राणियों को एक जगह से दूसरी जगह तक लाने ले जाने में काफी उपयोगी हैं। मध्य प्रदेश स्थित टाइगर रिजर्व में बोमा तकनीक का व्यापक पैमाने पर प्रयोग किया जाता है। वहां के अधिकारी इसका उपयोग कई वर्षों से कर रहे हैं।



### पीटीआर में बोमा तकनीक का पहला प्रयोग

पलामू टाइगर रिजर्व में बोमा तकनीक का पहली बार प्रयोग हो रहा है। पहली बार यहां चार चक्के की गाड़ी से चीतलों को लाने का कार्य किया जायेगा। बोमा ट्रक की कुल लागत 27 लाख 50 हजार रुपये है।

### लोकैया व हिरण डेगवा में छोड़े जायेंगे चीतल

पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि सबसे पहले चीतलों को लोकैया और हिरण डेगवा में बने सॉफ्ट रिलीज सेंटर में छोड़ा जायेगा। क्योंकि यहां चीतलों के मन मुताबिक घास उपलब्ध है।

### एक बार में लाये जायेंगे 10 चीतल

कुमार आशीष ने बताया कि बोमा ट्रक से एक बार में 10 चीतलों को लाया जा सकता है। पांच मादा चीतल पर एक नर चीतल को लाने की योजना है। इस कार्य के लिये अनुभवी चालक संजय कुमार सिंह की तैनाती की गयी है। 15 फरवरी तक चीतलों की पहली खेप आने की संभावना है।

# जल यात्रा के दौरान वाहन से गिरे युवक की मौत

### माता-पिता का इकलौता पुत्र था मुबारकपुर का ओमप्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनबाद।** मुबारकपुर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ के दौरान निकली जल यात्रा के दौरान वाहन से गिरकर घायल युवक की उपचार के दौरान रांची के निजी चिकित्सालय में मौत हो गयी। विदित हो कि 27 जनवरी को जल यात्रा के दौरान अमित कुमार सिंह का इकलौता पुत्र ओमप्रकाश एक वाहन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। एमएमसीएच से उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। परिजन रांची स्थित सेम्फोर्ड अस्पताल में उसका उपचार करा रहे थे। इसी दौरान उसकी मौत हो गयी। बुधवार को गांव के ही श्मशान घाट पर युवक का अंतिम संस्कार किया गया। युवक के मौत की खबर लगते ही जहां गांव में मातम छा गया है। वहीं परिजनों में कोहराम मचा है। स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय कुमार तिवारी आदि ने युवक की मौत पर शोक जताया है।

# मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल का हुआ उदघाट्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के पिरोजी कौवाखोह मेन रोड़ स्थित महावीर स्वास्थ्य संस्थान अंतर्गत संचालित डॉ. विनोद इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल का विधिवत उद्घाटन पूजा- अर्चना के बाद बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख प्रदीप कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। संस्थान के व्यवस्थापक डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि इस अस्पताल में जेनरल मेडिसिन, जेनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी रोग, बाल रोग, नेत्र रोग आदि का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। महावीर स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ. बिनोद कुमार ने बताया कि संस्थान में डी फार्मा, एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए नामांकन जारी है। इस मौके पर डॉ. चंदन कुमार, डॉ. सपना कुमारी, लल्लू लाल प्रसाद, रामानुज पांडेय, राजेश्वर सिंह, पंसस शीलू सिंह, अर्जुन गुप्ता, अमित सिंह, शिक्षक बिंदेश्वरी राम, बबलू कुमार सिंह, श्रवण कुमार, दीपक कुमार, रघुनाथ मेहता, डॉ. विरेंद्र कुमार, पप्पू कुमार, विनोद सिंह, पंकज कुमार, अजय मेहता, अमिताभ, उपेंद्र कुमार सिंह, मनोज सिंह मौजूद थे।



# ग्राम सभा में चयनित हुआ कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण का ठेकेदार

### प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया मौका मुआयना, दिये निर्देश

### पुलिस व जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वोटिंग से सुलझा दो गुटों का विवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड अंर्तगत चौकड़ी पंचायत के भिखा बिगहा में कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण में ठेकेदारी करने को लेकर एक ही समुदाय के दो गुटों के मध्य विवाद उत्पन्न हो गया। जिससे काम अवरुद्ध होने व तनाव की सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी सह प्रभारी थाना प्रभारी राजीव रंजन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की उपस्थिति में खुले मैदान में ग्रामसभा कर मतदान की प्रक्रिया अपनायी गयी। जिसमें एक पक्ष को 198 जबकि दूसरे पक्ष को 132 मत मिले। इसक बाद सर्वाधिक मत लाने वाले समूह से इस कार्य को कराने का निर्णय लिया गया। जिसके लिये सुहैल अंसारी को अध्यक्ष व अख्तर अंसारी को सचिव नियुक्त किया गया। मौके पर मुखिया शारदा देवी, उपमुखिया बबलू सिंह, समाजसेवी महेन्द्र राम मौजूद रहे।



# तीन कार्य योजनाओं का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पाटन के राजहरा पंचायत के पहरी टोला में पीसीसी पथ एवं सहदेवा गांव में नाली निर्माण कार्य की योजना का बीडीओ अमित झा, सीओ दीपक मिश्रा व मुखिया अजय पासवान ने उद्घाटन किया। बीडीओ ने कहा कि योजनाओं का निर्माण होने से गांव का विकास होगा। 15वे वित्त आयोग की पंचायत स्तर की राशि से उक्त योजनायें दस लाख रुपये की लागत से तैयार की गयी हैं। ग्रामीणों क्षेत्रों में 15वें वित्त आयोग की राशि से आधारभूत सरंचना सुदृढ़ किया जायेगा। मौके पर राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद मेहता, अजित मेहता, बबलू मेहता, कमलेश दुबे, शैलेश कुमार उपस्थित थे।

# सीओ व राजस्व कर्मचारी को दी गयी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता व राजस्व कर्मचारी राजेन्द्र राम के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त सीओ व कर्मचारी को अंगवस्त्र, फूलमाला पहना कर व बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीडीओ रौशन कुमार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित है। उन्होंने अंचलाधिकारी व राजस्व कर्मचारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। सेवानिवृत्त अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता ने कहा कि बहुत ही कम समय के लिए हुसैनाबाद में रहने का अवसर मिला,लेकिन इस बीच यहां की जनता की ओर से ढ़ेर सारा प्यार और स्नेह मिला है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, सीआई अशफाक अहमद,अंचल नाजिर सुनील कुमार सिंह, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, अंचल अमीन बिनय कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर सूर्यप्रताप, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, प्रशांत कुमार, देवेंद्र कुमार मौजूद थे।



# लेवी न देने पर मुखिया संघ के अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

### पीड़ित ने पाटन थाने में आवेदन देकर लगायी सुरक्षा की गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** नौडीहा पंचायत के मुखिया व पाटन प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह को नक्सली संगठन पीएलएफआई द्वारा लेवी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी है। पीड़ित ने पाटन थाने में आवेदन देकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। रणजीत सिंह ने बताया कि एक फरवरी की दोपहर में उनके मोबाइल पर फोन आया। दूसरी तरफ से बोला गया कि वह नक्सली संगठन पीएलएफआई का नवीन बोल रहा है। उसे मुखिया फंड का पांच प्रतिशत लेवी नहीं दिया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पाटन थाना प्रभारी गुलशन ने बताया कि आवेदन में दिये गये मोबाइल नंबर का डिटेल निकलवाया जा रहा है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## कार्रवाई

### डीसी के निर्देश पर डीएमओ की मनातू में बड़ी कार्रवाई

# चार अवैध ईंट भट्ठे ध्वस्त, 13 लाख ईंटें व 255 टन कोयला जब्त

### चार भट्ठा संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला खनन पदाधिकारी ने मनातू के करमाही, घंघरी व हरकटुवा में अवैध रूप से संचालित चार चलंत चिमनी ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई करते ध्वस्त कर दिया। इस दौरान 9 लाख कच्ची ईंट, 4 लाख 50 हजार पक्की ईंट समेत 255 टन कोयला मौके से जब्त किया गया। डीएमओ ने मनातू थाने में संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार करमाही मौजा के ग्राम डुमरिया निवासी राज ब्रिक्स के संचालक शमीम मियां के यहां से 3 लाख कच्ची ईंट, दो लाख पक्की ईंट एवं एक सौ टन कोयला जब्त किया गया है। इसी तरह करमाही मौजा के ग्राम मसुरिया के सिना यादव के भट्ठे से कच्ची ईंट 50 हजार,पक्की ईंट एक लाख व 25 टन कोयला जब्त किया गया है। वहीं जेएमडी ब्रिक्स संचालक घंघरी निवासी राजेश यादव के यहां से कच्ची ईंट-1 लाख 50 हजार,पक्की ईंट-1 लाख 50 हजार व एक सौ टन कोयला जब्त किया गया है। इसी क्रम में साहू ब्रिक्स के संचालक पुराना ग्राम निवासी मनोरंजन कुमार पर भी एफआईआर दर्ज कराया गया है। यहां से 4 लाख कच्ची ईंट व 30 टन कोयले को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई उपायुक्त के निर्देश पर की गयी है।



# स्थानांतरित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शिवसागर बड़ाइक सात वर्षों तक पांकी में कार्यरत रहे। बुधवार को पांकी प्रखंड कर्मियों ने उनके स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाटा एंट्री ऑपरेटर जयंत कुमार ने की। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण मुंडा, अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह, प्रमुख व उप प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर उन्हें सम्मानित किया गया। अंचलाधिकारी ने कहा कि शिवसागर बड़ाइक द्वारा किये गये कार्य सराहनीय रहे। अपने कार्यकाल में उन्होंने जेएसएलपीएस से मिलने वाले हर लाभ को समूह की बहनों तक पहुंचाने में तत्पर रहे। उन्होंने पांकी में महिलाओं को आजीविका से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाये। इनके विदाई पर सखी दीदियों ने मधुर स्वर में स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस दौरान विकास कुमार सीसी को भी विदाई की गई। मौके पर शिवकुमार एफटीसी, राहुल कुमार एडमिन, जयंत कुमार, दीपक कुमार, उदय कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, हरि प्रसाद, मकबूल अंसारी, प्रसाद सिंह, दिनेश उरांव, दिनेश कुमार, राजेश मिस्त्री उपस्थित रहे।



## एक नजर

### एआमं की बैठक में अपने अधिकारों के लिए एकजुटता जरुरी : ब्रह्मदेव

**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच की बैठक शहर के रुद्रा होटल परिसर में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संयोजक मंडल के सदस्य अजय वर्मा ने किया। संचालन कृष्णा बैठा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अधिकार मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि पूरे देश मे ओबीसी की जनसंख्या साठ प्रतिशत से भी अधिक है। लेकिन आज भी हर क्षेत्र में ओबीसी को वंचित रखा जा रहा है। देश की आर्थिक संरचना में कई तरह के विकाज व बदलाव होने के बावजूद भी कोई गुणात्मक परिवर्तन नही हुआ है। आज ओबीसी कई खेमों में बटे रहने के कारण राजनीतिक पार्टियां स्वार्थ सिद्ध कर लेती है। ओबीसी मोर्चा को एकजुटता करने के लिए पलामू प्रमंडल के मेदिनीनगर से बिगुल फूंका गया है। जो पलामू प्रमंडल के सभी प्रखंडों में पिछड़ा वर्ग को एकसूत्र में बांधने का काम कर रही है। अजय भारती, आदित्य कुमार, प्रणव सुमन, सुबोध कुमार, जगदीश राम आदि मौजूद थे।


### बंदी का अस्पताल व स्कूल में ना दिखा कोई असर

**मेदिनीनगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के बाद बंदी का असर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोई असर नहीं दिखा। सामान्य दिनों की तरह ओपीडी चला वहीं मरीजों की संख्या भी अच्छी खासी दिखी। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में दिन के 12 बजे तक साढ़े तीन सौ से अधिक मरीजों का ओपीडी में विभिन्न विभागों में इलाज किया गया। वहीं आउट डोर में इलाज कराने के लिए मेडिसीन विभाग समेत अन्य विभागों में मरीज दिखें। मरीजों को भी आने-जाने में किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। मरीजों ने विभिन्न विभागों में इलाज के लिए पहुंचे वे सभी लाईन में खड़े होकर अपने-अपने बारी का इंतेजार कर चिकित्सकों से इलाज और परामर्श भी लिया।

### जाम के झाम से जूझ रहे नागरिक, ध्वनि प्रदूषण से हाल बेहाल

# लाखों रुपये खर्च फिर भी नहीं शुरू हुआ बैरिया बस स्टैंड



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले की आबादी तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ ही छोटे-बड़े वाहनों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। इससे जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के मध्य स्थित छहमुहान के पास में बस स्टैंड होने से शहर में जाम का झाम आम होते जा रहा है। आलम यह है कि बस स्टैंड के कारण नियमित रूप से शहर में लग रहे भीषण जाम के कारण नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विदित हो कि मेदिनीनगर के बस स्टैंड को बीच शहर से बायपास रोड स्थित बैरिया ले जाने की दिशा में बरसों पहले स्थानांतरित करने की तैयारी की जा चुकी थी। लाखों रूपये खर्च कर बैरिया में बस स्टैंड भवन का निर्माण भी किया जा चुका था। इससे निश्चित ही नागरिकों को जाम की समस्या से निजात मिलती, किंतु बस स्टैंड से संबंधित कई संगठन व यूनियनों ने बस स्टैंड स्थानांतरण का प्रबल विरोध किया। परिणाम स्वरूप योजना धरातल पर नहीं उतर सकी।

**बस स्टैंड से संबंधित कई संगठन व यूनियनों ने बस स्टैंड स्थानांतरण का प्रबल विरोध किया**

**अंतर्राज्यीय बसों का भी होता है संचालन :** मेदिनीनगर बस स्टैंड से प्रदेश की राजधानी रांची, गुमला, धनबाद सहित क्षेत्रीय स्थानों के अतिरिक्त बिहार, छत्तीसगढ़, प. बंगाल, यूपी, मप्र आदि राज्यों के लिये भी बसों का संचालन होता है।

**बोले नागरिक**



बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि बस स्टैंड बैरिया चले जाने से जहां लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। व्यापक जनहित में बस स्टैंड का स्थानांतरण किया जाना चाहिए।



अधिवक्ता रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि समय के साथ बस स्टैंड को बैरिया स्थानांतरित किया जाना उचित नहीं होगा। क्योंकि अब वहां भी रिहायशी क्षेत्र का काफी विस्तार हो गया है। ऐसे में बस स्टैंड को अब अन्यत्र कहीं स्थानांतरित करना चाहिये।



रोशन कुमार का कहना है कि 15 साल से अधिक हो गया लेकिन बैरिया चौक के समीप बस स्टैंड शिफ्ट कराने की कवायद साकार नहीं हो सकी। शहर में बेलगाम जाम की समस्या को दूर करने के लिये बस स्टैंड को स्थानांतरित करने की दिशा में तत्काल पहल जरूरी है।



सुरेंद्र कुमार ने कहा कि अगर बस स्टैंड बैरिया चला जाता है तो यहां का रौनक बढ़ जायेगा। साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के बस स्टैंड को बीच शहर से बैरिया ले जाने की दिशा पर पहल करने की जरूरत है।

### चेड़ाबार-मेदिनीनगर मार्ग पर 38 करोड़ की लागत से बना है पुल

# चालू होने से पहले ही जानलेवा बना कोयल पुल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चेड़ाबार से मेदिनीनगर को जोड़ने वाला कोयल पुल चालू होने के पूर्व ही जानलेवा हो गया है। 38 करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित पुल की जर्जर हालत निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगा रहा है। अभी तक पुल का एप्रोच रोड भी सही से नहीं बन पाया है। इससे पूर्व ही जगह-जगह से पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है तथा कई स्थानों पर सरिया खतरनाक ढंग से बाहर निकल गया है। जबकि आसपास के दर्जनों गांव के लोगों का नियमित रूप से जिला मुख्यालय आने का यही एकमात्र मार्ग है। पुल की खतरनाक स्थिति को देख कभी भी जानलेवा हादसे की आशंका से नागरिक चिंताग्रस्त हैं। लोगों का कहना है कि वर्ष 2018 में यह पुल बनकर तैयार हुआ था, परंतु एप्रोच रोड नहीं बन पाने के कारण अभी तक आवागमन पूरी तरह से सुचारू नहीं हो सका है। लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### गांवों के विकास को मिलेगी गति

# विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड के खोड़ी पंचायत चेगौना धाम के पास तीन कब्रिस्तानों की चहारदीवारी व चार पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का गुरुवार को विधायक पुष्पा देवी ने शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों से गांव के विकास को गति मिलने के साथ ग्रामीणों को भी सहूलियत होगी। पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि चलो गांव की ओर कार्यक्रम के माध्यम से पीएम मोदी ने गांवों की तस्वीर बदलने की मुहिम छेड़ी है। अब इसका सार्थक परिणाम भी दिखाई देने लगा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया पूरन यादव व संचालन विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी ने किया। इस मौके पर जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, छतरपुर युवा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रजापति, वरिष्ठ भाजपा नेता जैनेंद्र यादव, संतोष प्रसाद गुप्ता, नसरुल्लाह अंसारी, सत्यनारायण प्रसाद मौजूद रहे।

### वाहन के धक्के से बुजुर्ग की मौत

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के फूलांग गांव निवासी विश्वनाथ सिंह उम्र 65 वर्ष की सड़क दुर्घटना में गुरुवार की सुबह मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि मृतक रेलवे स्टेशन डाल्टनगंज पर रैक उतरवाने का काम करते थे। गुरुवार की सुबह डाल्टनगंज जाने के लिए वह रामसागर चौक के पास खड़ा होकर ऑटो का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी। मौके पर पहुंची लेस्लीगंज थाने की पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# गांव, किसान व महिलाओं को समर्पित है बजट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड बीजेपी के प्रदेश मंत्री मनोज सिंह ने कहा कि 2024 का अंतरिम बजट गांव किसान महिलाओं को समृद्ध बनाने वाला है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के विकास के साथ-साथ गांव गरीब किसान महिलाओं एवं युवाओं को सशक्त बनाने वाला अंतरिम बजट पेश किया जो सराहनीय है। लोक लुभावन घोषणाओं के विपरीत देश को आर्थिक रूप से विकसित बनाने वाला बजट है, जिससे भारत समृद्ध राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर होगा।

**सभी वर्ग के लोगों के उत्थान का बजट :** पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार के देश के विकास में 10 वर्षों के विकास की गाथा बजट में है। देश के सभी वर्ग के लोगों के उत्थान के उद्देश्य से बजट प्रस्तुत करने का काम केंद्र की सरकार ने किया है। जिसमें प्रमुख रूप से गरीब किसान महिला एवं युवाओं पर फोकस किया गया है। विकसित भारत बनाने में सभी वर्गों की भागीदारी एवं योगदान आवश्यक भी है।इसलिए केंद्र सरकार का यह कदम सराहनीय है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पलामू की जनता के तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

**तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना बजट की विशेषता :** यह बजट अधिक से अधिक महिलाओं पर केंद्रित रहा। गरीब,युवा,अन्नदाता व नारी के रूप में एक नया ओरियंटेशन विकसित करना इसकी विशेषता है।






आयुष्मान भारत में सभी आशा वर्कर्स को सम्मिलित करना, देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना इस बजट की प्रमुख विशेषता है।

**चुनावी लोक लुभावन बजट**

भाकपा (माले ) के नेता मनीष विश्वकर्मा ने बजट को चुनावी लोक लुभावन बजट करार दिया। कहा कि बजट आमजन के हित में नहीं है। बजट में सिर्फ लोक लुभावना घोषणाएं हैं। इसमें 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी का सिर्फ जुमला है।

### जिलाध्यक्ष ने कहा अपने नेता व पार्टी के लिये करेंगे उलगुलान

# जेएमएम कार्यकर्ताओं ने रांची में डाला डेरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में जेएमएम के पांच हजार कार्यकर्ताओं ने रांची में डेरा डाले हुये हैं। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि झामुमो का जन्म ही शोषण व अत्याचार के खिलाफ हुआ है। पार्टी कार्यकर्ता किसी भी जुल्म के आगे सिर नहीं झुकायेंगे। जरूरत पड़ी तो कार्यकर्ता उलगुलान से भी परहेज नहीं करेंगे। भाजपा को आड़े हाथ लेते हुये उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुनी गयी सरकार को अपदस्थ करने की साजिश रचकर केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर आमदा है, किंतु झामुमो साजिश को सफल नहीं होने देगी। मौके पर जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, रमेश सिंह, संजीव तिवारी, चंदन सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, बालकिशुन उरांव, कमाल खान, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुशीला मिश्रा, युवा मोर्चा के सनी शुक्ला, आशुतोष टप्पो, शहबाज खान, सोनम खान आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्र में सरस्वती पूजा की तैयारी जोरों पर, लोगों में उत्साह

# वीणावादिनी की जीवंत प्रतिमा बनाने में जुटे कलाकार

**इस वर्ष पिछले वर्ष के सापेक्ष मूर्ति की मांग में इजाफा हुआ है**

**मूर्ति के सूखने के बाद रंग रोगन कर प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जायेगा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 14 फरवरी को विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती पूजनोत्सव की क्षेत्र में जोरदार तैयारी की जा रही है। सरस्वती पूजा को लेकर मूर्तिकार वीणावादिनी की जीवंत प्रतिमा बनाने में जुटे हैं। मेदिनीनगर शहर के हॉस्पिटल चौक स्थित गीताभवन के पास रहने वाले मूर्तिकार श्याम ने बताया कि अभी से ही मूर्ति की बुकिंग शुरू हो गई है। यहां पांच सौ से लेकर पांच हजार तक के मूल्य की मूर्ति बनाई जा रही है। इस वर्ष पिछले वर्ष के सापेक्ष मूर्ति की मांग में इजाफा हुआ है। मूर्ति के सूखने के बाद रंग रोगन कर प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में भी प्रतिमा का निर्माण जोरशोर से किया जा रहा है। मां सरस्वती की पूजा की तैयारी शैक्षणिक संस्थानों में भी की जा रही है। प्रतिमा के लिये एडवांस देने का काम भी शुरू हो गया है। श्याम कुमार ने बताया कि अभी तक 100 मूर्ति का आर्डर हो चुका है। हालांकि शैक्षणिक संस्थानों में छोटी मूर्तियां ही ज्यादा पसंद की जा रही हैं। ग्रामीण इलाकों में युवाओं द्वारा कमेटी गठित कर पूजा की तैयारी की जा रही है। पूजा पंडालों का भी हो रहा निर्माण मां की प्रतिमा के लिये आर्डर देने के साथ ही आयोजकों द्वारा पूजा के निमित्त पंडालों का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। पंडाल निर्माण के लिय चयनित स्थलों की साफ-सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

### हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर भाजपा नेताओं ने कहा

**मेदिनीनगर।** भ्रष्टाचार के आरोप में ईडी द्वारा सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूल गए थे कि कानून सबसे ऊपर होता है। बुरे काम का बुरा नतीजा। मुख्यमंत्री के साथ यह तो होना ही था। मुख्यमंत्री भूल गए थे कि कानून सबसे ऊपर होता है। काश उन्होंने पदग्रहण के समय ली गयी शपथ का पालन किया होता तो यह दिन नहीं देखना पड़ता। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि कोई भी नेता हो मंत्री या मुख्यमंत्री। जो भ्रष्टाचार करेगा कानून तो कार्रवाई करेगा ही। देश संविधान से चलता है कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने कहा कि कानून से बढ़ कर कोई नहीं होता। हेमंत सोरेन को यह बात पहले ही समझ लेनी चाहिए थी। मुख्यमंत्री के पद की गरिमा बनाए रखने में वे सर्वथा असफल रहे एवं झारखंड राज्य की छवि को भी धूल धूसरित करने का कार्य किया।

### समाजसेवी डॉ. रामजी का निधन

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला निवासी समाज सेवी डॉ. रामजी राम का गुरुवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही आस-पड़ोस के सैकड़ों लोगों की भीड़ उनके आवास पर एकत्रित हो गयी। चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी और अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चंद्रवंशी ने उनके घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की दोपहर कोयल नदी तट स्थित राजा हरिश्चंद्र घाट पर किया गया।

### हेमंत की गिरफ्तारी अनुचितः भाकपा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर देश के विपक्षी नेताओं और मुख्यमंत्रियों के पीछे ईडी लगाया जा रहा है। उसी के तहत झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया गया है जो सरासर गैरकानूनी है। प्रधानमंत्री एक तरफ तो आदिवासियों के विकास की बात करते हैं। वहीं दूसरी ओर आदिवासी मुख्यमंत्री को गलत आरोप लगाकर ईडी के माध्यम से गिरफ्तार कर जेल भेजवाने का काम कर रहे हैं।

### दो शिक्षकेत्तर कर्मियों को दी गई विदाई

मेदिनीनगर। शहर के जनता शिवरात्रि कॉलेज में रिटायर दो शिक्षकेत्तर कर्मियों को विदाई दी गई। प्राचार्य कक्ष में एक सादे समारोह में दो सेवानिवृत शिक्षकेत्तर कर्मियों को विदाई दी गई। शिक्षकेत्तर कर्मी अनूप वर्मा और चमरू सिंह सेवानिवृत हो गए है। प्राचार्य डॉ एस के पांडेय ने दोनों शिक्षकेत्तर कर्मियों के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा काल में रिटायरमेंट एक सतत प्रक्रिया है।

### परेशानी — प्राथमिक शिक्षा की बदहाली का उदाहरण बना जिला मुख्यालय का बुनियादी विद्यालय

# शिक्षक रिटायर्ड, स्कूल बंद, घर लौटे विद्यार्थी




### सीआरपी के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीएसई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में प्राथमिक शिक्षा का हाल बेहाल है। गांवों को छोड़ भी दें तो प्रमण्डलीय मुख्यालय में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की नाक के नीचे शिक्षक के अभाव में स्कूल बंद हैं। यह हाल गुरुवार को मेदिनीनगर शहर में गीता भवन के सामने स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का देखा गया। जानकारी के अनुसार इस विद्यालय में दो शिक्षक कार्यरत थे। जिनमे एक शिक्षिका प्रभा कुमारी पिछले एक माह से अवकाश पर हैं, जबकि दूसरे शिक्षक सह प्रधानाध्यापक बैजनाथ ठाकुर 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गये। नतीजा गुरुवार को कोई शिक्षक स्कूल में नहीं थे। ऐसे में स्कूल बंद रहा। बताया जाता है कि गुरुवार को सुबह जब निर्धारित समय पर बच्चे स्कूल पहुंचे तो स्कूल में ताला लटक रहा था। नतीजन कुछ देर तक बच्चे वहीं खेलते रहे और बाद में वापस अपने घरों को लौट गये। विभागीय सूत्रों के अनुसार उक्त विद्यालय में वर्ग एक से आठ क्लास तक की पढ़ाई होती है। जिसमें करीब 70 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इस बाबत पूछे जाने पर पलामू के जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षक सह हेडमास्टर के रिटायर्ड होने की स्थिति में गुरुवार को स्कूल संचालित रखने की जिम्मेवारी उन्होंने सम्बंधित संकुल के सीआरपी को सौंपी थी। इस बाबत 31 जनवरी को ही कार्यालय से पत्र निर्गत किया गया था, लेकिन सीआरपी स्कूल नहीं पहुंचे। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए माना कि गुरुवार को उक्त स्कूल में किसी शिक्षक या छात्र की हाजिरी उपस्थिति पंजी में दर्ज नहीं हुई। इस स्थिति में इस स्कूल से एक दिन का वेतन भी किसी शिक्षक का नहीं बनेगा। डीएसई ने कहा की शुक्रवार को किसी शिक्षक की पोस्टिंग या डिपुटेशन उक्त विद्यालय में कर दिया जायेगा। बहरहाल बगैर किसी अवकाश के जिला मुख्यालय के किसी सरकारी स्कूल का बंद रहना शिक्षा के प्रति विभागीय पदाधिकारियों की गंभीरता का पोल तो खोल ही रहा है। इसके अलावे यह यहां आने वाले शिक्षक के लिए वेतन भुगतान में समस्या उत्पन्न करने का कारण बन सकता है। विभागीय सूत्रों की माने तो यह स्थिति जिले के करीब एक दर्जन बिद्यालयों में उत्पन्न हुई है। जहां के एकमात्र शिक्षक 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गये हैं।

**डीएसई ने कहा की शुक्रवार को किसी शिक्षक की पोस्टिंग या डिपुटेशन उक्त विद्यालय में कर दिया जायेगा**

### गैर शैक्षणिक कर्मी को शिक्षक बनाना डीएसई का तुगलकी फरमान : किशोर दूबे

मेदिनीनगर। पलामू में डीएसई मनोज कुमार तुगलकी फरमान जारी कर रहे हैं। एकल शिक्षक वाले विद्यालय के शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने के पश्चात संबंधित संकुल के सीआरपी को विद्यालय में पढ़ाने का कार्य सौंपा गया है। सीआरपी अप्रशिक्षित हैं। आरटीई एक्ट-2012 के तहत अप्रशिक्षित कर्मियों को शैक्षिक कार्य में नहीं लगाया जाना है। उक्त बातें बीआरपी - सीआरपी महासंघ के पलामू जिला अध्यक्ष किशोर कुमार दूबे ने कही है। बताया है कि 2017 में महासंघ के द्वारा बीआरपी-सीआरपी को प्रशिक्षित करने हेतु माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी थी। जिसपर तत्कालीन शिक्षा सचिव आराधना पटनायक ने शपथनामा दायर कर कहा था कि बीआरपी - सीआरपी का कार्य शैक्षणिक नहीं है। इसलिए इन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है। श्री दुबे ने बताया कि यदि इस आदेश को माना जाएगा तो अब सीआरपी के एक ही स्कूल में प्रतिनियुक्ति होने से शेष विद्यालय के अनुश्रवण एवं अन्य कार्य प्रभावित होंगे। एक संकुल के अंतर्गत दर्जनों विद्यालय हैं। जिसके अनुश्रवण की पूरी जिम्मेवारी एक ही सीआरपी को रहती है। एक ही विद्यालय में प्रतिनियोजित होने की स्थिति में अन्य विद्यालयों का अनुश्रवण बाधित होगा। ऐसी स्थिति तब उत्पन्न हुई जब जिले के दर्जनों विद्यालय के शिक्षक 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए। इन विद्यालयों में एक शिक्षक पदस्थापित रहने के कारण एक फरवरी से विद्यालय में ताला लटकने की स्थिति हो गई थी। विभाग के द्वारा पूर्व से प्लान नहीं बनाकर आनन-फानन में कोरम पूरा करते हुए सीआरपी को विद्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। जबकि विभाग पहले से जान रहा था कि वहां पर शिक्षक सेवानिवृत्त होंगे। ऐसी स्थिति में पहले से ही किसी दूसरे विद्यालय के शिक्षक की व्यवस्था विद्यालय में कर लेनी चाहिए थी।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आईपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### कलश यात्रा के साथ शिव शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव आरंभ

**लातेहार।** शिव शनि देव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव गुरुवार को कलश यात्रा से आरंभ हो गया। शिव शनिदेव मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर का भ्रमण करते हुए औरंगा नदी के तट पर पहुंची। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान एवं भक्तों ने कलश में जल भरा। इसके पश्चात पुनः कलश यात्रा मंदिर परिसर में पहुंची, जहां मुख्य यजमान अनिल गुप्ता सह पत्नी रिंकी गुप्ता द्वारा शनि देव की विधि विधान से पूजा की गई एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर शिव शनि देव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका, पुजारी मनोज दास, रामनाथ अग्रवाल, कृष्णा प्रसाद मुरारी अग्रवाल, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

### जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े व कंबल का वितरण



**बरवाडीह।** केड़ पंचायत के कारीमाटी परहिया टोले में गुरुवार को नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने स्कूली बच्चों व दर्जनों से अधिक गरीब लोगों के के बीच गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया। मौके पर बालेश्वर यादव, सुरेंद्र कुमार, मुनेश्वर परहैया, धिरु भुइयां, अमेरिका भुइयां बंसी परहिया, करतू परहिया, मालो देवी, लालमुनि देवी आदि उपस्थित थे।

### आजसू नेता विश्वनाथ उरांव ने कहा-जैसी करनी वैसी भरनी

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव विश्वनाथ उरांव ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी पर सत्तापक्ष के लोग हाय तौबा मचा रहे हैं, किंतु कहावत है कि जैसी करनी वैसी भरनी। आज झारखंड कलंकित हुआ है। पूरे देश दुनिया में राज्य के मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के मामले को जानने के बाद झारखंड का सिर शर्म से झुक गया है। लूट, झुठ और भ्रष्टाचार के एजेंडे पर काम करने के लिए बालू बेचे, खनिज पदार्थ बेचा, जंगल उत्पाद बेचे। जल जगंल जमीन पर से जनता का अधिकार लूट कर अपने और अपने परिवार के लोगों को स्थापित करना चाहते थे। युवाओं को रोजगार के मामले पर ठगा गया। 1932 का खतियान, पिछड़ा वर्ग को आरक्षण, आदिवासियों का सरना धर्म कोड, प्रति वर्ष 5 लाख युवाओं को रोजगार, शिक्षित बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं के लिए चूल्हा भत्ता के नाम पर जनता को ठगा गया। झारखंड पर लगे कलंक को मिटाने को राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए।

# रमना में 13 साल के छात्र की कुएं में गिर कर मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

हाइवे बाईपास निर्माण की जद में आए पक्के कुएं में गिर कर बगैंधा के मुर्ती टोला निवासी स्व. सत्येंद्र प्रजापति के 13 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार की मृत्यु हो गयी। यह घटना गुरुवार शाम की है। स्थानीय ग्रामीण एवं परिजनों के साथ उचित मुआवजा और अंडरपास के निर्माण की मांग को लेकर घटना स्थल पर जमे हुए थे। समाचार भेजे जाने तक लोग अपनी मांग को लेकर घटना स्थल पर ही शव के साथ जमे हुए थे। परिजनों के कहना है कि बाईपास निर्माण के दौरान कंपनी द्वारा कुएं के चारों तरफ मिट्टी बिछा दी गई है, जिसके कारण कुएं की ऊंचाई कम हो गई। सड़क निर्माण करा रही कंपनी द्वारा सुरक्षा नियमों को दरकिनार करते हुए कुएं को खुला छोड़ दिया गया। अगर कुआं ढक दिया गया होता तो शायद घटना नहीं घटती। सूचना पर झामुमो के ताहिर अंसारी, अनुज कुमार, रोहित वर्मा, महेंद्र प्रजापति, रामाकांत प्रजापति सहित कई लोग मृतक के परिजनों के साथ घटना स्थल पर जमे हुए थे।

# सामूहिक विवाह को सफल बनाने पर की गई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

28 फरवरी को टाउनशिप में प्रस्तावित 51 बहनों के सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने को लेकर खरौंधी मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की संयुक्त बैठक मंडल कार्यालय में हुई। मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में शादी समारोह को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही पिछले कई वर्षों से गरीब लड़कियों का विवाह करा रहे हैं। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से अब तक करीब पौने तीन सौ बहनों की शादी करा चुके हैं, जबकि विधायक के द्वारा कुल 1001 बहनों की शादी कराने का संकल्प लिया गया है।

बैठक में मंडल अध्यक्ष ने बताया कि भानु प्रताप शाही के संकल्प के अनुसार अपने विधानसभा क्षेत्र की वैसी बहनें जो दिव्यांग हैं या उनके माता-पिता नहीं हैं या वैसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, वैसी बहनों का पूरे धूम धाम से भानु प्रताप शाही पिता बनकर कन्यादान व भाई बनकर उनकी शादी सम्पन्न कराएंगे। उसके अलावा विधायक भानु बहनों को शादी के जोड़े से लेकर उपहार में कई जरूरत की सामग्री प्रदान करेंगे। इस नेक कार्य में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता बढ़ाने को लेकर गांव टोले के हर व्यक्ति से अन्न-धन संग्रह किया जाएगा। इसके लिए आह्वाहन कर विधायक ने लोगों से बढ़- चढ़ कर सहयोग करने की अपील किया है। साथ ही एक हजार एक बहनों की शादी कराने तक उपस्थित भाजपाइयों से एक स्वर में पूरे उल्लास के साथ संकल्प लिया। समारोह को सफलता के पंचायत एवं गांव स्तर पर कमिटियों का गठन किया गया। कमिटियों के द्वारा सामुहिक विवाह समारोह की सफलता को लेकर प्रत्येक घर से अन्न व धन संग्रह अभियान पांच फरवरी से पंद्रह फरवरी तक ढोल बजाकर हर घर में अक्षत निमंत्रण देकर शादी में आने का आग्रह किया जाएगा। 28 फरवरी को कार्यक्रम में भोजपुरी के सुप्रसिद्ध गायक व एक्टर खेसारी लाल यादव अपनी पूरी टीम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, बिनोद चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकृपाल द्विवेदी, बिनोद सिंह, रामप्रीत गुप्ता, इग्नासुस बाड़ा, सुनील कुमार दुबे, सुशील यादव, विवेकानंद यादव, राजकुमार निराला, सुदामा पासवान, विश्वनाथ राम आदि उपस्थित थे।

# स्थानांतरण पाए पदाधिकारियों को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया, जिसमें निवर्तमान अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह एवं कार्यपालक दंडाधिकारी -सह- निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन को ससम्मान विदाई दी गई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही गढ़वा के नए अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो का 26वें अपर समाहर्ता के रूप में स्वागत भी किया गया। विदाई समारोह के दौरान उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा उक्त दोनों पदाधिकारियों के विदाई की वेला में उनके द्वारा किये गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं कहा कि उक्त दोनों सीनियर पदाधिकारी द्वारा जिले के जटिल से जटिल समस्याओं का निराकरण सूझबूझ एवं सहजता से सरलता पूर्वक करके गढ़वा जिले का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों सीनियर पदाधिकारियों के सूझबूझ

### 26वें अपर समाहर्ता के रूप में मतियस विजय टोप्पो का स्वागत

एवं अनुभव से ही गढ़वा जिले के विभिन्न कार्यों का निर्वहन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि उनके (दोनों पदाधिकारियों के) कार्य व्यवहार से जिला प्रशासन इतना प्रसन्न है कि उनके नए पदस्थापित स्थानों में नहीं जाने देने का मन है, परंतु प्रशासनिक विभागों में ट्रांसफर पोस्टिंग का होना सेवा काल का एक अंग बताया। अपने विदाई समारोह के दौरान निवर्तमान अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह ने अपने अनुभव लोगों के समक्ष साझा करते हुए बताया कि गढ़वा जिले से उनका पुराना संबंध रहा है। वें इस जिले में पूर्व में भी अंचल अधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। पुनः अपर समाहर्ता गढ़वा के रूप में भी उन्हें सेवा देने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि कोई भी विभागीय कार्य टीम वर्क के द्वारा ही सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है, जिसमें उन्हें अपने अन्य सहयोगी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का भरपूर सहयोग मिला। विदित हो कि निवर्तमान अपर समाहर्ता श्री सिंह का पदोन्नति करते हुए संयुक्त सचिव, वित्त विभाग झारखंड में पदस्थापित किया गया है।

वहीं निवर्तमान कार्यपालक दंडाधिकारी -सह- निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विभिन्न कार्यों के दौरान ऐसी कई परिस्थितियां उत्पन्न हुई, जहां उन्हें प्रशासनिक दृष्टिकोण से कड़े फैसले भी लेने पड़े। उन्होंने कहा कि अपने सेवा काल में उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों में अपना सेवा दिया है, जिसमें उन्हें संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि उनका पदस्थापन भले ही गढ़वा जिले से दूसरे जिले में हो गया है, परंतु आवश्यकता पड़ने पर वे किसी भी सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा विदाई वेला के दौरान कहा गया कि दोनों पदाधिकारी द्वारा जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यों को करने में बहुत सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे भी ऐसे ही कर्मठ एवं अनुभवी टीम के द्वारा कार्य करने की इच्छा जताई। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को अपने शेष सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान गढ़वा जिले में नव पदस्थापित अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो का भी स्वागत किया गया। अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो तथा सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा निवर्तमान अपर समाहर्ता श्री सिंह एवं निवर्तमान निदेशक डीआरडीए सुरीन का पुष्प माला पहनाकर तथा शॉल देकर सम्मान देते हुए विदाई दी गई। विदाई वेला के इस कार्यक्रम के दौरान उक्त पदाधिकारी के अतिरिक्त जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मीगण उपस्थित थे।

## केतार में दो रोजगार सेवकों की पदस्थापना

**केतार।** उपायुक्त शेखर जमुवार ने बुधवार की शाम महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत 24 नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों को एवं पूर्व में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों को कार्यहित में विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित किया है। इसी क्रम में केतार प्रखंड के लिए संजीव कुमार गुप्ता और विनय कुमार को पदस्थापित किया गया है। नवनियुक्त रोजगार सेवकों को अपनी प्रशिक्षण अवधि पूर्ण करने के उपरांत प्रखंड कार्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया है, जबकि पूर्व से कार्यरत रोजगार सेवक को अविलंब योगदान देने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रखंड कार्यालय में वर्तमान में तीन रोजगार सेवक ही कार्यरत हैं।

# डंडई के बीडीओ का तीन माह बाद ही हुआ तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

राज्य सरकार की ओर से बुधवार व गुरुवार को थोक भाव में प्रशासनिक पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इनमें प्रखंड को सुव्यवस्थित तरीके से चला रहे बीडीओ राहुल कुमार सानू और सीओ सोओ चोनाराम हेंब्रम भी शामिल हैं।

वहीं उनकी जगह पर किसी का भी पोस्टिंग नहीं होने से प्रखंड के सामने एक संकट उत्पन्न हो गया है। बीडीओ राहुल कुमार उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर मात्र 3 महीने से बतौर बीडीओ के पद पर सेवा दे रहे थे, जबकि सीओ चुनाराम हेंब्रम को प्रखंड में सेवा देते तीन वर्षों से भी अधिक का समय बीत गया था। चुनाराम हेंब्रम के तबादले को लेकर ग्रामीणों की ओर से कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं है। लोगों के द्वारा उनके बारे में बस इतना ही कहा जा रहा है कि नौकरी पैसा में एक जगह पर काम करने का जो अवधि होता है उसके अनुसार चोनाराम हेम्ब्रम अपनी अवधि को पूरा कर चुके हैं। वैसे में उनका तबादला सरकार की एक

### ग्रामीणों ने डीसी से की सानू को उनके पद पर बने रहने देने की मांग

रूटिंग वर्क के तहत माना जा सकता है। लेकिन बीडीओ राहुल कुमार को प्रखंड में सेवा देते मात्र 3 महीने हुए कि उनका तबादला कर दिया गया। उनका तबादला प्रखंड वासियों को हजम नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बीडीओ राहुल कुमार को महज तीन महीने के बीच ही उन्हें दूसरे प्रखंड के लिए तबादला कर दिया गया। कहा कि इतने अल्प अवधि में बीडीओ राहुल ने प्रखंड की बिगड़ी व्यवस्था के लिए जो कर दिया है वह एक इतिहास में दर्ज हो गया है। साथ ही कहा कि प्रखंड को चलाने के लिए काश उन्हें और समय मिलता तो वे प्रखंड के लिए और कुछ करते। ग्रामीणों ने कहा कि प्रखंड की स्थिति को देखते हुए राहुल कुमार को प्रखंड में ही 3 वर्ष का समय पूरा करने दिया जाता तो बेहतर होता। ग्रामीणों ने उन्हें पद पर बने रहने को लेकर डीसी से मांग भी की।

# 'कुष्ठ मुक्त करने के लिये किया जा रहा है प्रयास'



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशन एवं सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो के मार्गदर्शन में कूडू प्रखंड में आगामी 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना है के संदेश के साथ लोगों को कुष्ठ के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो ने देते हुए बताया कि इसकी शुरुआत महात्मा गांधी की पुण्यतिथि अवसर पर 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई और स्वास्थ कर्मियों को कलंक को समाप्त करने और गरिमा को अपनाने की शपथ दिलाई गई। डॉ होरो ने बताया कि कुष्ठ कोई अनुवांशिक रोग नहीं है। यह माइक्रो बैक्टीरियम लेप्री से होनेवाला रोग है। कुष्ठ के मुख्य लक्षण त्वचा के रंग में बदलाव तथा संवेदना में कमी आना है। यह पहले के पापों तथा बुराईयों के कारण नहीं होता है। इसका पूरी तरह इलाज संभव है। जल्दी सलाह तथा वक्त पर इलाज से कुष्ठ ठीक हो जाता है और विकलंगता से बचाव हो सकता है। अस्पताल में कुष्ठ का मुफ्त इलाज किया जाता है। प्रत्येक गांव में ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत के मुखिया सहिया, सेविका एएनएम द्वारा जागरूकता फैलाएंगे एवं समुचित दिशा-निर्देश देंगे।

# प्रमुख ने सड़क योजना में गड़बड़ी का किया विरोध











**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत बाबुड़ीह (झुरहा) मोड़ से बिसुनिया सिवाना तक हो रहे सड़क के पुलिया निर्माण कार्य में हो रहे घठिया पत्थर से प्रमुख करुणा सोनी काफी नाराज हैं। इस संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार जनता के कल्याण के लिए करोड़ों रुपये की लागत से सड़क निर्माण के लिए खर्च कर रही है और संवेदक द्वारा निम्न स्तर के पत्थर लगाकर पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। निम्न स्तर के पत्थर सामग्री से इसका मजबूती का केवल कल्पना ही किया जा सकता है। जिस रफ्तार से बरसाती पानी बहता है, उससे तो इस पुल की दुर्दशा एक ही बरसात में हो जायेगी, जिससे जनता का पैसा पानी में बह जायेगा और जनता को फिर से जल निकासी की समस्या बढ़ जाएगी। यदि इस पर संवेदक द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया तो बाध्य होकर हमें संज्ञान लेना पड़ेगा।

## सेवानिवृत्त एएनएम को स्वास्थ्य कर्मियों ने दी विदाई

**धुरकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी के अंतर्गत घघरी उपस्वास्थ केंद्र की एएनएम श्याम सुंदरी कुमारी को बुधवार को सेवानिवृत्त होने के बाद चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों ने एक सादा समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें विदाई किया। इस दौरान एमपीडब्ल्यू मनोज कुमार, एएनएम पुष्पा कुमारी, सहिया अनुपमा देवी, पुनम देवी, राजु कुमार आदि उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं ने दी भुषण सिंह को बधाई

**भंडरिया।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा भंडरिया थाना क्षेत्र के नौका गांव निवासी भुषण सिंह को अनुसूचित जनजाति गढवा जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत करने के बाद स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर व गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। मौके पर सासंद प्रतिनिधि रुपनिरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह, रामवृक्ष सिंह, राजु ठाकुर, रूपेश बैठा, मनोज कुशवाहा मौजूद थे।

**राजनीति** | भाजपा ने चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत बैठक की

# 'हर बूथ पर जीत के संकल्प से करना होगा काम'



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

आरकेवीएस बीएड कॉलेज गढ़वा में भारत सरकार के चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के प्रभारी अलखनाथ पांडेय के नेतृत्व में और भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी की अध्यक्षता में गढ़वा ग्रामीण की बैठक हुई। बैठक में पांडेय ने कहा कि प्रदेश के द्वारा जो हम लोगों को टास्क दिया गया है। लोकसभा चुनाव के तहत मिशन 400 सीट हम सभी को गांव के मतदाताओं के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा करना है। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर एक प्रभारी और एक संयोजक नियुक्त करना है हर बूथ पर जीत दर्ज हो ऐसा संकल्प लेकर हम सभी को पूरे मनोभाव से काम करना होगा। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य माननीय नरेंद्र मोदी की गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के प्रति दृष्टि और और भारत सरकार के द्वारा संपन्न हुई विकास कार्यों को जन-जन तक ले जाकर विश्वास अर्जित करते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में पुनः समर्थन जुटाना है। साथ ही बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी ने उपस्थित सभी लोगों को गांव चलो अभियान को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए सभी को अपने-अपने कार्य जिम्मेवारी पूर्वक करने की बात कही। उन्होंने सभी शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक को हरेक गांव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख के साथ बैठक कर इस गांव चलो अभियान कार्यक्रम को सफल कैसे बनाएं इसके बारे में विस्तार रूप से सभी लोगों को बताया। बैठक में भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के प्रभारी अलखनाथ पांडेय, भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, विनय चंद्रवंशी, मनीष गुप्ता, भोला विश्वकर्मा, कामेश्वर सिंह, दिनेश मेहता, नसीरूद्दीन अंसारी, कन्हैया चंद्रवंशी, उदित कुमार पाल, सुदामा पासवान, लाल मुनी चौधरी, जितेंद्र मेहता, लक्ष्मण पासवान, बीरबल मेहतामेहता सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# केतार बाजार में डाक मेले का आयोजन ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार मुख्य बाजार में गुरुवार को 'डाक घर, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत डाक मेला आयोजित किया गया। इस मेले में बंशीधर नगर डाक अधिदर्शक शिव कुमार सिन्हा ने डाक विभाग से जुड़ी योजनाएं आइपीपीबी, पीएलआई, आरडी, एसबी, एसएसए, टीडी, सुकन्या समृद्धि योजना, बचत खाता, आरपीएलआई, खाता के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक घर की कल्याणकारी योजनाओं को बताने के साथ ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ताकि ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर के एक सदस्य को डाक बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, इंश्योरेंस का लाभ देना सरकार का उद्देश्य है। इस मेले में 32 लोगों का इंश्योरेंस, आवर्ती और बचत जामा में 100 लोगों ने खाता खुलवाया, जबकि 50 का सुकन्या योजना का लाभ के लिए खाता खुलवाया और आवेदन किया। इस मौके पर केतार पोस्टमास्टर विश्वनाथ प्रसाद, मुकुन्दपुर पोस्टमास्टर संतोष पांडेय, पुनीत कुमार, अभिजित जयसवाल, संतोष सिंह, विजय कुमार, सुंदर देव यादव, नीरज गुप्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### अज्ञात चोरों ने की एक रात में चार ट्रेक्टर से बैट्री की चोरी, हुए फरार

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के पहरा पंचायत अंतर्गत रोहमर गांव से अज्ञात चोरों ने बुधवार देर रात घर के पास खड़े चार ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार बैटरी की चोरी रोहमर गांव निवासी बिनोद यादव के दो ट्रेक्टर से तथा गांव के ही प्रदीप यादव व राजिंदर यादव के घर के समीप खड़े एक-एक ट्रैक्टर से बैट्री चोरी कर ली गई है। इस बाबत भुक्तभोगी ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है। ज्ञात हो कि ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की वरदात दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वहीं थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने कहा की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### क्षमतावर्धन मुखिया कार्यशाला आयोजित

**चतरा।** पिरामल फाउंडेशन-कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन तथा पंचायती राज विभाग द्वारा गुरुवार को डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में एक दिवसीय क्षमतावर्धन मुखिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीपीएम पंचायती राज, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर कुमार पंडित द्वारा संयुक्त रुप सेकिया गया। उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे जनप्रतिनिधि अपने पंचायत का विकास बेहतर ढंग से कर सकते हैं। वहीं पिरामल फाउंडेशन की तृप्ति कुमारी द्वारा जीपीडीपी का निर्माण कैसे होता है और जो थीम मुखिया चुने हैं उससे कैसे अपने पंचायत का विकास कर सकते हैं उसपर विस्तार पूर्वक बताया। इसके अलावा उपस्थित मुखिया को जीपीपीएफटी टीम का निर्माण प्रक्रिया आदि पर विस्तार से समझाया गया। सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत जीरो ड्रॉपआउट पंचायत कार्यक्रम, गूगल रीड अलोंग आदि कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।

### पुलिस ने बालूभांग में पोस्ता खेती की नष्ट



**बारियातु।** बारियातु पुलिस ने गुरुवार को बालूभांग पंचायत के जंगली क्षेत्र में अभियान चला कर 17 एकड़ में लगे अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन को थाना क्षेत्र के बालूभांग पंचायत के विभिन्न जंगली क्षेत्र के नदी किनारे अफीम माफियाओं के द्वारा पोस्ता की खेती की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चला कर लगभग 17 एकड़ भूमि पर लगे अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया। साथ ही साथ खेती किसके द्वारा लगाया गया है इसकी जांच कर खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। चिन्हित करने के पश्चात नियम संगत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पोस्ता की खेती से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने के बावजूद लोग पोस्ता की खेती करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वैसे खेती करने व खेती में साथ देने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अभीयान में थाना के पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक पुलिस अवर निरिक्षक धर्मेश कुमार लिम्बु सहित कई जवान मौजूद थे।

# हथकरघा बुनाई व एप्लिक प्रशिक्षण को 50 महिलाएं चयनित

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



मगध-संघमित्रा क्षेत्र, सीसीएल के सीएसआर और झारक्राफ्ट की पहल से मगध परियोजना के अन्तर्गत आरा में स्तिथ पीट कार्यालय में 'ऑनलाइन हथकरघा बुनाई और एप्लिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' शुरू किया गया, जिसका उद्घाटन सीसीएल के निदेशक(कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा ने किया। इस अवसर पर हर्ष नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए मगध परियोजना के प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि हथकरघा मशीन का उपयोग सूती साड़ी और कपड़े बनाने के लिए किया जाता है और महिलाएं मुख्य रूप से हथकरघा बुनाई में शामिल होती हैं। इस शिल्प को बढ़ावा देने से सीधे महिलाओं के रोजगार का लाभ होगा। यह महिलाओं को तौलिया, बेडशीट, साड़ी आदि बनाने के लिए सूती धागा बुनने का प्रशिक्षण देगा। इससे ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने झारक्राफ्ट की तरफ से डीजीएम अश्विनी सहाय एवं उनकी टीम ने हथकरघा एवं एप्लिक मशीन से प्रशिक्षण के चरणों को दर्शाया और बताया कि 25 लाख की लागत से शुरू हुए प्रोजेक्ट में हथकरघा प्रशिक्षण 14 लाख एवं एप्लिक 11 लाख का है। उद्घाटन समारोह के बाद हथकरघा बुनाई और एप्लिक प्रशिक्षण के लिए ग्राम आरा, चमातु, ओझा टोला, देवलगद्दा एवं मासिलोंग से कुल 50 महिलाएं का चयन हुआ, जिसमें 20 महिलाएं हथकरघा बुनाई एवं 30 महिलाएं एप्लिक प्रशिक्षण के लिए चयनित हुईं। सभी चयनित महिलाएं मगध परियोजना अंतर्गत ग्राम आरा में स्तिथ पीट कार्यालय में कल से तीन महीने का प्रशिक्षण करेंगी। मौके पर ऊतक लोगों के अलावे पीओ एस. सत्यानारायणा, सीएसआर के नोडल अधिकारी, दिग्विजय कुमार, उप प्रमुख कामेस्वर राम सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण, जन प्रतिनिधि, कर्मचारीगण एवं महिलाएं उपस्थित थे। उद्घाटन के समारोह का संचालन कार्मिक विभाग के अधिकारी अभिषेक आनंद ने किया। सीएसआर के नोडल अधिकारी दिग्विजय कुमार, झारक्राफ्ट टीम के सदस्यों और अन्य लोगो ने आयोजन कि सफलता में भूमिका निभाई।

# 'राजनीतिक गतिरोध पर अविलंब निर्णय लें गवर्नर'

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के नए नेता चंपई सोरेन द्वारा सरकार गठन करने के लिए राज्यपाल के समक्ष बहुमत के समर्थन पत्र पेश किए जाने पर राज्यपाल द्वारा त्वरित निर्णय नहीं लिए जाने से उत्पन्न राजनीतिक संकट पर चिंता व्यक्त की गई। कहा कि उपरोक्त सरकार के गठन पर राज्यपाल वस्तुतः भाजपा की राजनीति से प्रेरित होकर काम कर रहे हैं। इस कारण निर्णय लेने में जानबूझ कर विलंब कर रहे हैं। इस अनिर्णय की स्थिति से राज्य में अराजकता का माहौल बन रहा है। साथ ही इससे हॉर्स ट्रेडिंग को बढ़ावा और अंततः राज्य की जनता का जनादेश के उल्लंघन का अलोकतांत्रिक खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में ऐसा ही राजनीतिक परिस्थिती उत्पन्न होने पर राज्यपाल ने बहुमत के नेता द्वारा सरकार के गठन के लिए पेश किए गए दावे पर त्वरित सकारात्मक फैसला लिया गया था। इस लिए माकपा ने राज्यपाल से उपरोक्त दावे पर यथाशीघ्र निर्णय लेने और राज्य में तुरंत सरकार गठन कर जनता के जनादेश का सम्मान करने की मांग करती है। माकपा की यह भी समझ है कि ईडी का दुरुपयोग कर निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी भाजपा द्वारा देश की संघीय व्यवस्था और लोकतंत्र पर हमला है और अब राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिती में राज्यपाल की शक्तियां का दुरुपयोग से नए हमले की आशंका बढ़ गई है।

# सड़क निर्माण में अनियमितता का विरोध, ग्रामीणों का हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**



एक तरफ जहां सभी ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का निर्माण कार्य पूरे जोर-शोर से कराया जा रहा है, वहीं निर्माण कार्य में बरती जारी अनियमितता से सड़क खराब होने लगी, जिससे सरकार द्वारा खर्च किए जा रहे करोड़ों रुपये का बंदरबाट हो रहा है। प्रखंड में बन रही अधिकांश सड़कों का यही हाल है।

जानकारी के अनुसार प्रखंड के सुदूर चुंगरू पंचायत में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लाभर पुलिस विकेट से चुंगरू नावाडीह होते हुई अम्बाटीकर तक कालीकारण सड़क का निर्माण कार्य जा रहा। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली सड़क में घोर अनियमितता बरती जा रही। एक पखवाड़े पूर्व 17 जनवरी को घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। मामले ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त समेत संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी। लेकिन संवेदक द्वारा इस पर किसी तरह के सुधार नहीं किए जाने के बाद गुरुवार को चुगुरू पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचकर दूसरी बार निर्माण करा रहे संवेदक के समक्ष जमकर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क बनने के साथ दूसरी ओर से बनाई जा रही सड़क ध्वस्त हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि काफी प्रयास के बाद गांव के विकास हेतु पीएमजीएसवाई से सड़क का निर्माण हो रहा है। ऐसे में निम्नस्तर का सड़क बनाई जाने ग्रामीणों का इस रोड से कोई लाभ होने वाला नहीं है। मौके पर मनिका क्षेत्र के जिप सदस्य बलवंत सिंह से भी ग्रामीणों ने निम्नस्तर सड़क निर्माण कार्य पर उचित कार्रवाई की मांग की। संबंधित कंस्ट्रक्शन के संवेदक ने भी सड़क निर्माण में सुधार का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीणों ने निम्न स्तर सड़क बनाई जाने का अंतिम दम तक विरोध करने का निर्णय लिया है। मौके पर चुंगरु पंचायत के प्रधान कन्हैया सिंह, संजय प्रसाद, अजय प्रसाद, अशोक सिंह, चंद्रदेव उरांव, जितनी, शमशेर सिंह मौजूद थे।

## नेशनल कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

पटना में आयोजित दो दिवसीय चौथी पब्लिक नेशनल कराटे प्रतियोगिता में लातेहार जिले के कई प्रतिभागियों ने अपना परचम लहराया। जानकारी के अनुसार पटना के डॉन बास्को हाई स्कूल में कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि प्रदेशों के कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें झारखंड का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा, जिसमें बरवाडीह के प्रतिभागियों के एक स्वर्ण, दो रजत, चार कांस्यसमेत 7 पदक शामिल हैं। अनुराग केरकेट्टा गोल्ड, संदीप कुजूर, कृष कुमार ने रजत पदक एवं जिगर कुमार, आयन श्रीवास्तव, अक्षत राज, आयन अक्षय टोप्पो ने कांस्य पदक जीते। वहीं प्रतियोगिता में नेशनल जज व रेफरी के तौर पर बरवाडीह के सेन्सेई मदन लाल व सेन्सेई संगीता टोपनो को नियुक्त किया गया था। प्रतियोगिता में संत क्लारेट पब्लिक स्कूल बरवाडीह, संत सोल्जर पब्लिक स्कूल बरवाडीह व अन्य जगहों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। विजेता खिलाड़ियों को रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में प्रशिक्षक जंग बहादुर सिंह, सेम्पाई रमेश कुमार, सेम्पाई सन्तोष कुमार, गौतम सिंह व अन्य कराटेकारों ने बधाई दी है।

## कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर आजसू ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**



आजसू पार्टी ने कुंदा प्रखंड मुख्यालय निवासी संतोष कुमार यादव के आवास पर गुरुवार को बैठक आयोजित की, जिसमें मुख्य रूप से प्रभारी अशोक गहलौत, केंद्रीय सदस्य संतोष यादव, जिला सचिव रंजीत सौंडीक, विनोद यादव, मनोहर यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में 11 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गई। वही केंद्रीय महासचिव ने प्रखंड उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार गुप्ता को आजसू की सदस्यता दिलाई। केंद्रीय महासचिव ने नई प्रखंड कमिटी की घोषणा करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अजित यादव, उपाध्यक्ष मिथलेश महतो, सचिव अजित मिश्रा, महासचिव सुमन दास को नियुक्त किया। ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो, सचिव दीपक गुप्ता, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष उपप्रमुख सत्येंद्र गुप्ता को बनाया गया। बैठक में कुंदा पंचायत अध्यक्ष मुनारिक यादव, सिकीदाग सुधीर यादव, नवादा पिंटू यादव को बनाया गया है। मौके पर नीतीश रंजन, सीकेन्द्र कुमार, अखिलेश महतो, राजमुख यादव, राजेन्द्र गंझू मौजूद थे।

**तैयारी** वार्षिक माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा को लेकर डीसी ने केंद्राधीक्षकों संग की बैठक, कहा

# कदाचार मुक्त व पूरी पारदर्शिता से कराएं परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**




आगामी 6 फरवरी 2024 से शुरू होने वाले वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन को लेकर उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्र अधीक्षकों की बैठक हुई। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष चतरा जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 45 परीक्षा केंद्रों पर 16485 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 28 केंद्रों पर 11427 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी केंद्र अधीक्षकों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीईओ श्री मिश्र के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया गया व परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में सभी केंद्राधीक्षक व शिक्षक उपस्थित थे।


ई० प्रोक्यूरमेंट सेल

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

अतिअल्पकालिन निविदा (ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–18/2023-24/EE/BCD/GARHWA    दिनांक– 01.02.2024

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्रम | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Proposed Furnishing of Collectorate Building at Garhwa. | ₹ 3,84,03,598.00 |

2. कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 11 (ग्यारह) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.02.2024 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 15.02.2024 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 16.02.2024 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, झारखण्ड राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक – 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 317633 Building (23-24)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/21/2023-24 (3rd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला के विशुनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत हेलता पंचायत के कोटा नदी में तीन सिमान के पास उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,61,78,600.00 | 7,24,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.01.2024 से दिनांक 13.02.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। .

PR.NO.317643 Rural Development(23-24):D



कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलाम
(जिला भू-अर्जन शाखा)
दूरभाष (मो०) सं०–    Email {dlaopalamau@gmail.com}

–: आम सूचना :–

जिला–पलामू अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ–75 (**Section-II**) के कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक फोर लेन सड़क निर्माण परियोजना में सतबरवा अंचल अन्तर्गत हितबद्ध रैयतों को सूचित करना है कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली, क्षतिपूर्ति बंध पत्र, शपथ पत्र एवं सहमति पत्र निर्गत हेतु राजस्व कागजात यथा 1. नोटिस की मूल प्रति, 2. आवेदन पत्र, 3. खतियान/निबंधित केवाला की प्रति, 4. अद्यतन लगान रसीद की प्रति, 5. पासपोर्ट साईज फोटो 2 पीस एवं 6. आधार कार्ड के साथ संबंधित अंचल–कार्यालय, सतबरवा में निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर L.P.C एवं अन्य सुसंगत कागजात निर्गत कराना सुनिश्चित किया जाय, मौजावार शिविर की तिथि निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | तिथि | शिविर का स्थान | मौजा का नाम | प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सतबरवा | 02.02.2024 | अंचल कार्यालय, सतबरवा। | 1. नावाडीह 2. पोंची | अरविन्द कुमार वेदिया, प्रभारी उप–समाहर्त्ता, जिला विधि शाखा, पलामू। | |
| 2. | सतबरवा | 05.02.2024 | | 1. पुरनाडीह 2. रजडेरवा | | |
| 3. | सतबरवा | 07.02.2024 | | 1. रूपौंधा 2. तुम्बागाड़ा 3. चरवाडीह 4. हुनहे उर्फ जोड़ा | | |
| 4. | सतबरवा | 09.02.2024 | | ताबर | | |
| 5. | सतबरवा | 10.02.2024 | | खामडीह | | |
| 6. | सतबरवा | 12.02.2024 | | दुलसुलमी | | |
| 7. | सतबरवा | 16.02.2024 एवं 17.02.2024 | | बकोरिया | | |

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.317554 Palamu(23-24):D

## एक नजर

### महिला प्रसार सह कल्याण पदाधिकारी को दी गई विदाई



**भंडरा।** प्रखंड के महिला प्रसार सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नीता सरकार के सेवानिवृत्ति पर सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन प्रखंड कार्यालय के सभागार में किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने की। इस अवसर पर के सेवानिवृत हुए प्रखंड महिला प्रसार सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को माला पहनाकर व बुके भेंटकर उपस्थित अधिकारी, कर्मी ने सम्मानित किया। उन्हें अंगवस्त्र और उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि महिला प्रसार पदाधिकारी का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। उन्होंने कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कुशलता के साथ कार्य किया। उनके कार्य कुशलता व नम्र व्यवहार से सभी प्रभावित रहे। कर्मियों ने कहा कि एक अधिकारी के रूप में हर कार्य में वे सहयोग व सुझाव देते रहे। बेहतर करने को लेकर प्रेरित करते रहे। उनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकेगा। बीडीओ ने उनके कार्य की सरहाना करते हुए कहा आज एक अच्छे अधिकारी विभाग की सेवा से मुक्त हो गए। उन्होंने अपने सेवा काल में कार्य क्षमता का बेहतर परिचय दिया। वहीं सेवानिवृत्त महिला प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि भंडरा में उनकी सेवा समाप्त हो गई। यह अंतिम दिन सदा स्मरण में रहेगा। उन्होंने कार्य में सहयोग के लिए सभी अधिकारी, कर्मी व शिक्षकों को धन्यवाद कहा। मौके पर प्रखंड व अंचल काफी संख्या में कर्मी मौजूद थे।

### 'खेल को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं'

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी नगर कमिटी के प्रधान सचिव कुमार अभिषेक (सूर्या सिन्हा) द्वारा लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 में वालीबॉल, नेट, किट सहित खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से कहा कि खेल को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। इससेशारीरिक विकास तो होगा और खेल के माध्यम से आप आगे भी बढ़ेंगे और जिले और राज्य का नाम भी रौशन कर पाएंगे। कार्यक्रम में उनके साथ आजसू नगर उपाध्यक्ष आयुश गोयल, उपाध्यक्ष प्रदीप नायक, उपाध्यक्ष हर्षित अग्रवाल, सनी अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### 'शानदार बजट'

**लोहरदगा।** भाजपा, नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती ने बयान जारी कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार का बजट सत्र 2024 - 25 के लिए शानदार बजट रहा। गरीब, किसान या कहा जाए तो सबों के कल्याण हेतु लाया गया बजट है। बजट में पिछले टैक्स नीति को रखते हुए लोगों को राहत दिया गया है। झारखंड राज्य की विषम परिस्थिति के बावजूद केंद्र ने पूरे देश का चतुर्दिक विकास दिन दूना रात चौगुना हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है।

## लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस महासम्मेलन का आयोजन

# बीजेपी से लड़ने को तैयार हैं महिला बहनें : अलका लांबा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस महासम्मेलन राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में महिला अध्यक्ष सीमा परवीन की अध्यक्षता में की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी उपस्थित हुई एवं महिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अलका लांबा का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा की कांग्रेस पार्टी राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, कानूनी और संविधान द्वारा महिलाओं को दिए गए बराबरी के अधिकारों को पंक्ति में खड़ी अंतिम महिला तक पहुंचाने का काम कर रही है और उन्हें उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें सशक्त करने का काम कर रही है। देश की बेटियों के आंसुओं के बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मुझे नई जिम्मेदारी सौंपी है और मुझे पूरा एहसास है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि महिला कांग्रेस देश में अन्याय, शोषण, हिंसा, अत्याचार का सामना कर रही देश के बेटियों बहनों की आवाज बनकर न्याय मिलने तक लड़ेगी। आज मैं लोहरदगा जिले के तमाम महिला बहनों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि आप राहुल गांधी का साथ दीजिए। आज राहुल गांधी अन्याय, भ्रष्टाचार, गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी और देश की तानाशाही व्यवस्था के खिलाफ भारत जोड़ो नया यात्रा कर रहे हैं। आज हमें उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है और देश के नकारात्मक तत्वों का समाप्त करना है। देश की महिलाओं को अपना हक एवं न्याय दिलाने का काम करना है। महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा की केंद्र कि बीजेपी सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। मणिपुर प्रदेश में महिलाओं को नंगा परेड कराया गया। आज हमें एकजुट होकर तानाशाही सरकार को करारा जवाब देना है। हमारे झारखंड प्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से बीजेपी सरकार ने केंद्रीय एजेंसी ईडी का दुरुपयोग कर राज्य सरकार को परेशान करने का काम किया है। मौके पर राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा रघुवंशी, प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रदेश महासचिव पुनीता चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष सीमा परवीन, गुमला जिला अध्यक्ष अमृता भगत, जिप सदस्य रूबी कुमारी, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, सरिता देवी, बबिता देवी, सुशीला देवी, किस्मती देवी, पुनीता देवी, अमृता देवी, प्यारी देवी, सरिता खलखो, आरती देवी, मुनि देवी, सहजादी खातून, नूरी खातून, चंदरमुनी देवी, अमीना खातून, बेबी तबासुम, बहमनिया देवी, पचोला देवी, सुनीता, लीला आदि मौजूद थे।

# आत्मनिर्भरता को बल देने वाला बजट : सांसद सुदर्शन भगत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



सुदर्शन भगत ने बजट पर अपनी राय देते हुए कहा कि सरार्टअप्स को छूट और रियायतें बढ़ाई गईं - सॉवरेन वेल्थ फंड्स और स्टार्टअप्स के लिए कर रियायतों का विस्तार मार्च 2025 तक किया गया। यह बहुत बड़ा कदम है। करदाताओं की सेवा प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने से 1 करोड़ लोगों को लाभ होगा। रेल की सुविधा और भी उत्तम हो इसके लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बदला का निर्णय,निजी क्षेत्र को अनुसंधान एवं विकास, मुफ्त बिजली रूफटॉप सोलराइजेशन के माध्यम से, 1 करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम होंगे। गरीब, महिला, अन्नदाता और युवा फोकस समूह होंगे। मोदी जी 2047 तक भारत को एक विकासशील भारत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन से भोजन की चिंता दूर हो गई है। पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा 25 करोड़ भारतीयों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया। अन्नदाता (किसानों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य समय-समय पर बढ़ाया गया। 11.8 करोड़ किसानों को सीधी वित्तीय सहायता दी गई हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक मॉडल है। उच्च शिक्षा में महिला नामांकन 10 वर्षों में 28 प्रतिशत बढ़ गया है। पीएम स्वनिधि ने स्ट्रीट वेंडरों को ऋण सहायता प्रदान की है। पीएम जनमन योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों तक पहुंचती पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करती है। दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर लोगों के सशक्तिकरण की योजना किसी को भी पीछे न छोड़ने के हमारे संकल्प को दर्शाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 परिवर्तनकारी सुधारों की शुरूआत कर रही है। पीएम श्री गुणवत्तापूर्ण शिक्षण दे रहे हैं। बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा संस्थान अर्थात 7 आईआईटी, आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना का कवर सभी आशा, सम्पदा योजना का कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना ग्रामीण का कार्यान्वयन जारी रहा और हम 3 करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ और घर बनाए जाएंगे। महामारी के कारण भोजन, उर्वरक, ईंधन और वित्त का संकट पैदा हो गया है, जबकि भारत ने सफलतापूर्वक अपना रास्ता दिखाया और दुनिया को आगे का रास्ता दिखाया। हमारी सरकार आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के तेजी से विकास में राज्यों की सहायता करने के लिए तैयार है। सरकार पूर्वी क्षेत्र और उसके लोगों को भारत के विकास का एक शक्तिशाली चालक बनाने पर अत्यधिक ध्यान देगी। सामाजिक न्याय मुख्यतः एक राजनीतिक नारा था। हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन मॉडल है। सभी पात्र लोगों को कवर करने का संतृप्ति दृष्टिकोण सामाजिक न्याय की सच्ची और व्यापक उपलब्धि है। यह कार्रवाई में धर्मनिरपेक्षता है, भ्रष्टाचार को कम करता है, भाई-भतीजावाद को रोकता है। पारदर्शिता और आश्वासन है कि सभी पात्र लोगों को लाभ प्राप्त होता है, चाहे उनकी सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। अवसरों तक पहुंच हम प्रणालीगत असमानताओं को संबोधित कर रहे हैं जिसने हमारे समाज को त्रस्त कर दिया है। हमारा ध्यान परिणामों पर है न कि परिव्यय पर ताकि सामाजिक आर्थिक परिवर्तन हासिल किया जा सके।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अंतरिम बजट ऐतिहासिक : चंद्रशेखर अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

**सांसद सुदर्शन भगत के लोहरदगा प्रतिनिधि ने बयान जारी कर कहा, भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्षों में कर संग्रह दोगुना हुआ, जिससे भारतआत्मनिर्भर होने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ा है।**

सांसद सुदर्शन भगत के लोहरदगा प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया जो ऐतिहासिक बजट है। पिछले 10 वर्षों में कर संग्रह दुगना हुआ, जिससे भारतआत्मनिर्भर होने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ा है। गरीब का कल्याण अर्थात देश का कल्याण। किराए के मकान झुग्गी झोपड़ियां चालू अनधिकृत रहने वालों की मदद के लिए एक योजना शुरू की जाएगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर पर बदलाव नहीं। अगले 5 वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त आवास बनेंगे। रक्षा बजट के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जिससे भारत की रक्षा सुदृढ़ होगी। 3000 नये आईटीआई बने। साथ में आईआईटी का निर्माण हुआ, साथ में आईआईएम बने। अतिरिक्त 15 नए एम्स का निर्माण रिकॉर्ड समय में। शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 फीसदी बड़ा। 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन पहुंचाया गया। तीन प्रमुख रेल कॉरिडोर बनेंगे। मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना शुरू होगी। लखपति दीदी का लक्ष्य 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया। आंगनवाड़ी कार्यक्रम में तेजी लाया जाएगा सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन को प्रोत्साहन, अगले 5 साल में 2 करोड़ अतिरिक्त आवास। लक्ष्यद्वीप सहित बंदरगाह कनेक्टिविटी बढाई जाएगी। उड़ान योजना के तहत 517 नए रूट लॉन्च होंगे। 1000 नए विमान की खरीद करेगी विमानन कंपनियां। लक्ष्य 2047 तक प्रकृति, आधुनिक अवसरचना, सभी के लिए समान अवसर, बनाएंगे समृद्ध एवं विकसित भारत।

# 'बजट में किसान, गरीब, युवा व महिला पर फोकस'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



मोदी 2.0 सरकार ने आज के अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम अंतरिम बजट में सबसे पहले भाई-भतीजावाद को खत्म करने के अपने संकल्प को दोहराया और पूरे बजट को गरीब, युवा, महिला और किसान केंद्रित करने पर फोकस किया है, जिसमें सभी वर्गों का समावेशी विकास सुनिश्चित किया गया है और इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर शिक्षा हो या स्वास्थ्य या ग्रामीण विकास एवं नगर विकास सभी क्षेत्रों में कुछ ना कुछ नए उपबंध किए गए हैं।

सौर ऊर्जा योजनाओं से छत पर सौर पैनल लगाने वाले प्रति परिवार को सालाना 15,000-18,000 रुपये की बचत और 1 करोड़ परिवारों को प्रति माह 300 यूनिट बिजली पूरी तरह से मुफ्त मिलने का बजटीय उपबंध काबिले तारीफ है। साथ ही पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घरों का लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंची सरकार और बढ़ती जरूरत के कारण 2 करोड़ और नए घरों की योजना का बजट में उपबंध किया गया है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना में आंगनबाड़ी योजना के तहत सेविका और सहायिका को शामिल करने का उपबंध हुआ है। साथ ही विकसित भारत के अंतर्गत सनराइज डोमेन के लिए 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण के साथ 1 लाख करोड़ का कोष स्थापित करने का प्रावधान एक स्वागत योग्य कदम है तथा डीएफसी के तहत रेलवे कॉरिडोर-पोर्ट कनेक्टिविटी - 2 से अधिक कॉरिडोर स्थापित करवाना और डीएफसी के अलावा ऊर्जा, सीमेंट और खनिज के लिए 3 और रेल गलियारे जोड़े जाने का उपबंध हमारे रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा। साथ ही 40,000 रेल बोगियों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बदले जाने का उपबंध किया गया है। सरकार मौजूदा अस्पताल के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके और अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की योजना बना रही है और इसके लिए जांच करने और आवश्यक सिफारिश करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी, जिसका अनुशंसा के आलोक में ही आगे का कार्य किए जाने का उपबंध किया गया है। इन नई घोषणाओं से स्पष्ट है कि सरकार समावेशी विकास के लिए अब कदम आगे बढ़ा रही है ताकि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाया जा सके और जिस प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान - जय किसान का नारा दिया था, उसी को आगे बढ़ाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने ही जय जवान - जय किसान के साथ जय विज्ञान के नारे को जोड़ा और आज हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जय जवान - जय किसान - जय विज्ञान के नारे में जय अनुसंधान को जोड़ा है और देश की तरक्की में इनोवेशन हेतु नए उपबंध किए हैं। उक्त प्रतिक्रिया फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन अध्यक्ष दीपेश निराला ने बयान जारी कर दी है।

# राज्य में राजनीतिक सरगर्मी के कारण सेन्हा प्रखंड में पुलिस प्रशासन मुस्तैद

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

राज्य में उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए व आदिवासी संगठनों के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ आहुत झारखंड बंद के कारण प्रखंड व पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। सायरन बजाती हुई पुलिस वाहन प्रखंड क्षेत्र से लेकर संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर रही थी तो दूसरी तरफ बीडीओ, सीओ तथा थाना प्रभारी से लेकर दंडाधिकारी व पुलिस जवान सड़कों पर पैदल पैदल मार्च कर रहे थे। लोहरदगा गुमला मार्ग में पुलिस जवान दंडाधिकारी के साथ गश्ती करते नजर आये तथा जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर रहा। सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न



चौक चौराहों पर सुबह दस बजे से पुलिस बल दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। इसके अलावा क्षेत्र के गति विधि पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अभिनव कुमार नजरें रखे हुए थे। राज्य में उत्पन्न राजनीतिक उथलपुथल से निपटने के लिए प्रखंड प्रशासन अलर्ट पर है। मौके पर जेई सह दंडाधिकारी मनु कुमारी, एएसआई अलबीना लकड़ा दल बल संग मौजूद थे।

### बिजली तार के संपर्क में आने से एक मवेशी की मौत, किसान बचा

**सेन्हा।** बिजली तार के संपर्क में आने से एक मवेशी की मौत हो गई, जबकि गौ पालक किसान बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के मन्हे ग्राम में अचानक मौसम खराब होने से मवेशी को घर लाने के दौरान घटना हो गई। गौ पालक किसान मन्हें निवासी बन्धे उरांव के पुत्र बुधु उरांव ने बताया कि मवेशी को चराने के लिए ले गया था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने के कारण मवेशी को घर लेकर वापस आ रहे थे कि गांव में स्थित अखड़ा के समीप बिजली तार टूट कर लटका हुआ था। इस पर अचानक ध्यान पड़ा जब तक कुछ समझ पाता कि मवेशी बिजली तार के संपर्क में आ गया और घटना स्थल पर ही बैल की मौत हो गई।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

शहर थाना काण्ड सं0–401/2022 दिनांक–08.12.2022 धारा–420/406 भा0द0वि0 के अभियुक्त 1.शीला देवी पति नरेश दास 2.नरेश दास पिता स्व0 विश्वनाथ दास दोनों सा0 सोरडीह थाना विश्रामपुर जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर :– 9431706239
थाना प्रभारी, शहर मेदिनीनगर :– 9431706249

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 317598 Police(23-24)#D



**कार्यपालक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–18/2023-24**

**15वें वित्त आयोग**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेण्टी –फिकेशन न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Raja Pahari Pond | 04 | 2489000.00 | 49800.00 | 5000.00 | 04 माह | NPSBN/NIT-18/2023-24_1 |
| 2 | Renovation of Puraini Pond (Part – A) | 10 | 2477500.00 | 49600.00 | 5000.00 | 04 माह | NPSBN/NIT-18/2023-24_2 |
| 3 | Renovation of Puraini Pond (Part – B) | 10 | 2468400.00 | 49400.00 | 5000.00 | 04 माह | NPSBN/NIT-18/2023-24_3 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.01.2024 अप0 02:00 बजे से। |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड प्रारंभ की तिथि एवं समय | 30.01.2024 अप0 02:00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 16.02.2024 अप0 03:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि एवं समय | 17.02.2024 अप0 03:00 बजे। |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 6 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 | 8294763962 |

Note :– Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Govt. of Jharkhand (Letter 120, Dated 03-10-2023)

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

PR 317551 Urban Development(23-24)D


## खेलकूद

### जुरिया में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग : नेसार अहमद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर प्रखंड के ग्राम जूरिया में ब्लू स्टार क्लब जूरिया के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद शामिल हुए। उन्होंने फाइनल मैच में पहुंचे भस्को एवं करम टोली की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात खेल का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में भस्को की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करते हुए निर्धारित 10 ओवर में करम टोली की टीम को 36 रनों के स्कोर पर समेट दिया। वहीं भस्को की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 ओवर में ही मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब भस्को टीम के बबलू उरांव को और मैन ऑफ द सीरीज मनोज उरांव को दिया गया। समापन समारोह के मुख्य



अतिथि नेसार अहमद ने मौके पर उपस्थित दोनों टीम के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। जिस तरह इस क्षेत्र में फुटबॉल का काफी प्रचलन है उसी तरह अब ग्रामीण स्तर पर युवा क्रिकेट खेल में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं और क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी ग्रामीण स्तर लोग कर रहे हैं जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। महेंद्र सिंह धोनी युवाओं के आदर्श है जिन्होंने रांची जैसे शहर से निकलकर भारतीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व किया और कई कृतिमान स्थापित किये। गुमला जिला के रॉबिन मिंज प्रतिष्ठित आईपीएल टूर्नामेंट में जगह बनाई है जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। युवा ऐसे क्रिकेटरों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। क्रिकेट तकनीक का खेल है। युवा लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत, अनुशासन और लगन से खेलेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ब्लू स्टार क्लब जूरिया के अध्यक्ष मनोज उरांव, तारीक अनवर, अरविंद उरांव, महेश्वर उरांव, आकाश बाखला, मनीष बाखला, सोनू उरांव, शिव शंकर उरांव, दीपेश उरांव, रामेश उरांव आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### घायल टकलू लोहार की टीएमएच में इलाज के दौरान मौत



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह स्थित साहू होटल के पास बाइक सवार चार अपराधियों ने छायानगर निवासी टकलू लोहार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। घटना के बाद साथियों ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया था जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया। इधर, टीएमएच में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत टीएमएच पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शी मानस ने बताया कि वो टकलू और अन्य साथियों के साथ कार बनवाने गया था। वह कार का जैक लगाने के लिए झुका था तभी बस स्टैंड की तरफ से दो बाइक पर सवार चार अपराधी मुंह बांधकर आए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उन्होंने एक युवक को धर दबोचा पर युवक ने उसपर भी फायरिंग की। गोली उनके हाथ को छूते हुए निकल गई।

### एक्सएलआरआई में शुक्रवार से दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई में शुक्रवार दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। वैश्वीकृत दुनिया में सामाजिक और व्यावसायिक उत्तरदायित्व को सक्षम बनाने की थीम पर इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स और एक्सएलआरआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश व दुनिया के 78 से अधिक प्रतिष्ठानों के करीब 150 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान कुल 98 पेपर प्रस्तुत होंगे। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में यूएसए के क्रेयटन यूनिवर्सिटी के बिजनेस कॉलेज, लोयोला मैरीमाउंट यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिल्स, यूएसए, एली ब्रॉड कॉलेज ऑफ बिजनेस, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, फैकल्टैट, इंसब्रुक यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रिया ने कॉन्फ्रेंस में हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही सात रिसोर्स पर्सन भी शामिल हो रहे हैं। सत्र की शुरूआत में यानी पहले दिन आधुनिक व्यवसाय में नैतिक अभ्यास, स्थिरता और वैश्विक जिम्मेदारी विषय पर चर्चा होगी। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं निदेशक अमित राज सिन्हा, टाटा स्टील की चीफ एथिक्स ऑफिसर सोनी सिन्हा, एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर जॉर्ज सेबेस्टियन के साथ ही जमशेदपुर जेसुइट के प्रोवेंशियल जेरी कुटिना, एक्सएलआरआई के डीन एकेडमिक्स प्रो। संजय पात्रो, डीन एडमिन डोनाल्ड डिसिल्वा समेत कई अन्य शामिल हो रहे हैं।

### अनियंत्रित कार तेलमच्चो पुल से नीचे गिरी, 4 छात्र घायल, एक गंभीर



**महुधा।** धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर तेलमच्चो ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार कार (टाटा हेरियर गाड़ी) अनियंत्रित होकर पलटी खाते हुए पुल से नीचे गिर गई। दुर्घटना में कार पर सवार चार छात्र घायल हो गए। इनमें एक की स्थिति गंभीर है। चारों छात्र गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल प्लस टू चास में पढ़ाई करते हैं। कार चला रहे निखिल कुमार की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बोकारो रेफर कर दिया। वाहन के एयर बैग खुल जाने के कारण निखिल सहित कार पर सवार सभी छात्र खतरे से बाहर हैं।ण्ण्ण्ण्घटना के संबंध में ग्राम रक्षा दल के सदस्य सरयू नापित ने बताया कि चारों छात्र निजी वाहन से धनबाद में किसी कार्यक्रम में भाग लेकर लौट रहे थे। तभी तेलमच्चो ब्रिज पर गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और लुढ़कते हुए लोहे के बेरियर को तोड़ते हुए पुल से नीचे नदी के सतह पर पहुंच गई। वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पाकर महुदा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को बोकारो के किसी निजी अस्पताल में भेजा। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन के माध्यम से तेलमच्चो चेकपोस्ट लाया गया।

### झारखंड बंद निरसा, मैथन व चिरकुंडा में बेअसर



**निरसा/मैथन।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी मूलवासी संगठनों के गुरुवार को झारखंड बंद का निरसा, मैथन व चिरकुंडा क्षेत्र में कोई असर नहीं दिखा। किसी भी अप्रिय घटना से निबटने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा। चौक चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मैथन संजय चौक, चिरकुंडा शहीद चौक, नेहरू रोड मोड़, अंबेदकर चौक आदि स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही गश्ती दल भी सड़क पर गश्त करते देखा गया। क्षेत्र में एग्यारकुंड प्रखंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, निरसा सर्किल इंस्पेक्टर नयनसुख दादेल, मैथन ओपी प्रभारी रजनीश कुमार आदि सक्रिय रहे।

### हाइवा के धक्के से घायल की इलाज के दौरान रिम्स में मौत

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के सिंहनगर में सोमवार की रात हाइवा के धक्के से घायल प्रदीप उर्फ भोमा भुइयां की बुधवार को रांची के रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को परिजन शव लेकर सिंहनगर स्थित आवास पहुंचे। शव देख माहौल गमगीन हो गया। भोमा की पत्नी और बच्चे शव से लिपट कर रो रहे थे। पड़ोसियों ने उन्हें ढांढस बंधाया। स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा गया। इनलोगों का कहना है कि धक्का मारने वाले हाइवा का नंबर पुलिस को बता दिया गया था, लेकिन पुलिस हाइवा मालिक, चालक और ट्रांसपोर्टर के खिलाफ कारवाई नहीं कर रही है। मृतक की पत्नी रो-रोकर कह रही थी कि अब पांच बच्चों की परवरिश कैसे करेगी। हाइवा एशोसिएशन के लोगों ने फिलहाल शव के अंतिम संस्कार के लिए मृतक के परिवार को दस हजार रुपए दिए हैं।

## कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पचांयत, छत्तरपुर

पता :- बारामोड़, छतरपुर, जिला-पलामू, झारखण्ड- 822113

[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

ज्ञापांक– दिनांक–

**इच्छा की अभिवृति (Expressionof Interest (EOI), 2023-24**

नगर पंचायत, छतरपुर अन्तर्गत बाजार परिसर में स्थिति जर्जर व्यापार मंडल भवन को निःशुल्क सुरक्षित DISMANTLE किया जाना है। इच्छुक संवेदक / एजेन्सी कार्यालय के कनीय अभियंता / सहायक अभियंता से सम्पर्क स्थापित करते हुए स्थल जॉचोपरान्त DISMANTLE करने हेतु दिनांक– 15.02.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक लिखित सहमति पत्र सभी कागजातों (ITR, GST अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में जमा कर सकते है। उसी दिन अपराह्न 3:00 नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर में निविदा समिति के समक्ष बन्द लिफाफा खोली जायेगी। लिफाफा समर्पित करने वाले संवेदक / एजेन्सी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि ससमय उपस्थित रह सकते हैं।

कार्यापालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 317614 District (23-24)_D

## NAGARPANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR

Nagar Panchayat Office, Shri Banshidhar Mandir road, Shri Banshidhar Nagar, District- Garhwa.Jharkhand, 822121 PhoneNo.:8969293393 emailID: npsbnagar@gmail.com

(NIT No. 17/2023-24)9th Call

Reference No.-ULB/NIT/SHRI BANSHIDHAR NAGAR SEPTAGE/TENDER/1910/2022/74Date:30-01-2024

**Short Term TenderNotice**

**IMPORTANT INFORMATION**

1. Name of Work:Construction and Commissioning ofF aecal Sludge Treatment Plant of Capacity 6 cum/ day at Shri Banshidhar Nagar town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenan ceincluding desludging operations for 5 years
2. Estimated Cost (INR) — Construction Cost : ₹1,36,52,734/-; Operation & Maintenance Cost : ₹87,57,955/-; Total : ₹2,24,10,689/-
3. Bid Security (INR) : ₹2,24,000/- (Rupees)
4. Cost of Bid Document (INR) : ₹10,000/- (RupeesT en Thousand Only);non-refundable
5. Time of Completion 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defectliability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP
6. Date of e-publication of tender 30-01-2024, 16:00 Hrs
7. Document downloading start Date 30-01-2024, 16:00 Hrs
8. Start date for see king clarification 30-01-2024, 16:00 Hrs
9. End date for see king clarification 07-02-2024, 16:00 Hrs
10. Prebid meeting date,Time & Venue 07-02-2024,13:00Hr sat Chamber of Office of Executive Officer, Nagar Panchayat Office, Shri Banshidhar Nagar Mandir road, Shri Banshidhar Nagar, Distt. Garhwa,Jharkhand–822121.
11. Bid submission end date 16-02-2024, 15:00 Hrs
12. Bid opening date(online) 17-02-2024, 15:00 Hrs

Complete bid document is available on websitehttp://Jharkhandtenders.gov.in and www .garhwa.nic.in other details can be seen in the bid ding documents.

*Bid security1% of Bid amount.

Administrator
Shri Banshidhar Nagar, NagarPanchayat

PR.NO.317549 Urban Development(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 20/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 01.02.2024

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 55/2023-24 | गढ़वा मझिआँव आर0ई0ओ0 रोड से यज्ञशाला होते हुए एस0एस0जे0एस0एन0 महाविद्यालय गढ़वा तक पथ निर्माण कार्य। (5.595 कि0मी0) | 499.223 | चार करोड़ निन्यानबे लाख बाईस हजार तीन सौ रूपये। | 18 महीना |
| 2 | मेराल | RWD/ GARHWA/ 56/2023-24 | गढ़वा मझिआँव राजमार्ग खोलरा से बीरबंधा सीमा तक पथ निर्माण कार्य। (4.260 कि0मी0) | 468.043 | चार करोड़ अड़सठ लाख चार हजार तीन सौ रूपये। | 18 महीना |
| 3 | रंका | RWD/ GARHWA/ 57/2023-24 | एन0एच0–343 सिंगाकला से उचरी होते हुए सेवाडीह मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य। (5.600 कि0मी0) | 622.401 | छः करोड़ बाईस लाख चालीस हजार एक सौ रूपये। | 18 महीना |
| 4 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 58/2023-24 | रामजीत डीलर के घर से पुराना स्टैण्ड पी0डब्ल्यु0डी0 रोड तक पथ निर्माण कार्य। (1.510 कि0मी0) | 180.704 | एक करोड़ अस्सी लाख सत्तर हजार चार सौ रूपये। | 9 माह |
| 5 | रमकण्डा | RWD/ GARHWA/ 59/2023-24 | उदयपुर से सीधाटांड़ मोड़ से लल्हेया तक पथ निर्माण कार्य। (1.510 कि0मी0) | 183.434 | एक करोड़ तिरासी लाख तेतालीस हजार चार सौ रूपये। | 9 माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.02.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 317623 Rural Development(23-24).D

## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन शाखा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :– 96A/भू0अ0, पलामू, दिनांक :– 01.02.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–सेमरी खुर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड़ से रेहला भाया लालगढ़ पथ परियोजना कार्य हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–सेमरी खुर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.0670** एकड़ यानी **0.0271** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–सेमरी खुर्द, थाना सं0–75, कुल रकबा–**0.0670** एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 4 | 76 | रैयती | टांड़ 3 | 0.0200 | मुनी नाथ सिंह पिता नान्हु सिंह | | | | |
| 2 | 4 | 17 | रैयती | टांड़ 3 | 0.0470 | तदैव | | | | |
| | | | | कुल :– | **0.0670** | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंरतण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 317645 (Palamu) 23-24 (D)

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
## NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR

**VERY SHORT TERM TENDER NOTICE NO.- NPC-23/2023-24**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLE TION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नागरिक सुविधा मद | | | | |
| 1 | 07 | Construction of Boundary wall around vivah mandap in Mashihani ward no. 07 | 9,88,250.00 | 19,800.00 | 5,000.00 | 30 DAYS |
| 2 | विभाग का नामः– | | नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉची। | | | |
| 3 | विज्ञापनदाता का नामः– | | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| 4 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थानः– | | प्रकाशन की तिथि से दिनांक–09.02.2024 तक 4:00 अपराह्न तक। स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| 5 | निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थानः– | | दिनांक–10.02.2024, समय– 2:00 बजे अपराह्न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– | | दिनांक–10.02.2023, समय– 2:30 बजे अपराह्न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| 7 | हेल्प लाईन नं0– | | 7004032340 | | | |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 317637 (District)23-24*D

## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन शाखा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :– 96C/भू0अ0, पलामू, दिनांक :– 01.02.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–मलाह टोली, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–53, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड़ से रेहला भाया लालगढ़ पथ परियोजना कार्य हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मलाह टोली, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–53, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.3940** एकड़ यानी 0.1594 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–मलाह टोली, थाना सं0–53, कुल रकबा–**0.3940** एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 3 | 24 | 324 | रैयती | टांड़ 3 | 0.07 | बनारसी महतो वो हरिहर महतो पिता स्व0 चलितर महतो वो विशुनधारी महतो पिता स्व0 सगुनी महतो सा0 मलाह टोली | | | | | |
| 5 | 72 | 327 | रैयती | टांड़ 3 | 0.3240 | नागेसर चौधरी वो दिपेश्वर चौधरी पिता स्व0 महाबीर चौधरी दो अंश वो गणेश महतो पिता नन्हकु महतो एक अंश वो लक्ष्मण महतो पिता बुटु चौधरी एक अंश सा0 मलाह टोली0 | | | | | अंचल अधिकारी, विश्रामपुर के पत्रांक 134, दि0 16.02.2023 के अनुसार इस प्लॉट में कुल 0.580 ए0 भूमि अर्जित हो रही है। जिसमें से 0.2560 ए0 धारा–19 में प्रकाशित हो चुकि है। शेष 0.3240 ए0 भूमि का धारा–11 प्रकाशित की जा रही है। |
| | | | | कुल :– | **0.3940** | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंरतण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.317649 Palamu(23-24):D

## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन शाखा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :– 96B/भू0अ0, पलामू, दिनांक :– 01.02.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–मुरमाखुर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–56, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड़ से रेहला भाया लालगढ़ पथ परियोजना कार्य हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मुरमाखुर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–56, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.2180** एकड़ यानी **0.0882** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–मुरमाखुर्द, थाना सं0–56, कुल रकबा–0.2180 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 48 | 1257 | बकास्त | टांड़ 3 | 0.0300 | कवीरन बीबी पति स्व0 सुकरूदीन अंसारी सा0 मुरमाखुर्द | - | - | - | - | अंचल अधिकारी, विश्रामपुर के पत्रांक 134, दि0 16.02.2023 के अनुसार इस प्लॉट में कुल 0.163 ए0 भूमि अर्जित हो रही है। जिसमें से 0.133 ए0 धारा–19 में प्रकाशित हो चुकि है। शेष 0.03 ए0 भूमि का धारा–11 प्रकाशित की जा रही है। |
| 2 | 75 | 1305 | रैयती | टांड़ 3 | 0.1880 | लक्ष्मनिया देवी पति क्षत्रपति चौधरी, बालेश्वर साव पिता स्व0 रामेश्वर साव वो धनवंती देवी पति रामचन्द्र चौधरी वो रघुनाथ साव वो अशोक साव पिता स्व0 युगेश्वर साव वो वैजनाथ चौधरी पिता सहदेव चौधरी सा0 मुरमाखुर्द | - | - | - | - | अंचल अधिकारी, विश्रामपुर के पत्रांक 134, दि0 16.02.2023 के अनुसार इस प्लॉट में कुल 0.520 ए0 भूमि अर्जित हो रही है। जिसमें से 0.3320 ए0 धारा–19 में प्रकाशित हो चुकि है। शेष 0.1880 ए0 भूमि का धारा–11 प्रकाशित की जा रही है। |
| | | | | कुल :– | **0.2180** | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंरतण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 317647 (Palamu) 23-24 (D)

**किसी की गलतियों पर गुस्सा करने से पहले उसकी परिस्थितियों को एक बार समझने का प्रयास करें : अज्ञात**

## वापसी के आत्मविश्वास से भरा अन्तरिम बजट

**केन्द्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अपने छठे बजट और पहले अंतरिम बजट को पेश करते हुए एक संदेश दिया कि मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आने को लेकर पूरी तरह न सिर्फ आश्वस्त है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था जो रोड मैप उसने अब तक तैयार किया है, उसी पर आगे बढ़ने के लिए भी दृढ़ संकल्प है। इस अंतरिम बजट में यह संदेश भी निहित है कि पूरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी दमदारी से आगे बढ़ रही है और ऐसे ही बढ़ती रहेगी। चूंकि यह अंतरिम बजट था, इसलिए इसमें किसी तरह की लोक लुभावन योजनाओं की घोषणाओं की उम्मीद किसी को भी नहीं थी। वित्त मंत्री ने कहा कि हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखते हुए अंतरिम बजट में किसी तरह की लोकलुभावन घोषणाएं करने से परहेज किया है। हालांकि, बजट में थोड़ी बहुत राहत भी डाली गई है। भाजपा को लग रहा है कि पूरा बजट मोदी सरकार दो माह बाद लोकसभा चुनाव में नया जनादेश लेकर प्रस्तुत करेगी। लेकिन वह भी अंतरिम बजट का विस्तार होगा, जिसमें देश में ह्यविकसित भारतह्व की अवधारणा के साथ देश के आर्थिक विकास का रोड मैप होगा। छोटा होने के बाद भी इस अंतरिम बजट में पूर्ण भावी बजट के संकेत छुपे है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह देश के निर्माण का बजट है। पर यह नहीं कहा जा सकता कि बजट के माध्यम से देश की प्रमुख समस्याओं बढ़ता कर्ज, बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई आदि का निदान हो जाएगा। लेकिन अगर दुनिया के बाकी देशों की अर्थव्यवस्थाओं के संकट के संदर्भ में देखें तो वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने देश की गुलाबी तस्वीर पेश करने का भरपूर प्रयास किया है। यह भी सच है कि देश की विभिन्न आंतरिक और बाहरी समस्याओं के बाद भी भारत की आर्थिकी अपनी चाल से आगे बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार बजट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि लोगों के हाथ पैसा आए। लेकिन पूर्ण बजट में हमे ऐसे प्रावधान देखने को मिल सकते हैं। यूं यह बजट अपने साथ कुछ रिकॉर्ड भी बना गया है। पहला तो देश की दूसरी महिला वित्त मंत्री होते हुए लगातार छठी बार बजट पेश करने का और अपने ही पूर्ववर्ती भाषणों की तुलना में सबसे छोटा यानी 58 मिनट का भाषण देने का कीर्तिमान भी उन्हीं के नाम है।

**वित्त मंत्री ने कहा कि हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखते हुए अंतरिम बजट में किसी तरह की लोकलुभावन घोषणाएं करने से परहेज किया है। हालांकि, बजट में थोड़ी बहुत राहत भी डाली गई है। भाजपा को लग रहा है कि पूरा बजट मोदी सरकार दो माह बाद लोकसभा चुनाव में नया जनादेश लेकर प्रस्तुत करेगी। लेकिन वह भी अंतरिम बजट का विस्तार होगा, जिसमें देश में ह्यविकसित भारतह्व की अवधारणा के साथ देश के आर्थिक विकास का रोड मैप होगा। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह देश के निर्माण का बजट है। पर यह नहीं कहा जा सकता कि बजट के माध्यम से देश की प्रमुख समस्याओं बढ़ता कर्ज, बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई आदि का निदान हो जाएगा। लेकिन अगर दुनिया के बाकी देशों की अर्थव्यवस्थाओं के संकट के संदर्भ में देखें तो वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने देश की गुलाबी तस्वीर पेश करने का भरपूर प्रयास किया है।**

इन दिनों

# 'अंतरिम बजट' गरीब, युवा व नारी को समर्पित



विजय केसरी

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह अंतरिम बजट देश के गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं और नारी शक्ति के उत्थान को समर्पित किया है। सीतारमण ने लोकसभा में छठी बार देश का बजट प्रस्तुत किया है। केन्द्र सरकार अपने अंतरिम बजट के माध्यम से गरीबों को गरीबी से मुक्ति, देश के युवाओं को रोजगार, किसानों के आय में वृद्धि और नारी शक्ति के उतरोतर विकास के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया है। साथ ही 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने यह भी आह्वान किया है कि यह 'गारंटी' का बजट है। नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतिम अंतरिम बजट है। चूंकि 2024 में लोकसभा सहित कई राज्यों में चुनाव होना है। यह अंतरिम बजट समाज के सभी वर्गों के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। अंतरिम बजट में उम्मीद जताई गई है कि महंगाई पर रोक लग पायेगी। सीतारमण ने जोर देकर कहा है कि यह अंतरिम बजट सबका साथ और सबका विकास वाला है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि जुलाई माह के पूर्ण बजट में विकसित भारत का रोड मैप दिया जायेगा। देशवासियों को उम्मीद थी की आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए केन्द्र सरकार माइलेज लेने के लिए कई तरह की छूट की घोषणा करेगी। लेकिन केंद्र सरकार ने ऐसी कोई घोषणा अपने अंतरिम बजट में नहीं की है। इससे प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार देश की अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करना चाहती है। और राजस्व घाटा को कम करना चाहती है। साथ ही 2047 तक भारत को एक विकसित भारत के रूप में तब्दील करना चाहती है। अंतरिम बजट में आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही डायरेक्ट टैक्स में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। पूर्व में जिस तरह सात लाख रुपए तक सालाना आय पर टैक्स नहीं लगता था, वह जारी रहेगा। आयकर दाताओं को उम्मीद थी कि आयकर के छूट स्लैब को बढ़ाया जायेगा, लेकिन नहीं बढ़या गया। इससे मध्यम वर्गीय आयकर दाताओं में थोड़ी निराशा जरूर हुई है। वित्त मंत्री ने अपने बजट में यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि यह अंतरिम बजट है, लोकसभा चुनाव के बाद जब नई सरकार आयेगी, तब पूर्ण बजट में इसकी नई रूप रेखा तय की जायेगी। अंतरिम बजट की खास बात यह है कि जीएसटी कलेक्शन का 26.2 लाख करोड़ का कलेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। यह एक बड़ा लक्ष्य जरूर है, लेकिन देश के उत्तरोत्तर विकास के लिए यह जरूरी भी है। वहीं दूसरी ओर राजस्व घाटा का 5.1 अनुमानित किया गया है। यह घाट जितना काम होगा भारत में विकास उतने ही तेज गति से आगे बढ़ेगा। केंद्र सरकार इस राजस्व घाटे को काम करने में लगी हुई है। अंतरिम बजट में अगले 5 साल में 2 करोड लोगों को मुफ्त आवास दिये जाने की घोषणा की गई है। 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिये जाने की योजना अनवरत जारी रहेगी। संपदा योजना से 38 लाख किसानों को लाभ मिलेगा। बजट में ऐसी आशा जताई गई है। बजट में यह वादा किया गया है कि एक करोड़ लोगों को मुफ्त सोलर बिजली प्रदान किया जायेगा। डेयरी किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। उन्हें कम ब्याज दर पर राशि उपलब्ध कराई जायेगी। तिलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तिलहन के किसानों को मदद किया जायेगा। आंगनबाड़ी केंद्रों और बेहतर ढंग से संवर जायेगा। आंगनवाड़ी केंद्रों को और बेहतर ढंग से सवारने की घोषणा से आंगनवाड़ी में कार्यरत महिलाओं में खुशी देखी जा रही है। वित्त मंत्री सीतारमन ने अपने अंतरिम बजटीय भाषण में यह संकल्प दोहराया कि जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान को गतिशील बनाया जायेगा। वित्त मंत्री के इस घोषणा से उम्मीद है कि देश के किसानों, सीमा की रक्षा कर रहे सैनिकों विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों एवं अनुसंधान के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों को एक गति मिल पायेगी। अंतरिम बजट में 3 करोड़ महिला लखपति दीदी बनाने की लक्ष्य रखा गया है। यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम को कारगर बनाने की दिशा में सरकार का एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है। 1361 मंडियों को सी एन ए एम से जोड़ा जायेगा। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर में अमल चूल परिवर्तन ने बोगियां की भी घोषणा की गई है। यह रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी अच्छी खबर है। वहीं वित्त मंत्री ने विमान कंपनियों द्वारा 1000 विमान खरीदे जाने की घोषणा की है। इस घोषणा से विमान यात्रियों को एक नये विमान से यात्रा करने का सुअवसर प्राप्त हो पायेगा। अंतरिम बजट में यह भी कहा गया है कि अगले 10 सालों में देश में एयरपोर्ट की संख्या दुगनी हो जायेगी। इससे स्वाभाविक है कि एयरपोर्ट की संख्या दुगनी होने से रोजगार सृजन होंगे और लाखों लोगों को इन एयरपोर्टों में काम मिल पायेगा। बड़े शहरों के साथ छोटे शहरों में भी मेट्रो नमो का विस्तार किया जायेगा। इस मेट्रो नमो के विस्तार से छोटे शहर भी बड़े शहरों के समान अपने को विकसित कर पायेंगे। नेचुरल गैस का आयात बढ़ाने की भी घोषणा की गई है। सरकार की यह घोषणा स्वागत योग्य है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में 11% ज्यादा खर्च किये जाने की घोषणा की गई है। निश्चित तौर पर यह घोषणा सराहनीय है। देश के टूरिज्म क्षेत्र के विकास के लिए 0% ब्याज पर लोन दिया जायेगा। यह टूरिज्म के लिए एक बड़ी अच्छी खबर है। इस घोषणा से टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। टूरिज्म क्षेत्र के विकास होने से लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। साथ ही टूरिज्म क्षेत्र के विकास से होने वाले आमदनी से राज्य सरकार और केंद्र सरकार भी आर्थिक रूप से संपन्न भी हो पायेगी। प्रस्तुत अंतरिम बजट पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'विकसित भारत बनाने में यह अंतरिम बजट श्रेष्यकर होगा। ? यह बजट विकसित भारत को समर्पित है। इस बजट से देश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। इस अंतरिम बजट से विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। यह बजट युवाओं की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया है कि अंतरिम बजट के नये संकल्पों को लेकर चलें और वर्ष 2047 में समृद्ध भारत, समर्थ भारत और हर प्रकार से संपन्न भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाएं।



**सीतारमण ने लोकसभा में छठी बार देश का बजट प्रस्तुत किया है। केन्द्र सरकार अपने अंतरिम बजट के माध्यम से गरीबों को गरीबी से मुक्ति, देश के युवाओं को रोजगार, किसानों के आय में वृद्धि और नारी शक्ति के उतरोतर विकास के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया है। साथ ही 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने यह भी आह्वान किया है कि यह 'गारंटी' का बजट है। नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतिम अंतरिम बजट है।**

## आपकी बात

### दौड़ के घोड़े नहीं है बच्चे



देवेश कु.घोष

बच्चों के कोमल मन पर अभिभावकों का कठोर अनुशासन, भारी पर जाता है। संतान को पद, प्रतिष्ठा, पैसा दिलाने की होड़ में किशोर उम्र का अमूल्य जीवन निराशा, दुःख, और असमाधेय प्रतिद्वंद्विता की बली चढ़ रहा है। ऊंची आकांक्षा बहुत अच्छी बात है और यह अभिभावकों और छात्रों के बीच होनी भी चाहिए। ऊंचा से ऊंचा सपना सँजोने से ही कुछ पाया जा सकता है। लेकिन सपना या लक्ष्य एक ही क्यों ? एक जैसा क्यों नहीं ? निर्धारित लक्ष्य नहीं पा सके तो उस परिस्थिति में कोई आपात विकल्प तैयार रखना चाहिए। यह वैकल्पिक व्यवस्था असफलता का आघात सह सकेगा। आई आई टी नहीं तो एन आई टी। एन आई टी नहीं तो कोई अच्छा कॉलेज और यदि अच्छा कॉलेज नहीं तो कोई भी इंजीनीयरिंग कॉलेज। बड़े बड़े कंपनियों में सर्वोच्च पदों पर उन इंजीनीयरों को देखा है जो किसी अति साधारण कॉलेज के छात्र थे और उनके अधीनस्थ, बहुत नीचे, नामी गिरामी आई आई टी के इंजीनीयर कार्यरत थे। कैरीयर बनाने के मूलमंत्र में मेहनत के साथ धैर्य, अविचलित रहना, आशावादी होना और परिस्थिति के साथ समझौता रखने का गुण होना चाहिए। उपरोक्त बातों को बच्चों के मन में डालने का दायित्व अभिभावकों का ही है। यदि अभिभावक अपने बच्चे के लिए लक्ष्य फेवीकोल लगाकर फिक्स कर देते हैं तो असफलता पाने के स्थिति में बच्चा टूट न जाए, इसकी व्यवस्था भी करके रखनी चाहिए। जिस जोशो खरोश में कुछ बड़ा करने का पाठ अभिभावक देते हैं, उतने ही इतमीनान से असफलता पर मरहम लगाने की तैयारी भी होनी चाहिए। यदि संतान को पूरा विश्वास हो की उसके असफल हो जाने पर भी उसकी माँ चूम कर गले लगा कर कहेगी, कोई बात नहीं। फिर मेहनत करना। अगली बार सफल हो जाओगे। बच्चा आश्वस्त हो कि उसके पिता कतई नाराज नहीं होंगे तो अप्रिय घटनाएँ नहीं घटेंगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते समय मन में यही घुमड़ते रहता है कि यदि सफल नहीं हुए तो क्या होगा ? बहुत बुड़ा होगा। किसी को मुंह नहीं दिखा सकूँगा। यदि परीक्षार्थी इन भयानक आशंकाओं से मुक्त रहे और निश्चिंत रहे कि असफल होने पर भी उसे माता ,पिता, अभिभावक, स्वजनों का उपालंभ उसे नहीं मिलेगा, अगली बार बेहतर करने का आशीर्वाद मिलेगा तो उसकी तैयारी भय मुक्त होगी और परिणाम बहुत अच्छा होने के संभावना रहेगी। जिसका उद्देश्य, चाहे जैसे भी हो, सफलता पाना हो, उसे असफलता का भय इतना चिंतित कर देता है की वह अपने कार्य को पूर्ण शक्ति के साथ सम्पन्न नहीं कर पाता है।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

राजनीति

# सहयोगी दलों की भावनाओं को समझे कांग्रेस पार्टी



रमेश सर्राफ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। कांग्रेस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में है। लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा वैसे-वैसे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे। मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। उसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ायी। इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है। ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती। इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडी गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एकतरफा घोषणा से गठबंधन कमजोर पड़ा है। वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पायेंगे। सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही विपक्षी गठबंधन के प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुनः भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है।

**कांग्रेस के चलते विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




बोधि वृक्ष

## प्रेम मंदिर वृन्दावन का इतिहास

**स्थापत्य कलाः** इसके निर्माणकार्य की शुरूआत जनवरी 2001 में हुई थी और इसका उदघाटन समारोह 2012 में 15 फरवरी से 17 फरवरी तक चला था। भव्य युगल विहारालय-प्रेम मंदिर 11 साल के बाद बनकर तैयार हुआ। इसे सफेद इटालियन संगमरमर से तराशा गया है। चटिकारा मार्ग पर स्थित श्रीवृंदावन धाम का यह अद्वितीय युगलावास प्राचीन भारतीय शिल्पकला की झलक भी दिखाता है। इस अद्वितीय श्रीराधा-कृष्ण प्रेम मंदिर का लोकार्पण 17 फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार व प्रेम कीर्तन के साथ किया गया। प्रेम मंदिर 125 फुट ऊंचा, 122 फुट लम्बा और 115 फुट चौड़ा है। इसमें खूबसूरत उद्यानों के बीच फव्वारे, श्रीराधा कृष्ण की मनोहर झझंकियां, श्रीगोवर्धन धारण लीला, कालिया नाग दमन लीला, झूलन लीलाएं सुसज्जित की गई हैं। प्रेम मंदिर के बाजू में ही एक 73,000 वर्ग फीट के पिल्लर का निर्माण किया गया है, जहाँ एक साथ-एक ही समय 25,000 लोग जमा हो सकते है। मंदिर की दीवारों का निर्माण भी कठोर इटालियन संगमरम से ही किया गया है, जो 3.25 फीट मोटी है। साथ ही गरभा-गृह के दीवार की मोटाई 8 फीट है, जिसने पुरे शिखर, स्वर्ण कलश और ध्वज के वजन को संभाल रखा है। मंदिर में लगाये गये पैनल को श्रीमद् भगवत गीता से लिया गया है।

**वास्तुकला :** प्रेम मंदिर वास्तुकला के माध्यम से दिव्य प्रेम को साकार करता है। दिव्य प्रेम का संदेश देने वाले इस मंदिर के द्वार सभी दिशाओं में खुलते हैं। मुख्य प्रवेश द्वारों पर अष्ट मयूरों के नक़्काशीदार तोरण बनाये गये हैं। पूरे मंदिर की बाहरी दीवारों पर श्रीराधा-कृष्ण की लीलाओं को शिल्पकारों ने मूर्त रूप दिया गया है। **(क्रमशः)**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# इनफ्रास्ट्रक्चर पर जोर विकसित भारत की ओर



किशन भावनानी


**वैश्विक** स्तर पर भारत पूरी दुनियां में तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में विख्यात हो चुका है, जिसने ब्रिटेन को पछाड़कर पूरी दुनियां की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, अब दुनियां की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रही है और भारत अपना विजन बन चुका है कि 2047 के पूर्व दुनियां की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाना है। अर्थव्यवस्था नंबर वन बनना, याने विकसित भारत का पर्याय माना जाता है और अर्थव्यवस्था का नंबर वन बनने के लिए सबसे सटीक आधार हमारा वार्षिक बजट है जिसके आधार पर पूरी आर्थिक व्यवस्था का रोडमैप दर्ज होता है। चूंकि 1 फरवरी 2024 को माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा अंतरिम बजट पेश किया गया है, इसलिए कि लोकसभा चुनाव संभावित तौर पर अप्रैल 2024 में हो सकते हैं और 17वीं लोकसभा का यह आखिरी बजट है, इसलिए ही अंतरिम बजट पेश किया गया है। फिर पूर्ण बजट संभावित जुलाई 2024 में लाया जा सकता है। फिक्की के एक कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री पहले ही इशारा दे चुकी है कि यहअंतरिम बजट है, इसलिए इस पर अधिक उम्मीदें नहीं लगाना चाहिए। यह लेखा-जोखा का चार माह का हिसाब किताब तैयार करना है और कुछ जरूरी संशोधनों को लाना है, फिर जुलाई 2024 में पूरी तरह से विचार विमर्श कर अनेक स्कीमों सुविधाओं को सम्मिलित करने के लिए अनेक योजनाओ की घोषणा और स्कीम सम्मिलित की गई है उनके कहने का सटीक परिणाम हमने आज देख लिया है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरिम बजट 1 फरवरी 2024 में लोकसभा चुनाव 2024 के दबाव का अंशका प्रभाव नहीं दिखनें को रेखांकित करना जरूरी है साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2024 को घोषित बजट की मुख्य बातों की करें तो, वित्त मंत्री ने कहा कि इस बजट में हमारा 4 जातियों पर फोकस है। उन्होंने कहा कि महिला, गरीब, युवा और किसान ही हमारे फोकस में हैं। सरकार ने इस बार आयकरदाताओं को कोई राहत नहीं दी है।

**फिक्की के एक कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री पहले ही इशारा दे चुकी है कि यहअंतरिम बजट है, इसलिए इस पर अधिक उम्मीदें नहीं लगाना चाहिए। यह लेखा-जोखा का चार माह का हिसाब किताब तैयार करना है।**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्सएप ग्रुप चैट में आसानी से ढूंढें अपना मैसेज

मैसेजिंग ऐप की श्रेणी में सबसे आगे चल रहे व्हाट्सएप ऐसे ही आगे नहीं है, क्योंकि इसके पीछे यह रीजन है कि इसके क्रिएटर लगातार इसमें नये फीचर्स ऐड करते रहते हैं ताकि अपने यूजर्स को लगातार बढ़िया एक्सपीरियंस वह करा सकें। अभी हाल ही में व्हाट्सएप ने एक नया फीचर पेश किया है जिससे आप आसानी से किसी ग्रुप चैट में अपने पर्सनल मैसेज को पिन करके हाईलाइट कर सकते हैं। बता दें कि ग्रुप चैट में अक्सर धड़ल्ले से मैसेज आते रहते हैं और आपका मैसेज कहीं खो जाता है। ऐसे में लगातार स्क्रॉल करके आपको अपना मैसेज सर्च करना पड़ता है। अब इस समस्या को ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप ने मैसेज को पिन करने का ऑप्शन दिया है, जिससे आप अपने मैसेज को पिन करके हाईलाइट कर पाएंगे।



**आईए जानते हैं कि आप कैसे अपने मैसेज को पिन करके हाईलाइट कर सकते हैं**

सबसे पहले बता दें कि यह सुविधा एंड्रॉयड और आईओएस डिवाइस दोनों में दिया जा रहा है। इसके साथ ही आप डेस्कटॉप और वेब दोनों ही वर्जन में इसका उपयोग कर सकते हैं। इतना ही नहीं आप टेक्स्ट, पोल, इमोजी इमेज सभी को यह सपोर्ट करता है। किसके लिए आपको कुछ ज्यादा नहीं करना है बल्कि किसी भी ग्रुप चैट में जाकर आपको अपने मैसेज को लंबे समय तक प्रेस करना रहता है। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

हेमंत सोरेन को मिला तेजस्वी का साथ, कहा-

# भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी

**एजेंसी। पटना**

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजद के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का साथ मिला है। तेजस्वी ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि अहंकार से चूर भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार की देर रात अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि बिहार, चंडीगढ़ और अब झारखंड। भाजपा ने एक ही हफ्ते में लोकतंत्र और संघवाद को तार-तार कर दिया। उन्होंने आगे लिखा कि चुनाव में हार के डर से जांच एजेंसियों की निष्पक्षता खत्म कर एजेंसियों को बीजेपी का प्रकोष्ठ बनाकर, केंद्र सरकार क्या-क्या कर रही है अब यह बात किसी से छुपी नहीं है।



### झारखंड में भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा आया सामने

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने झारखंड मामले को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आ रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि झारखंड के साहसी योद्धा हेमंत सोरेन भाजपा के आदिवासियों और आदिवासी क्षेत्रों की रक्षा के लिए सदैव बचनबद्ध रहे हैं और भाजपाई भ्रष्ट राजनीतिज्ञों व पूंजीपतियों के सामने इसलिए दीवार बनकर खड़े रहे, जिससे झारखंड को शोषण से बचाया जा सके। इसीलिए उनके साथ ऐसा बुरा व्यवहार किया जा रहा है। ये झारखंड के जनमत का अपमान है। इसीलिए हर एक झारखंड निवासी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट डालेगा और भाजपा को ऐतिहासिक पराजय का सामना करना पड़ेगा।

## दृष्टिबाधित छात्रा की आत्महत्या की आंतरिक समिति करेगी जांच

**कोलकाता।** कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के दो छात्रों पर उसी विश्वविद्यालय की एक दृष्टिबाधित छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। इस मामले में जेयू के अधिकारियों ने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) को जांच करने का निर्देश दिया है। दो आरोपी छात्रों में से एक को विश्वविद्यालय अधिकारियों ने पहले ही निर्देश दिया है कि जब तक पैनल मामले में अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट नहीं दे देता, तब तक वह जेयू परिसर में प्रवेश न करे। आरोपी छात्र भी दृष्टिबाधित है। विश्वविद्यालय अधिकारियों के फैसले के अनुसार, पैनल 12 फरवरी को मामले पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट देगा। इसके एक महीने बाद समिति की फाइनल रिपोर्ट सामने आने की उम्मीद है।

# रास चुनाव को लेकर जोड़तोड़ शुरू जदयू को हो सकता है नुकसान

**बिहार में छह सीटों के लिए 27 फरवरी को हो रहे द्विवार्षिक चुनाव के लिए आठ फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी**



**एजेंसी। पटना**

बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद अब सभी दल राज्यसभा चुनाव को लेकर जोड़-तोड़ में जुट गए हैं। बिहार में छह सीटों के लिए 27 फरवरी को हो रहे द्विवार्षिक चुनाव के लिए आठ फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। राज्यसभा के लिए विधानसभा में विधायकों की संख्या पर गौर करें तो इस बार भाजपा को एक सीट का लाभ होगा, जबकि जदयू को एक सीट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। विधानसभा की संख्या बल के आधार पर भाजपा दो, जदयू एक और राजद दो सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार को आसानी से जीत दिलवा लेंगे, लेकिन छठी सीट के लिए दलों को अपने सहयोगियों के भरोसे रहना होगा। जदयू में पुराने समाजवादी नेता वशिष्ठ नारायण सिंह और अनिल हेगड़े का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और अशफाक करीम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह व भाजपा के सुशील कुमार मोदी शामिल हैं। संख्या बल के हिसाब से राजद की दोनों सीटें बरकरार रह जाएंगी, लेकिन कांग्रेस को अपनी एक सीट बचाने के लिए विपक्षी दलों के आसरे रहना होगा। भाजपा को एक सीट का लाभ होगा।

## प्राथमिक शिक्षकों के भर्ती पैनल को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ प्राइमरी एजुकेशन (डब्ल्यूबीबीपीई) के साल 2022 में सरकारी स्कूलों में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती के लिए घोषित पैनल को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। 10 उम्मीदवारों के एक समूह ने बुधवार को घोषित 9,533 उम्मीदवारों के पैनल को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी। याचिका को न्यायमूर्ति मंथा ने स्वीकार कर लिया है और मामले पर शुक्रवार को सुनवाई होने की उम्मीद है। हाल ही में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी मामले न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली की बेंच से न्यायमूर्ति मंथा की बेंच में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। सितंबर 2022 में, डब्ल्यूबीबीपीई ने राज्य संचालित स्कूल में कुल 11,758 प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अधिसूचना दी। बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड) और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड) दोनों के उम्मीदवार इन पदों के लिए पात्र होंगे।

## एक नजर

### कच्छ में भूकंप से हिली धरती, कोई हताहत नहीं

**कच्छ (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ क्षेत्र में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिससे लोग घबराकर घरों से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप सुबह 8:06 बजे आया। जिसका केंद्र अक्षांशीय और देशांतरीय रूप से क्रमशः 24.27 और 70.21 दर्ज किया गया। भूकंप की गहराई 15 किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप से किसी नुकसान या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### गुना के मंदिर में तोड़फोड़ लोग सड़कों पर उतरे

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले के एक मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। यह बात सामने आने पर गुरुवार को स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और दोषियों की तलाश कर कार्रवाई की मांग करने लगे। मिली जानकारी के अनुसार, गुना के बमोरी के बाहरी इलाके में एक शिव मंदिर है। इस शिव मंदिर में असामाजिक तत्वों ने बुधवार की देर रात तोड़फोड़ कर दी और शिवलिंग को भी उखाड़ दिया। गुरुवार को यह जानकारी जब स्थानीय लोगों को लगी तो वे सड़क पर उतर आए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। बढ़ते तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उन लोगों को खोजा जा रहा है जो इस घटना को अंजाम देने वाले हैं।

### केंद्रीय बजट को अखिलेश ने बताया 'भाजपा की विदाई' कांग्रेस बोली निराशाजनक

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी अंतरिम बजट पेश किया। इस बजट को लेकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस ने अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दी है। अखिलेश यादव ने इसे भाजपा की विदाई का बजट बताया है। कांग्रेस ने बजट को निराशा जनक बताया है। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है।

# केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य : मुख्यमंत्री

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। सीएम ने कहा कि सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लायेगी, जिसके तहत किराये के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है सीएम ने कहा कि बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नये रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आयेगी।




### सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने की बजट की तारीफ

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे भारत श्रेष्ठ और समृद्ध होगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही देश को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं। अब तक आयुष्मान योजना से छह करोड़ लोग लाभ ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा सदन में पेश अंतरिम बजट में भारत के श्रेष्ठ होने की झलक दिख रही है। देश में सोलर पैनल लगाने का काम किया जाएगा और तीन करोड़ दीदी को लखपति बनाया जाएगा। इस बजट से भारत श्रेष्ठ और समृद्ध होगा। बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता विजय कुमार सिन्हा ने इस अंतरिम बजट को विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने वाला बजट बताया। सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार के पेश अंतरिम बजट में गांव के विकास पर जोर, सोशल जस्टिस सरकार की प्राथमिकता और समावेशी विकास में राज्यों की भागीदारी का समावेश किया है।

### बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और रोजगार को बढ़ाने वाला बजट : नित्यानंद राय

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की और प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है और इस बजट से यह बजट ऐतिहासिक है। इतना ही नहीं यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला है। नित्यानंद राय ने कहा कि बजट गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं की उन्नति वाला बजट है, जिसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने में यह बजट हितकारी साबित होगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने आगे कहा कि इस बजट में गांव के गरीब महिलाओं का खास तौर पर ध्यान रखा गया है। राय ने केंद्र सरकार के लखपति दीदी योजना की सराहना करते हुए कहा कि कुछ ही महीनों में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बना दिया गया है और सरकार ने लक्ष्य रखा है कि आने वाले दिनों में यह आंकड़ा 3 करोड़ को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में जिस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को फोकस किया गया है, वह ऐतिहासिक है। बजट में 11 लाख करोड़ से ज्यादा रकम इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में आवंटित किया गया है और इससे रोजगार तो मिलेगा ही, बुनियादी ढांचे को मजबूती भी मिलेगी।

### केंद्रीय बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प का दर्पण : तारकिशोर प्रसाद

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आज संसद में पेश किये गये केंद्रीय बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा के यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प का दर्पण है। इस बजट में सभी वर्गों के लिए प्रावधान किए गए हैं। यह देश के मध्यम वर्ग, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में सम्मान और समृद्धि लाने का बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में लखपति दीदियां, ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था, मुद्रा योजना, ब्लू इकोनामी, स्किल इंडिया जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान हैं। सभी वर्गों के लिए बजट में समुचित प्रबंध किए गए हैं। आम जनमानस के लिए यह बजट काफी अच्छा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत बनाने में केंद्रीय बजट महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

## लोस चुनाव से पहले बंगाल में 45 आईपीएस का तबादला

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल सरकार ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बुधवार को राज्य में आईपीएस अधिकारियों के बड़े फेरबदल की घोषणा करते हुए एक ही बार में 45 अधिकारियों का तबादला कर दिया। सबसे महत्वपूर्ण स्थानांतरण अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के पद पर था, जहां अनुभवी आईपीएस अधिकारी और मौजूदा एडीजी (खुफिया शाखा) मनोज कुमार वर्मा ने जावेद शमीम की जगह ली, क्योंकि बाद में उन्होंने एडीजी (खुफिया शाखा) का पदभार संभाला। एक और महत्वपूर्ण स्थानांतरण बशीरहाट जिला पुलिस अधीक्षक जे. थॉमस के पद पर था, जिन्हें इस्लामपुर के पुलिस अधीक्षक के रूप में स्थानांतरित किया गया है। थॉमस को राज्य पुलिस के विद्रोह विरोधी बल के पूर्व अधीक्षक द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। चर्चा है कि थॉमस के तबादले का हाल ही में संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हुए हमले से कुछ संबंध है, जो बशीरहाट जिला पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है।

**महत्वपूर्ण स्थानांतरण अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के पद पर था, जहां अनुभवी आईपीएस अधिकारी और मौजूदा एडीजी (खुफिया शाखा) मनोज कुमार वर्मा ने जावेद शमीम की जगह ली, क्योंकि बाद में उन्होंने एडीजी (खुफिया शाखा) का पदभार संभाला।**

हालांकि, राज्य सरकार के अधिकारियों ने तबादलों को रूटीन ट्रांसफर बताया है। राज्य प्रशासन के सूत्रों ने कहा कि उनमें से अधिकांश तीन साल या उससे अधिक की अवधि से अपनी पिछली पोस्टिंग पर थे। नियमों के मुताबिक, किसी भी चुनाव के पहले चाहे वह लोकसभा का हो या राज्य विधानसभा का, किसी विशेष पोस्टिंग पर तीन साल या उससे अधिक पूरा करने वाले अधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य है।

## अंतरिम बजट खजूर के पेड़ जैसा : कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट पेश किया। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस बजट की तुलना खजूर के पेड़ से की है। कमलनाथ ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है, बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर। पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर। मोदी सरकार के आज पेश किए गए अंतरिम बजट की स्थिति कुछ ऐसी ही है। हमें आशा थी कि चुनाव से पूर्व के इस बजट में वित्त मंत्री बताएंगी कि प्रधानमंत्री ने जो हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था उस हिसाब से 20 करोड़ रोजगार देने का टारगेट कहीं पहुंचा भी या नहीं? कमलनाथ ने मध्यवर्ग की उम्मीदों का जिक्र करते हुए कहा मध्यमवर्ग को आशा थी कि सरकार इनकम टैक्स स्लैब में कोई छूट देगी, लेकिन एक बार फिर से अपना जन विरोधी चेहरा सामने लाते हुए मोदी सरकार ने आयकर में कोई छूट नहीं दी। मोदी सरकार ने वादा किया था कि 2022 में किसानों की आमदनी दोगुनी कर दी जाएगी लेकिन आज 2024 के बजट में भी किसानों के पक्ष में एक ढंग की बात भी सरकार नहीं बोल



### आत्मनिर्भर और विकसित भारत विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने जा रहा है : सिंधिया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट की तारीफ करते हुए कहा है कि इसका संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत, विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने जा रहा है। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह एक संदेश है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में प्रगति और विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है जो आने वाले वर्षों में विश्व के तीसरे नंबर की आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने जा रहा है।

सकी। युवाओं और महिलाओं का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा कि बजट में युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों और जवानों के लिए कुछ भी नहीं है। सरकार ने देश के आर्थिक विकास का कोई खाका पेश नहीं किया है और जो बातें कही गई हैं, वह 15 और 20 साल दूर की बातें हैं। यह बजट नहीं है, सिर्फ एक झुनझुना है।

## एटीएम काटकर चोरों ने उड़ा लिए 23 लाख



**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात बेखौफ चोरों ने गुरुवार को तड़के एक एटीएम को गैस कटर से काटकर 23.50 लाख रुपए से ज्यादा की राशि चोरी कर फरार हो गए। इस मामले की जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नरैनिया शाखा के पास की है। बैंक की शाखा के नीचे ही एटीएम है। पुलिस सीसीटीवी से फुटेज खंगाल रही है। घटना की सूचना मिलते ही बैंक के अधिकारियों ने जांच की और मीरगंज थाने की पुलिस को सूचना दी गयी। जिलाधिकारी मो. मकसूद आलम और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई राशि बरामद कर ली जाएगी। मामले की जांच और चोरों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

## तेलंगानाकेसीआर ने विधायक पद की शपथ ली



**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को राज्य विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। पिछले साल दिसंबर में कूल्हे के फ्रैक्चर के बाद वह पहली बार विधानसभा परिसर में आए और विधायक के रूप में शपथ ली। यह सर्जरी के बाद वह पहली बार सार्वजनिक रूप से बाहर निकले हैं। विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने शपथ दिलाई। तहसीलदार, जैसा कि राव को लोकप्रिय रूप से जाना जाता है, को छड़ी के सहारे विधानसभा भवन में प्रवेश करते देखा गया। बीआरएस नेता के साथ राज्यसभा सदस्य जे. संतोष कुमार भी थे। बीआरएस सुप्रीमो का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में बीआरएस नेता विधानसभा परिसर में एकत्र हुए थे। केसीआर दिसंबर में आयोजित नई विधानसभा के पहले सत्र में भाग नहीं ले सके क्योंकि हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद वह बिस्तर पर थे। सत्र के दौरान केसीआर को छोड़कर सभी विधायकों ने पहले ही शपथ ले ली थी।

## पीएम के दौरे की तैयारियों की ली जानकारी



**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि 6 फरवरी को राज्य में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा, "हम प्रधानमंत्री के सामने पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों की सूची पेश करेंगे। जनसभा में 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे। सरकार द्वारा आयोजित जनसभा दक्षिण गोवा के मडगांव में होगी। प्रधानमंत्री दक्षिण गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सावंत ने कहा कि प्रधानमंत्री कुल सात परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सावंत ने कहा, प्रधानमंत्री कुनकोलिम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के नए परिसर, डोनापुला में भारतीय जलक्रीड़ा संस्थान, बेटिम में नेवी कॉलेज और कचोरेम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, रीस मैगोस किले में रोपवे और 100 एमएलडी संयंत्र की नींव रखेंगे। सलाउलिम बांध और पणजी के पैटो प्लाजा में 3डी बिल्डिंग का शिलान्यास भी करेंगे।

## मप्र में 30 दिन में नामांतरण नहीं तो होगा निलंबन

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में सरकार के तेवर तल्ख हैं। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व नामांकन, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि के भीतर करें। ग्वालियर में हुई संभागीय समीक्षा बैठक में राजस्व मंत्री वर्मा ने निर्देश दिए कि निराकरण के लिए पटवारी के साथ नायब तहसीलदार, तहसीलदार व एसडीएम भी गांव-गांव पहुंचें। गांव में आम आदमी के द्वार पर बैठकर किसानों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि यदि रजिस्ट्री होने के 30 दिन के भीतर किसी तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने नामांतरण नहीं किया तो वह अपने आप को निलंबित समझें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि प्रदेश के किसी भी किसान को राजस्व संबंधी समस्या के लिए भटकना न पड़े। इसी उद्देश्य से राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। नामांतरण एवं नामांकन व बंटवारा के प्रकरणों में अधिकतम समय-सीमा का इंतजार न करें।



## विकास | सभी के लिए अयोध्या पहुंचना हुआ आसान

# स्पाइसजेट की नन स्टॉप सेवाएं हुई शुरू

**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अयोध्या पहुंचना और आसान हो गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री वीके. सिंह ने आठ शहरों से अयोध्या आने-जाने के लिए स्पाइसजेट की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट की नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में




भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम के नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी एक माह ही हुआ है, लेकिन, इस अल्प अवधि में ही अयोध्या की कनेक्टिविटी देश के इतने महत्वपूर्ण नगरों के साथ होना, अयोध्या के बेहतर भविष्य का संकेत देती है। लोग नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें और अयोध्या की सुंदरता और परंपरा को दुनिया के साथ साझा करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हैं, प्रभु श्रीरामलला से सबकी जुड़ी हैं। हर अयोध्यावासी की एक अभिलाषा थी कि अयोध्या का भी विकास होना चाहिए। आज वह सपना साकार हो रहा है। वास्तव में अयोध्या इसकी हकदार थी। लेकिन, किन्हीं कारणों से अयोध्या की उपेक्षा हुई। आज से 10 वर्ष पहले कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या में भी कोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। पांच सदी पूर्व जो एक कलंक अयोध्या पर लगाने का प्रयास हुआ था, उससे मुक्त होकर भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हो गए, इस सपने को साकार होते देखकर आज पूरी दुनिया प्रफुल्लित है।

## सुब्रमण्यम स्वामी शृंगार गौरी मुकदमे में बनना चाहते हैं पक्षकार

**एजेंसी। वाराणसी**

वरिष्ठ राजनेता और वकील सुब्रमण्यम स्वामी ने पांच महिला वादियों द्वारा दायर श्रृंगार गौरी मुकदमे में पक्षकार बनने के लिए जिला अदालत का दरवाजा खटखटाया है। स्वामी के कानूनी सहयोगी और वकील वैद्युष पार्थ ने कहा, हमने लंबित मुकदमों की प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन किया है। मैं गुरुवार को डॉ. स्वामी की ओर से उन्हें प्राप्त करूंगा और उसके बाद हम पक्ष रखेंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति में, स्वामी ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर की बाहरी दीवार पर मां श्रृंगार गौरी और अन्य देवताओं की पूजा करने के लिए राहत की मांग करते हुए वाराणसी जिला अदालत के समक्ष मुकदमों का एक समूह पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, वाराणसी जिला अदालत में



मुकदमे के नतीजे का सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित मेरे मामले पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए, मैंने इस मुकदमे में पक्षकार बनने का फैसला किया है।"उन्होंने कहा, काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार वहीं होना चाहिए, जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद है। मेरे पास काशी विश्वनाथ (और मथुरा में कृष्ण मंदिर) के लिए अपवाद बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक याचिका लंबित है, जैसा कि राम जन्मभूमि मामले में था।

## एक व्यक्ति ने पत्नी को 12 साल तक हिरासत में रखा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक चौंकाने वाली घटना में, मैसूर जिले के हिरेगे गांव में एक शख्स ने अपनी पत्नी को उसके चरित्र के संदेह में 12 साल तक घर में नजरबंद रखा। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बुधवार रात घर पर छापा मारा और पीड़िता सुमा को बचाया और आरोपी सन्नालैया को भी गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुमा आरोपी की तीसरी पत्नी है। शादी के दिन से ही वह उस पर शक कर रहा था। शादी के पहले सप्ताह में, उसने उसे अपने घर के एक कमरे में बंद कर दिया था। कथित तौर पर उसकी यातनाओं को सहन करने में असमर्थ पहली दो पत्नियों ने आरोपी को छोड़ दिया था। पति ने दरवाजे पर तीन ताले लगा दिए और पत्नी को किसी से बात न करने की चेतावनी दी। उसने उसे घर के बाहर स्थित शौचालय का उपयोग करने से भी मना किया। आरोपी ने इसके लिए कमरे के अंदर एक बाल्टी रखी थी और उसे खुद ही डिस्पोज करता था। इससे आहत पीड़िता के एक रिश्तेदार ने पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया था।



# महिला सशक्तीकरण पर रहा जोर

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि उद्यमिता, जीवनयापन में आसानी और उनके लिए सम्मान के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण ने इन दस वर्षों में गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिये गये हैं। दस वर्षों में उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथेमैटिक्स (स्टेम) पाठ्यक्रमों में लड़कियों और महिलाओं का नामांकन 43 प्रतिशत है - जो दुनिया में सबसे अधिक है। ये सभी उपाय कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी में परिलक्षित हो रहे हैं। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण, जीवनयापन में आसानी और उनके लिए सम्मान को गति मिली है। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए। इसके साथ केन्द्र सरकार ने 'तीन तलाक' को अवैध बना दिया और लोकसभा और राज्य विधानमंडल में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों के आरक्षण को पारित कर दिया है। बजट में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत से अधिक घर महिलाओं को एकल या संयुक्त मालिक के रूप में दिए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का दृढ़ विश्वास है, हमें चार प्रमुख जातियों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। वे हैं, गरीब (गरीब), महिलाएं (महिला), युवा (युवा) और अन्नदाता (किसान)। उनकी जरूरतें, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "जब वे प्रगति करते हैं तो देश प्रगति करता है।" इन चारों को अपने जीवन को बेहतर बनाने की तलाश में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और प्राप्त भी होती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनका सशक्तीकरण और कल्याण देश को आगे बढ़ाएगा।

## आयुष्मान भारत योजना में सभी आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी और हेल्पर्स भी होंगे कवर



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को भी कवर करने की घोषणा की। वित्त मंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हेल्थ सेक्टर में महिलाओं के स्वास्थ्य, सर्वव्यापी इम्यूनाइजेशन प्लेटफॉर्म से लेकर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु कमेटी बनाने, आयुष्मान भारत योजना में आशा बहनों, आंगनवाड़ी कर्मचारी और सहायकों को लाने के निर्णय स्वागत योग्य हैं। डॉ मनसुख मांडविया ने अंतरिम बजट में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सरकार 9-14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए टीकाकरण की घोषणा का भी स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर कहा कि मातृ एवं शिशु देखभाल के लिए विभिन्न योजनाओं को एक व्यापक कार्यक्रम के तहत लाया जाएगा। नए डिजाइन किए गए यू-विन प्लेटफॉर्म को शीघ्रता से तैयार किया जाएगा।

## 40 हजार सामान्य बोगी वंदे भारत मानक में होंगे परिवर्तित

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम लागू करने और 40 हजार सामान्य रेल बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किए जाने की घोषणा की।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम केंद्रीय बजट पेश किया।

इस दौरान उन्होंने भारतीय रेल क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। इनमें पहला- ऊर्जा, खनिज, और सीमेंट कॉरिडोर, दूसरा- पोर्ट कनेक्टिविटी (पत्तन संपर्कता) कॉरिडोर और तीसरा हाई ट्रैफिक डेंसिटी कॉरिडोर शामिल हैं। उन्होंने कह कि मॉडल कनेक्टिविटी सक्षम करने के लिए प्रोजेक्ट की पहचान पीएम गतिशक्ति के तहत की जाएगी। वे लॉजिस्टिक क्षमता में सुधार करेंगे और लागत कम करेंगे। सीतारमण ने कहा कि इन तीन आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी बढ़ेगी और लागत कम होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा, यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम बढ़ाने के लिए 40,000 सामान्य रेल बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा।

## बजट से पहले बड़ी खुशखबरी

### खजाने में आए लाखों करोड़ रुपये

अंतरिम बजट के पहले केंद्र सरकार के लिए अच्छी खबर आई। जीएसटी कलेक्शन का डाटा जारी किया गया है, जिसमें साल दर साल के दौरान 10 फीसदी की उछाल आई है। ऐसे में सरकार के खजाने में लाखों करोड़ रुपये आए हैं। जनवरी में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में 10.4% की बढ़ोतरी के साथ 1.72 लाख करोड़ रुपये की मिले हैं। यह अबतक का दूसरा सबसे अधिक जीएसटी कलेक्शन है। वहीं वित्त वर्ष 2024 के दौरान तीसरी बार जीएसटी का आंकड़ा 1.7 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। वित्त मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जनवरी 2024 के महीने में जुटाए गए जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये हैं। जो पिछले साल के इस महीने की तुलना में 10.4% ज्यादा है। पिछले साल जनवरी में 1,55,922 करोड़ रुपये जीएसटी से कलेक्ट किए गए थे।

**ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन**

अप्रैल 2023-जनवरी 2024 की अवधि के दौरान, संचयी सकल जीएसटी कलेक्शन में साल-दर-साल 11.6% की वृद्धि देखी गई और यह 16.69 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जबकि पिछली समान अवधि अप्रैल 2022-जनवरी 2023 में 14.96 लाख करोड़ रुपये थे।


## क्या होता है अंतरिम बजट



चुनावी साल के दौरान, मौजूदा सरकार पूर्ण केंद्रीय बजट पेश नहीं कर सकती है। इसलिए इसके बजाय वित्त मंत्री एक अंतरिम बजट पेश करते/करती हैं जो एक छोटी अवधि के लिए सरकार के खर्चों और राजस्व को कवर करता है जब तक कि एक नई सरकार निर्वाचित होकर कार्यभार नहीं संभाल लेती। अमूमन अंतरिम बजट आम चुनाव से 2 से 4 महीने पहले पेश किया जाता है। दूसरी ओर, केंद्रीय बजट, सरकार का प्राथमिक वित्तीय विवरण होने के नाते, पूरे वित्तीय वर्ष के लिए होता है। अंतरिम बजट केवल पिछले वर्ष के खर्चों और आय का सार प्रस्तुत करता है।





## स्टार्टअप को टैक्स छूट से जुड़ा बड़ा फायदा




अगर बात की जाए टैक्स प्रपोजल की तो इसके तहत निर्मला सीतारमण ने कोई बदलाव नहीं किए जाने की बात कही है। डायरेक्ट, इनडायरेक्ट और यहां तक इंपोर्ट ड्यूटी तक में की बदलाव नहीं किया गया है। स्टार्टअप्स को मिलने वाले कुछ खास टैक्स छूट की आखिरी तारीख को बढ़ा दिया गया है। साथ ही आईएफएससी यूनिट की ओर से सॉवरेन वेल्थ या पेंशन फंड की तरफ से किए गए निवेशों और कुछ आईएफएससी इकाइयों की कुछ आय पर टैक्स छूट की आखिरी तारीख बढ़ाई गई है। अभी तक यह आखिरी तारीख 31 मार्च 2024 थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है।

## रूफ टॉप सोलर अभियान



इसके तहत एक करोड़ परिवार मुफ्त बिजली का लाभ उठाएंगे, साथ ही सरकार को अतिरिक्त बिजली बेचकर प्रति वर्ष 15 से 20 हजार रुपये की आय भी अर्जित कर सकेंगे।

## टैक्सपेयर्स को मिला ये फायदा





सरकार ने बीते 10 साल में टैक्सपेयर्स को और क्या फायदा दिया, उसकी डिटेल भी वित्त मंत्री के बजट भाषण में देखने को मिली। सरकार ने इनकम टैक्स के असेसमेंट की व्यवस्था को फेसलैस बनाया है। इसका फायदा ये हुआ कि अब कर अधिकारी लोगों को डरा-धमका नहीं सकते हैं। वहीं लोगों के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की सुविधा को भी आसान बनाया है। इतना ही नहीं इनकम टैक्स रिटर्न के रिफंड में लगने वाले 93 दिन के समय को घटाकर अब बस 10 दिन कर दिया गया है। बीते 10 साल में सरकार का टैक्स कलेक्शन बढ़ा है, वहीं इनकम टैक्स फाइल करने वालों की संख्या में 2.4 गुना वृद्धि हुई है।

## आउटस्टैंडिंग डायरेक्ट टैक्स

इतना ही नहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पुराने आउटस्टैंडिंग डायरेक्ट टैक्स डिमांड को वापस लिया जाएगा। इसमें वित्त वर्ष 2010 तक 25,000 रुपये तक के मामले और वित्त वर्ष 2011-2015 के लिए 10,000 रुपये तक के मामले शामिल हैं। पिछले 5 सालों में करदाताओं की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स रिफॉर्म से टैक्सपेयर्स का दायरा बढ़ा है।

## मोदी सरकार में घटा कॉरपोरेट टैक्स दर

मोदी सरकार के 10 साल में सिर्फ आम आदमी को ही नहीं, कॉरपोरेट को भी डायरेक्ट टैक्स में फायदा मिला है। बीते 10 साल में डोमेस्टिक कंपनियों के कॉरपोरेट टैक्स को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत तक लाया गया है। वहीं नई मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों के लिए ये अभी 15 प्रतिशत है।




## उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ का कोष होगा तैयार

सरकार ने उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाने का प्रस्ताव रखा है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि आने वाला समय तकनीकी प्रेमी युवाओं के लिए एक स्वर्णिम युग होगा। सरकार 50 साल तक ब्याज मुक्त ऋण मुहैया कराने के लिए कोष की स्थापना करेगी। इसके माध्यम से लंबी अवधि के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।वित्त मंत्री ने कहा, में ऐसे कार्यक्रम बनाने की जरूरत है जिससे हमारे युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों का संयोजन हो। इस पहल से निजी क्षेत्र को उभरती प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और नवाचार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान: वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया। इसमें उन्होंने राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। पिछले वित्त वर्ष में 5.8 प्रतिशत था।राजकोषीय घाटा एक वित्त वर्ष में सरकार के कुल राजस्व (आय) और कुल व्यय के बीच का अंतर होता है। घाटा होने का कारण है कि सरकार अपनी कमाई से अधिक खर्च करती है।वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि 2021-22 में अपने बजट भाषण में 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से कम लाने की घोषणा के अनुरूप ही राजकोषीय समेकन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

## खबरें खेल जगत की

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन घोषित

### जेम्स एंडरसन-शोएब बशीर को मौका



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

इंग्लैंड ने विशाखापत्तनम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुरुवार को अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। चोटिल जैक लीच की जगह स्पिनर शोएब बशीर को मौका मिला है, जो टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे।

इसके अलावा तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर अनुभवी सीमर जेम्स एंडरसन को टीम में शामिल किया गया है। इंग्लिश टीम ने तीन-स्पिन आक्रमण की अपनी रणनीति जारी रखी है।

टीम में तीन स्पिनर मौजूद हैं, जिनमें टॉम हार्टले, रेहान अहमद और बशीर शामिल हैं, जो मददगार पिच पर भारत की परीक्षा लेंगे। बता दें कि पहला टेस्ट मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लिश टीम पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

**दूसरे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन इस प्रकार है:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, शोएब बशीर, जेम्स एंडरसन।

## हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम घोषित की



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की है। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी को शुरू होगा और 16 फरवरी को समाप्त होगा जबकि राउरकेला चरण 19 फरवरी को शुरू होगा और 25 फरवरी को समाप्त होगा। भारत 10 फरवरी को स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करते हुए, दोनों चरणों में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। टीम की कमान अपने ड्रैग-फ्लिकिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले हरमनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। टीम चयन पर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा हमने सावधानीपूर्वक एक अच्छी तरह से संतुलित टीम का चयन किया है, जिसमें युवाओं के जोश के साथ अनुभवी विशेषज्ञता का मिश्रण है। हमारा लक्ष्य उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम एक एकजुट इकाई बनाना है। उन्होंने आगे कहा इसके अतिरिक्त, यह पेरिस ओलंपिक के लिए हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, सुधार के लिए क्षेत्रों को इंगित करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करता है। हमारा मानना है कि यह प्रतियोगिता हमारे प्रदर्शन को ऊंचा करेगा और हमें आत्मविश्वास के साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा।

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक।

**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह।

**मिडफील्डर :** हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलकंठ शर्मा, रबीचंद्र मोइरंगथेम।

**फॉरवर्ड :** ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल।

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल शेष घरेलू सत्र और डब्ल्यूपीएल से बाहर



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल गर्दन पर त्वचा कैंसर की चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरने के बाद शेष घरेलू सत्र और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से बाहर हो गई हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, चीटल ने बुधवार को इस प्रक्रिया को अंजाम दिया। उन्होंने इससे पहले 2021 में भी त्वचा कैंसर का इलाज कराया था। चीटल ने पिछले साल के अंत में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया, जो कंधे की चोटों के बाद 2019 के बाद उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति थी।

## चोट के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे पृथ्वी शॉ



**कोलकाता।** भारत के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ घुटने की चोट के कारण छह महीने के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें रणजी ट्रॉफी 2023-24 के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। पृथ्वी शॉ को मुंबई की टीम में शामिल करने का निर्णय बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से एक फिटनेस परीक्षण में मंजूरी के बाद आया, जिसमें उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के लिए फिट माना गया था। पृथ्वी शॉ की चोट उस समय लगी जब वह चरम फॉर्म में थे। इंग्लैंड की घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता में 429 रन के साथ रन चार्ट में सबसे आगे थे, जिसमें समरसेट के खिलाफ 153 गेंदों में 244 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी भी शामिल थी। 41 बार की रणजी चैंपियन मुंबई वर्तमान में चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर है।

## हमने मेहमान टीम के बल्लेबाजी से सीख ली है : केएस भरत



**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के 1-0 से पिछड़ने के बाद, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएस भरत ने कहा कि मेजबान टीम ने हैदराबाद में सीरीज के शुरूआती मैच में मेहमान टीम के बल्लेबाजी दृष्टिकोण से सीख ली है और शुक्रवार से एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में शुरू होने वाले दूसरे मैच से पहले स्वीप शॉट्स पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। उप-कप्तान ओली पोप के शानदार 196 रन और नवोदित स्पिनर टॉम हार्टले के 7-62 के दम पर इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में श्रृंखला के शुरूआती मैच में भारत पर 28 रन से रोमांचक जीत हासिल की। उस मैच में इंग्लैंड ने रन बनाने के विकल्प के रूप में स्वीप और रिवर्स-स्वीप पर बहुत अधिक भरोसा किया, जिसका अभ्यास भारतीय बल्लेबाज विशाखापत्तनम में अपने नेट सत्र में कर रहे हैं।

# अमृतकाल के लिए मजबूत बुनियाद है अंतरिम बजट : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी सरकार ने अमृतकाल के लिए मजबूत बुनियाद तैयार की है। उन्होंने कहा कि यह 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में एक कदम है। प्रधानमंत्री का दृढ़ विश्वास है कि हमें चार प्रमुख जातियों गरीब, महिला, युवा, अन्नदाता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि यह अंतरिम बजट इसकी झलक पेश करता है कि आने वाले 5-10 वर्षों में भारत सबसे विकसित देश होगा।

देश में कुछ ही सालों में हवाई अड्डों की संख्या 70 से बढ़कर 149 हो गई है। विपक्ष ने अपने कार्यकाल में कुछ नहीं किया है। उनके लिए श्वेत पत्र लाया जा रहा है। लोगों को पता चल जाएगा कि मौजूदा विपक्षी पार्टियों ने 2014 से पहले देश को कैसे धोखा दिया था।

## बजट सिर्फ झूठ का पुलिंदा: राजेश ठाकुर



अंतरिम बजट पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि बजट सिर्फ झूठ का पुलिंदा है। इसमें कोई सारगर्भित बात नहीं की गयी है। बजट भाषण में इन्फ्रास्ट्रक्चर में तेज विकास बताया जबकि वस्तुस्थिति यह है कि 837 इन्फ्रास्ट्रक्चर औसतन 37 महीने के विलंब से चल रहे हैं। जबकि कुछ प्रोजेक्टस तो 59 महीने के विलंब से है। संसद में पूछे गये प्रश्न में सांख्यिकी मंत्रालय के लिखित उत्तर में यह बात कही गई थी। इसी तरह भाषण में रोजगारों की वृद्धि पर कहा कि ईपीएफओ के आंकड़ों में नवम्बर महीने में पांच प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह गिरावट पिछले चार महीने से जारी है।

## बजट में विकास, विरासत और संकल्प का




बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इस बजट में विकास, विरासत और संकल्प का उल्लेख है। इस बजट में समाज के सभी वर्ग खासकर किसान, युवक, गरीब और महिलाओं को प्राथमिकता देने के साथ विकसित व संपन्न भारत बनाने में सरकार की प्रतिबद्धता भी झलकती है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को आर्थिक समृद्धि, स्थिरता और प्रगति की दिशा में आगे ले जाने के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस जनकल्याणकारी और जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक अभिनंदन है।

## सर्वोदय की सोच का बजट : विरंची



भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ की ओर से 11:00 बजे पूर्वाह्न संसद में प्रस्तुत अंतरिम बजट को सुना गया, जिसमें आर्थिक क्षेत्रों के विशेषज्ञ, सीए, सीएस, शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ, अधिवक्ता, चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जेपी शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह अंतरिम बजट अंत्योदय से सर्वोदय की विकास यात्रा का अंतरिम बजट है।

## विकसित भारत के लक्ष्य वाला बजट : वीडी राम



पलामू के सांसद बिष्णु दयाल राम ने केंद्रीय अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमावेशी है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है।यह अंतरिम बजट सवार्गीण,सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मजबूत आधारशीला का कार्य करने वाला है । यह बजट युवा शक्ति, महिला, किसान, एवं गरीब वर्ग चारों स्तम्भों को सशक्त बनाने का कार्य करेगा। बजट के प्रावधानों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ अब 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे।

# लोकसभा चुनाव की मतगणना तक विश्राम नहीं : डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक



**सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी, सर्वव्यापी भाजपा को बनाएं आधार : मरांडी**
**मोदी जी के प्रयासों के संवाहक बनें : अमर बाउरी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार की शाम भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारियों की परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उपस्थित थे। संचालन प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने और धन्यवाद ज्ञापन गुमला जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी डा. वाजपेयी ने कहा कि नव नियुक्त कमेटी पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 10 वर्षों में एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली। हमें तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाना है इसलिए अब लोकसभा चुनाव की मतगणना तक हमें विश्राम नहीं करना है। प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि नई समिति से नई संभावनाएं हैं।

# केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सीएमपीएफओ के वेब पोर्टल सी-केयर्स को किया लांच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केन्द्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसंधान एवं विकास संगठन सेंटर फॉर डेवलपमेंट आफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडीएसी) द्वारा विकसित और डिजाइन किया गया सी-केयर्स नामक सीएमपीएफओ का वेब पोर्टल गुरुवार को लांच किया। यह पोर्टल सीएमपीएफओ की डिजिटलीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण छलांग है, जिसका लक्ष्य अपने रिकार्ड और कार्य प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे का समाधान करेगा। कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में कोयला क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भविष्य निधि और पेंशन योजनाओं के संचालन के लिए वर्ष 1948 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है।

संगठन वर्तमान में कोयला क्षेत्र के लगभग 3.3 लाख भविष्य निधि अंशदाताओं और 6.1 लाख पेंशनभोगियों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में सीएमपीएफओ भविष्य निधि ग्राहकों और पेंशनभोगियों के दावों का निपटान मैन्युअल रूप से करता है। पोर्टल के लांच के साथ, पीएफ और पेंशन दावों का निपटान अब आनलाइन प्रोसेस और निपटान किया जाएगा। इससे मामले को निपटाने में तेजी, संचालन में पारदर्शिता, बेहतर रिकार्ड प्रबंधन और निगरानी की सुविधा मिलेगी। इससे अंशदाताओं और पेंशनभोगियों में भी विश्वास पैदा होगा। जोशी ने एजुकेशनल कंसल्टेंट्स लिमिटेड, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनसीडीसी) और टाटा स्ट्राइव के सहयोग से कोल इंडिया लिमिटेड की निगमित सामाजिक दायित्व के रूप में की जा रही तीन सीएसआर परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और डिजिटल भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए कोल इंडिया और एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य कोयला धारक राज्यों में 12वीं कक्षा के स्कूलों तक स्मार्ट कक्षाओं और कंप्यूटर प्रयोगशाला के माध्यम से डिजिटल शिक्षा प्रदान करना है। अनुमान है कि 200 स्कूल लाभान्वित होंगे और इस सीएसआर पहल पर करीब 27 करोड़ 8 लाख रुपये व्यय होगा। सरकारी कोयला कंपनियों की सीएसआर पहल के तहत एक हजार स्मार्ट क्लासरूम पहले ही सुसज्जित किए जा चुके हैं। कोलफील्ड के आसपास के समुदायों के युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए कोल इंडिया ने अपनी प्रत्येक सहायक कंम्पनियों में बहु-कुशल विकास संस्थान स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इसका व्यापक उद्देश्य युवाओं को बेसलाइन सर्वे और बाजार की आवश्यकताओं के आधार पर अपेक्षित कौशल से लैस करना है।

# पृष्ठ एक के शेष

**87ए के तहत 7.5 लाख...**
मामलों में इनकम टैक्स से जुड़े 10 हजार रुपए तक के मामलों को वापस लेने का फैसला किया गया है। वित्त मंत्री के अनुसार सरकार की ओर से पुराने विवादों को सुलझाने का कदम उठाने से कम से कम एक करोड़ करदाताओं को फायदा होगा।

**अब पुरानी टैक्स रिजीम को उदाहरण से समझें :** अगर किसी की सालाना इनकम 5 लाख रुपए है। पुराने टैक्स रिजीम में 2.5 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री है। ऐसे में बचे हुए 2.5 लाख रुपए पर उस व्यक्ति पर 5% के हिसाब से टैक्स की देनदारी बनेगी। यानी, उसे 12,500 रुपए टैक्स चुकाना होगा। पर सरकार इस टैक्स को इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत माफ कर देती है। इसमें एक पेंच भी है। अगर आपकी कमाई 5 लाख रुपए से एक रुपए भी ज्यादा हुई तो आपको एक रुपए पर नहीं बल्कि ढाई लाख एक रुपए पर टैक्स चुकाना होगा। अब 2.5 लाख रुपए पर 5% के हिसाब से 12,500 रुपए की टैक्स देनदारी बनेगी। वहीं बचे हुए 1 रुपए पर 20% के हिसाब से टैक्स चुकाना होगा। यानी, 12,501 रुपए टैक्स चुकाना होगा।

**यह बजट 2047 के विकसित भारत की...**
करने की घोषणा के बारे में भी बताया, जिससे देश के विभिन्न रेल मार्गों पर करोड़ों यात्रियों की सुविधा और यात्रा अनुभव में वृद्धि होगी। महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हम एक बड़ा लक्ष्य तय करते हैं, उसे हासिल करते हैं और फिर अपने लिए उससे भी बड़ा लक्ष्य तय करते हैं। उन्होंने गरीबों और मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए गांवों और शहरों में 4 करोड़ से अधिक घरों के निर्माण और 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य बढ़ाने की जानकारी दी। महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए मोदी ने कहा, हमने दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था। अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने गरीबों को सहायता देने, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकताओं को इसका लाभ देने के लिए आयुष्मान भारत योजना की प्रशंसा की। मोदी ने इस बजट में गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए नए अवसर पैदा करके उन्हें सशक्त बनाने पर सरकार का जोर दिया। उन्होंने रूफ टॉप सोलर अभियान का उल्लेख किया, जहां एक करोड़ परिवार मुफ्त बिजली का लाभ उठाएंगे, साथ ही सरकार को अतिरिक्त बिजली बेचकर प्रति वर्ष 15 से 20 हजार रुपये की आय भी अर्जित करेंगे। प्रधानमंत्री ने आज घोषित आयकर छूट योजना का उल्लेख किया जिससे मध्यम वर्ग के लगभग एक करोड़ नागरिकों को राहत मिलेगी। बजट में किसान कल्याण को लेकर लिए गए प्रमुख फैसलों पर मोदी ने नैनो डीएपी के उपयोग, पशुओं के लिए नई योजना, पीएम मत्स्य सम्पदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर तेल बीज अभियान का उल्लेख किया, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होंगे।

**झारखंड में सरकार का संकट...**
राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता, झारखंड विकास मोर्चा (प्र) के प्रदीप यादव और सीपीआई एमएल के विधायक विनोद भी थे। इसके पहले चंपई सोरेन ने गुरुवार दोपहर राज्यपाल को एक पत्र भी लिखा था। इसमें उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद ही मेरे नेतृत्व में सरकार बनाने का दावा पेश किया गया है। हमने 47 विधायकों के समर्थन के दावे और 43 विधायकों की साइन का समर्थन पत्र आपको सौंपा है। 43 विधायक बुधवार को राजभवन के गेट के बाहर भी खड़े थे। पिछले 18 घंटों से राज्य में कोई सरकार नहीं है। इससे असमंजस की स्थिति है। इसलिए आग्रह है कि सरकार बनाने के लिए हमें बुलाया जाए।

**हेमंत सोरेन होटवार जेल भेजे गये...**
की। राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि हेमंत निर्दोष हैं। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने पक्ष रखा। इससे पहले हेमंत सोरेन से बुधवार को सात घंटे से भी ज्यादा चली पूछताछ के बाद ईडी बुधवार रात हिरासत में लेकर राजभवन पहुंची थी। वहां पर हेमंत ने मुख्यमंत्री पद छोड़ते हुए इस्तीफा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सौंपा था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था। इसके बाद राजभवन से निकलते ही ईडी ने उनको गिरफ्तार कर लिया। फिर ईडी की टीम सोरेन को साथ लेकर राजभवन से निकली और सीधे एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय लेकर चली गयी थी।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ईसीआईआर संख्या आरएनजेडओ/25/23 के सिलसिले में की गयी है। ईडी ने यह ईसीआईआर सदर थाने में राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आलोक में की थी। ईडी ने मामले की प्रारंभिक जांच में यह पाया था कि बड़गाई अंचल में डीएवी बरियात के पीछे 8.45 एकड़ जमीन पर मुख्यमंत्री का कब्जा है। इस जमीन की मापी का निर्देश बड़गाई अंचल को उदय शंकर नामक पीपीएस ने दिया था। वह मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद श्रीवास्तव उर्फ पिंटू के साथ प्रतिनियुक्त था।

मामले की प्रारंभिक जांच के बाद ईडी ने मुख्यमंत्री से पूछताछ करने के लिए अगस्त 2023 से समन जारी करना शुरू किया था। मुख्यमंत्री ने ईडी की कार्रवाई को कानूनी चुनौती दी थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट से हाई कोर्ट तक की कानूनी जंग में उन्हें राहत नहीं मिली थी। इसके बाद ईडी ने उन्हें समन के साथ ही चेतावनी भी दी।

**हाई कोर्ट में हेमंत सोरेन की...**
एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हेमंत सोरेन के लिए केस वापस लेने के आइए पर बहस के लिए पांच फरवरी की तिथि निर्धारित की। साथ ही मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के एएसजीआइ एसवी राजू के साथ-साथ हाई कोर्ट के अधिवक्ता एके दास ने पक्ष रखा। इसके पहले हाई कोर्ट की प्रथम पाली में मामले की सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से बदली हुई परिस्थिति में कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दायर करने के लिए हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने के लिए दोपहर 12:00 बजे का समय देने का आग्रह कोर्ट से किया गया था, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि इस मामले को अर्जेंट बता कर बुधवार रात ही रजिस्ट्रार जनरल के सामने इस केस को मेंशन किया गया था। इसके बाद इस केस सुनवाई के लिए गुरुवार को सुबह 10:30 बजे निर्धारित किया गया। इस अर्जेंट बताये जानेवाले केस को आधा अधूरा क्यों दाखिल किया गया। इससे प्रतीत होता है कि यह मामला अर्जेंट नहीं था, इसलिए गुरुवार इस मामले की सुनवाई कोर्ट नहीं करेगी। हालांकि बाद में हेमंत सोरेन की ओर से इस केस को मेंशन करते हुए हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर केस को वापस लेने का आग्रह किया गया था।

**खनिजों के राजा झारखंड के...**
की पंगत में खडा अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

**पलामू में राजनीतिक हलचल तेज :** हेमंत सोरेन के सीएम पद से इस्तीफा देते ही पलामू में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। भाजपा, कांग्रेस, राजद, जेएमएम आदि राजनीतिक दलों के पदाधिकारी तत्काल प्रदेश नेताओं के संपर्क में आकर अग्रिम निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। जिला मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्रों में भी राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है।

**हेमंत ने झारखंड को किया शर्मसार :** भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि बतौर सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड को शर्मसार किया है। सब कुछ जानने के बाद भी जांच एजेंसी से बचने के लिये इधर-उधर भागना तथा अनर्गल आरोप लगाना किसी भी नजरिये से उचित नहीं है। कानून सबके लिये बराबर है।

**फौरन चंपई सरकार का शपथ ग्रहण कराये राजभवन :** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय कुमार चैबे ने कहा कि कांग्रेस, जेएमएम व राजद गठबंधन के पास स्पष्ट बहुमत है। गठबंधन को 47 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। राज्यपाल को अविलंब चंपई सोरेन को सीएम पद का शपथ ग्रहण कराते हुये नयी सरकार का गठन करना चाहिये।

**देश को विपक्ष विहीन करना चाहती है भाजपा :** राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि सत्ता के मद में चूर भाजपा पूरे देश को विपक्ष विहीन बनाने पर आमादा है। झारखंड की लोकप्रिय सरकार के मुखिया हेमंत को गिरफ्तार कराना इसका जीता-जागता उदाहरण है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईडी कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ी सीआरपीएफ जवान तैनात




**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बुधवार रात गिरफ्तारी के बाद ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हेमंत सोरेन को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में ही रात में रखा गया। गुरुवार सुबह दो बसों में सवार होकर सीआरपीएफ के जवान ईडी कार्यालय पहुंचे। साथ ही झारखंड पुलिस के जवान भी कैंप बनाकर ईडी कार्यालय के सामने जमे हुए हैं। वाटर कैनन, बज्र वाहन भी ईडी कार्यालय के बाहर तैनात किया गया है। कुछ आदिवासी संगठनों की ओर से झारखंड बंद की सूचना पर पुलिस ने भी यहां पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी कोर्ट में पेश करेगी और पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड की मांग करेगी।

### हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन पहुंचीं ईडी कार्यालय





**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन गुरुवार सुबह ईडी ऑफिस पहुंचीं। उल्लेखनीय है कि ईडी के अधिकारियों ने जमीन घोटाले मामले में हेमंत सोरेन से बुधवार को करीब सात घंटे लगातार पूछताछ की थी। ईडी के अधिकारी पूछताछ के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। ईडी ने लंबी पूछताछ करने के बाद बुधवार शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के पूर्व हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।

### राज्यपाल ने अभी नहीं दिया है समय : प्रदीप यादव

**रांची।** राजभवन से समय मिलने के बाद चंपई सोरेन के नेतृत्व में आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव और सुप्रियो भट्टाचार्य राजभवन गए थे। बाहर आने के बाद प्रदीप यादव ने कहा कि अभी राज्यपाल ने सरकार गठन का समय नहीं दिया है। इस बीच, चर्चा है कि चार्टर्ड प्लेन तैयार है। सत्ता पक्ष के विधायकों समेत 50 नेता कभी भी हैदराबाद रवाना हो सकते हैं।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को झारखंड में करेगी प्रवेश : सोनाल शांति

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को झारखंड में प्रवेश करेगी। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के गोकर्ण से प्रारंभ होकर खारग्राम, तारापीठ, रामपुरहाट, बांसलोई, रतनपुर, बीरभूम, राजग्राम होते हुए पश्चिम बंगाल और झारखंड की सीमा नासीपुर मोड़ से झारखंड के पाकुड़ जिले में प्रवेश करेगी, जहां पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी की ओर से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण किया जाएगा। इसके बाद न्याय यात्रा औपचारिक रूप से झारखंड में प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि नासीपुर मोड़ में राहुल गांधी की ओर से जनसभा को संबोधित किया जाएगा। इसके बाद हिरणपुर होते हुए यात्रा लिट्टीपाड़ा पहुंचेगी, जहां यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। साथ ही कहा कि तीन फरवरी को यात्रा पुनः शहीद स्तंभ गोड्डा से प्रारंभ होगी, जो सरकंडा चौक होते हुए सकरी पहुंचेगी, जहां आदिवासी समाज की ओर से राहुल गांधी का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा कोठिया मोड़ होते हुए शंभुनेश्वर नाथ मोड़ पहुंचेगी जहां आम जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। वहां से चलकर मोहनपुर होते हुए यात्रा देवघर पहुंचेगी जहां राहुल के जरिये बाबा बैजनाथ का दर्शन करने के पश्चात देवघर के टावर चौक से बाबू वीर कुंवर सिंह चौक तक पदयात्रा कार्यक्रम होगा। फिर यात्रा बाबा भीमराव अंबेडकर चौक देवघर से जगदीशपुर बस स्टैंड पहुंचेगी एवं वहां से चलकर धनबाद जिले के हलकट्टा पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा।

### झारखंड में आठ रजिस्ट्रार के तबादले

**रांची।** झारखंड के आठ जिला अवर निबंधकों (रजिस्ट्रार) का ट्रांसफर किया गया है।राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के बाद सभी पदाधिकारियों को नये पदस्थापना वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

**कौन कहां गये**

- मिहिर कुमार का तबादला रांची से हजारीबाग किया गया है।
- वाल्मीकि साहू का तबादला खूंटी से रांची किया गया है।
- उज्ज्वल मिंज का तबादला धनबाद से सरायकेला किया गया है।
- राम जी तिग्गा का तबादला सरायकेला से धनबाद किया गया है।
- संतोष कुमार रजक का तबादला गोविंदपुर से रांची किया गया है।
- ओलीवा एक्का का तबादला रांची से खूंटी किया गया है।
- पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत बालेश्वर पटेल का तबादला गिरीडीह किया गया है।
- निबंधन निरीक्षक स्वेता कुमारी को दक्षिणी छोटानगपुर प्रमंडल भेजा गया है।

### पांच पुलिस अधिकारियों का तबादला

**रांची।** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को पांच पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। सौमित्र पंकज भूषण को बुंडू का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि बुंडू के थाना प्रभारी संजीव कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। इसी प्रकार जगन्नाथपुर थाना में पदस्थापित रामजी कुमार को बुढ़मू के नया थाना प्रभारी बनाया गया है। साथ ही बुढ़मू के तत्कालीन थानेदार कमलेश राय को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है। लोअर बाजार थाना में पदस्थापित एएसआई तारकेश्वर प्रसाद केशरी को नामकुम थाना भेज दिया गया है।

### स्कूल ऐसी कोई प्रथा ना अपनाएं कि बच्चों को शारीरिक दंड सहना पड़े : प्रियंक कानूनगो

**रांची।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सभी राज्यों के स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से देखा जा रहा है कि त्योहारों के उत्सव में बच्चों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। ये उत्पीड़न स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऐसी कोई प्रथा नहीं अपनाएं, जिससे बच्चों को शारीरिक दंड या भेदभाव का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्कूल में रक्षाबंधन के त्योहार के दौरान बच्चों को राखी या तिलक या मेहंदी लगाने की अनुमति नहीं देते हैं और उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से प्रताड़ित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 17 के तहत स्कूलों में शारीरिक दंड निषिद्ध है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### रास के सभापति ने उपसभापति के पैनल का पुनर्गठन किया

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को उपसभापति के पैनल का पुनर्गठन किया। पैनल में 50 प्रतिशत महिला सांसद हैं। आठ सदस्यीय पैनल में अब चार महिला सदस्य हैं, जिनमें भाजपा की रमीलाबेन बेचारभाई बारा, सीमा द्विवेदी, कांग्रेस सांसद डॉ. अमी याज्ञनिक और टीएमसी की मौसम नूर का नाम शामिल है। इसके अलावा उपसभापति पैनल में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के कनकमेदला रवीन्द्र कुमार, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रो मनोज कुमार झा और भाजपा के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डीपी वत्स हैं।

### मोदी ने भारतीय तटरक्षक कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** पीएम ने सभी तटरक्षक कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारत उनकी अटूट सतर्कता और सेवा के लिए उन्हें सलाम करता है। पीएम ने एक्स पोस्ट में कहा, भारतीय तटरक्षक के 48वें स्थापना दिवस पर मैं उनके सभी पर्सनेल और कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। समुद्री सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरण की देखभाल के प्रति उनका समर्पण अद्वितीय है। भारत उनकी अटूट सतर्कता और सेवा के लिए उन्हें सलाम करता है।

### पीएम मोदी आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** पीएम आज शाम 4:30 बजे भारत मंडपम, नई दिल्ली में देश की सबसे बड़ी और अपनी तरह की पहली गतिशीलता प्रदर्शनी - भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। पीएमओ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 संपूर्ण गतिशीलता और ऑटोमोटिव मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा।

### वियतनाम में आग लगने से एक ही परिवार के 3 सदस्यों की मौत

**हनोई।** वियतनाम के हाई फोंग शहर में गुरुवार को आग लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। वियतनाम समाचार एजेंसी ने बताया कि मृतकों में 43 वर्षीय एक महिला और उसकी छह साल की बेटी और आठ साल का बेटा शामिल है। 16 साल की एक और बेटी, जो घर के पिछले दरवाजे से भाग निकली, उसका चेहरा जल गया।

## डीआरडीओ ने ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को कक्षा में सफलतापूर्वक लॉन्च किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि डीआरडीओ ने पीएसएलवी सी-58 द्वारा लॉन्च किए गए पेलोड पर कक्षा की कार्यक्षमता में डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित एक ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। मंत्रालय ने कहा कि ऊंचाई नियंत्रण और सूक्ष्म उपग्रहों को कक्षा में बनाए रखने के लिए 1एन क्लास ग्रीन मोनोप्रोपेलेंट थ्रस्टर की इस परियोजना को मंजूरी दी गई है जिसे बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (विकास एजेंसी) ने विकसित किया है। इसमें कहा गया है कि इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी), बेंगलुरु में पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पीओईएम) से टेलीमेट्री डेटा को जमीनी स्तर के समाधान के साथ वैलिडेट किया गया है और यह सभी प्रदर्शन मापदंडों से अधिक पाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस नवोन्मेषी तकनीक के परिणामस्वरूप कम कक्षा वाले स्थान के लिए एक नॉन-टॉक्सिक और पर्यावरण-अनुकूल प्रणोदन प्रणाली तैयार हुई है। मंत्रालय ने कहा, इस प्रणाली में स्वदेशी रूप से विकसित प्रोपेलेंट, फिल एंड ड्रेन वाल्व, लैच वाल्व, सोलेनॉइड वाल्व, कैटलिस्ट बेड, ड्राइव इलेक्ट्रॉनिक्स आदि शामिल हैं।



गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी। *(फोटो : आईएएनएस)*

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उद्यान उत्सव की शोभा बढ़ाई

# आज से आमजन के लिए खुलेगा अमृत उद्यान

**केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 तक उपलब्ध रहेगी शटल बस सेवा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में उद्यान उत्सव-क की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही शुक्रवार (2 फरवरी) से यह आम लोगों के लिए खुल जाएगा। घूमने-फिरने के शौकीन लोग 2 फरवरी और 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन उद्यान में जाकर अलग-अलग फूलों की खूबसूरती देख सकते हैं।राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि उद्यान उत्सव-1 के तहत राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से 31 मार्च तक जनता के देखने के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां घूमने जा सकेंगे। प्रत्येक सोमवार को रखरखाव के लिए उद्यान आम लोगों के लिए बंद रहेगा।राष्ट्रपति भवन के अनुसार अमृत उद्यान 22-23 फरवरी तथा 1 और 5 मार्च को विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। यह 22 फरवरी को दिव्यांग व्यक्तियों, 23 फरवरी को रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए जबकि 1 मार्च को महिलाओं एवं आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा। ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है और और साथ ही गेट नंबर 35 के बाहर स्थित सेल्फ सर्विस कियोस्क के माध्यम से भी स्लॉट की बुकिंग मुफ्त है। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। आगंतुकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेगी।आगंतुक मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, पर्स, हैंडबैग, पानी की बोतलें और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें ले जा सकते हैं। सार्वजनिक मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा, चिकित्सा सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा।आगंतुकों को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे के बीच छह घंटे के स्लॉट में यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। दो पूर्वाह्न स्लॉट (10 बजे से 12 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में 7,500 आगंतुकों और सप्ताहांत पर प्रत्येक स्लॉट में 10,000 आगंतुकों की होगी। दोपहर के चार स्लॉट (12 बजे से सायं 4 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में प्रत्येक स्लॉट में 5,000 आगंतुकों और सप्ताहांत पर 7,500 आगंतुकों की होगी। दौरे के दौरान आगंतुक 225 साल पुराना शीशम का पेड़, बोनसाई गार्डन में 300 से अधिक बोनसाई (जिनमें से कई दशकों पुराने हैं), म्यूजिकल फाउंटेन, सेंट्रल लॉन में दुर्लभ और विदेशी फूल, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन से गुजरेंगे। थीम गार्डन में 18 किस्मों के 42,000 ट्यूलिप लगाए गए हैं। बाहर निकलने पर उनके लिए फूड कोर्ट होंगे। यहां एक सुंदर सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है।अमृत उद्यान के अलावा लोग सप्ताह में छह दिन (मंगलवार से रविवार तक) राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय भी देख सकते हैं। वे राजपत्रित छुट्टियों को छोड़कर प्रत्येक शनिवार को चेंज-ऑफ-गार्ड समारोह भी देख सकते हैं। उद्यान उत्सव के दौरान स्कूली छात्र संग्रहालय का निःशुल्क भ्रमण कर सकते हैं।

## देश के विकास को समर्पित यह बजट राम राज्य की परिकल्पना को दशार्ता है : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के विकास को समर्पित करते हुए बजट को राम राज्य की परिकल्पना को दशार्ता हुआ बताया है। गुरुवार को जे पी नड्डा ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, " इस बजट में मातृ शक्ति का विजन है तो अंतरिम बजट में किसान, मध्यम वर्ग, महिला से लेकर सभी वर्गों के लिए रूपरेखा बनाई गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है। मैं इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को साधुवाद देता हूं।" उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी बजट विकसित भारत की नींव रखता है। इस बजट में मध्यम वर्ग के लिए घोषित आवास योजना एक क्रांतिकारी कदम है। लखपति दीदी का लक्ष्य बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। एमएसएमई सेक्टर को ग्लोबल बनाया जाएगा। इस बजट में पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जे पी नड्डा ने कहा कि यह बजट सामाजिक कल्याण और देश के विकास को समर्पित है। यह बजट राम राज्य की परिकल्पना को दशार्ता है। इसमें विकसित भारत का संकल्प और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य है। अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना लाए जाने का कदम क्रांतिकारी है। अगले 5 साल में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लगभग 2 करोड़ घर बनाने का निर्णय लिया गया है।

### उत्साहवर्धक है अंतरिम बजट, 2047 तक भारत विकसित देश बन जाएगा : राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरिम बजट को उत्साहवर्धक बताते हुए कहा है कि इससे भविष्य के लिए भी और अधिक आशाएं बनती हैं। उन्होंने दावा किया कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य हासिल करने की उन्हें पूरी उम्मीद है। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि यह अंतरिम बजट बहुत ही उत्साहवर्धक है, इससे आगे के लिए भी और अधिक आशाएं बनती है। उन्होंने आगे कहा कि इस अंतरिम बजट से जो संकेत मिले हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था का जो आकार अभी है उसे देखते हुए उन्हें पूरी उम्मीद है कि 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने वर्ष 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 ट्रिलियन डॉलर के पार कर जाने का भी दावा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

### बजट में मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए कुछ नहीं : कांग्रेस



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए जो अंतरिम बजट पेश किया है, उसमें गरीब और मध्यवर्ग के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बजट भाषण के बाद गुरुवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि अंतरिम बजट नीरस था। इसमें न तो बढ़ती महंगाई रोकने के लिए कोई उपाय सुझाया गया और न ही किसानों के हित की कोई ठोस बात कही गई।कांग्रेस के लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बजट को चुनावी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में सिर्फ जनता को लुभाने की कोशिश की गई है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बजट भाषण के बाद संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी सरकार उद्योगपतियों के लिए काम करती है। यह बजट भी उन्हीं के लिए था। इस बजट से देश के नौजवान, किसान, महिला व मध्यवर्ग को सिर्फ निराशा हाथ लगी है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि बजट का एक बड़ा हिस्सा राष्ट्रपति के अभिभाषण से लिया गया था। यह बजट आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की

## संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीनी शरणार्थी एजेंसी को धन रोकना विनाशकारी होगा : डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी। जिनेवा**



डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के फंड में कटौती के युद्धग्रस्त गाजा में लोगों के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने बुधवार को जिनेवा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, किसी अन्य इकाई के पास गाजा में 2.2 मिलियन लोगों को तत्काल आवश्यक सहायता देने की क्षमता नहीं है। टेड्रोस ने कहा, इस संकट में मानवीय सहायता के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता यूएनआरडब्ल्यूए के लिए धन रोकने के विभिन्न देशों के फैसले के गाजा के लोगों के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा की स्थिति के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ को वहां स्वास्थ्य प्रणालियों और श्रमिकों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जहां भीषण लड़ाई के कारण 100,000 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच प्रतिबंधित है। भारी बमबारी और ईंधन एवं आपूर्ति की कमी के कारण गाजा के अधिकांश अस्पतालों ने पहले ही काम करना बंद कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मध्य गाजा में नासिर अस्पताल बहुत कम कार्य कर रहा है।

## कैबिनेट ने पशुपालन अव-संरचना विकास कोष के विस्तार को मंजूरी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पशुपालन अव-संरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) को 29,610.25 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2025-26 तक अगले तीन वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी। यह योजना डेयरी प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण, मांस प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण, पशु चारा संयंत्र, नस्ल गुणन फार्म, पशु अपशिष्ट से धन प्रबंधन (कृषि-अपशिष्ट प्रबंधन) और पशु चिकित्सा वैक्सीन और दवा उत्पादन सुविधाओं के लिए निवेश को प्रोत्साहित करेगी। भारत सरकार अनुसूचित बैंक और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), नाबार्ड और एनडीडीबी से 90 प्रतिशत तक ऋण के लिए दो साल की मोहलत सहित 8 वर्षों के लिए 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान करेगी। भारत सरकार एमएसएमई और डेयरी सहकारी समितियों को 750 करोड़ रुपये के ऋण गारंटी कोष से उधार लिए गए ऋण की 25 प्रतिशत तक ऋण गारंटी भी प्रदान करेगी। तकनीकी रूप से सहायता प्राप्त नस्ल गुणन फार्म, पशु चिकित्सा दवाओं और वैक्सीन इकाइयों को मजबूत करना, पशु अपशिष्ट से धन प्रबंधन जैसी नए कार्यों को शामिल करने के बाद, यह योजना पशुधन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के उन्नयन में मददगार साबित होगी। यह योजना उद्यमिता विकास के माध्यम से प्रत्यक्ष और अ-प्रत्यक्ष रूप से 35 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन का एक माध्यम होगी और इसका उद्देश्य पशुधन क्षेत्र में धन सृजन करना है। अब तक एएचआईडीएफ ने लगभग 15 लाख किसानों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया है। पात्र लाभार्थियों द्वारा प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन बुनियादी ढांचे में इस तरह के निवेश से इन संसाधित और मूल्य वर्धित वस्तुओं के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। इस प्रकार एएचआईडीएफ में प्रोत्साहन द्वारा निवेश न केवल निजी निवेश को 7 गुना बढ़ा देगा, बल्कि किसानों को जानकारी पर अधिक निवेश करने के लिए भी प्रेरित करेगा, जिससे उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होगी। एएचआईडीएफ ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक 141.04 एलएलपीडी (लाख लीटर प्रति दिन) दूध प्रसंस्करण क्षमता, 79.24 लाख मीट्रिक टन फीड प्रसंस्करण क्षमता और 9.06 लाख मीट्रिक टन मांस प्रसंस्करण क्षमता की आपूर्ति में मददगार साबित हुई है। यह योजना डेयरी, मांस और पशु चारा क्षेत्र में प्रसंस्करण क्षमता को 2-4 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम है।

### फिल्म जगत

## मुझे आर्या का दर्द ऐसा लगता है, जैसे यह मेरा दर्द है : सुष्मिता सेन



**मुंबई।** 'आर्या अंतिम वार' की तैयारी कर रही अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने कहा कि आर्या सरीन के उनके मुख्य किरदार का दर्द उन्हें बहुत निजी लगता है। इंटरनेशनल एमी नामांकित सीरीज अपने शीर्षक चरित्र की यात्रा का अनुसरण करती है, जो एक स्वतंत्र महिला है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए अपनी पूरी ताकत लगाती है। वह अपने पति की हत्या का बदला लेने के लिए माफिया गिरोह में शामिल हो जाती है।उसी पर विस्तार से बताते हुए सुष्मिता सेन ने कहा, "जैसा कि मैं हमेशा कहती हूं कि तीन सीजन तक आर्या का किरदार निभाने से मुझे उसका दर्द महसूस हुआ जैसे कि यह मेरा अपना दर्द हो। जब हमने वे दृश्य फिल्माए, जहां उसके सभी बच्चे वीर और आरू उसके खिलाफ हो गए तो इससे मेरा दिल टूट गया। सीरीज में एक बिंदु ऐसा है, जहां वह पूरी तरह से अकेली महसूस करती है, यहां तक कि परिवार की कमी भी महसूस होती है। "उन्होंने आगे उल्लेख किया, "मुझे लगता है कि यह वास्तव में मेरे मन में आया और मैंने अपने परिवार के प्रति कृतज्ञता महसूस की, और आर्या ने इसे इतनी अच्छी तरह से कैसे संभाला, इससे मुझे प्रेरणा मिली। वह हममें से एक की तरह है, जो अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हर दिन कड़ी मेहनत कर रही है।